✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 26 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 23 जून 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शेयर किया पुनौरा धाम मंदिर की तस्वीर

# बिहार चुनाव से पहले घर-घर जाकर मतदाताओं का किया जायेगा सत्यापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग (ईसी) मतदाता सूची की समीक्षा के दौरान घर-घर जाकर वोटरों का सत्यापन करने की योजना पर गंभीरता से विचार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, यह कदम निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से उठाया जा सकता है। हाल के वर्षों में वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने या गलत तरीके से जोड़े जाने को लेकर कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस समेत कई दलों ने आरोप लगाया है कि आयोग वोटर लिस्ट में हेरफ़ेर कर सत्ताधारी दल को फायदा पहुंचा रहा है। वहीं तमाम राजनीतिक दलों की तरफ से लगाए जा रहे आरोपों पर चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि वे पूरी प्रक्रिया एक तय प्रोटोकॉल और सभी





राजनीतिक दलों की निगरानी में पारदर्शी ढंग से करते हैं। इसके बावजूद आयोग पर मनमाने ढंग से आंकड़े बढ़ाने के आरोप लगाए जाते हैं, जो निराधार हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रणाली को मजबूत और किसी भी तरह की त्रुटि से मुक्त बनाने के लिए, चुनाव आयोग बिहार विधानसभा चुनावों से पहले आगामी मतदाता सूची संशोधन के दौरान मतदाता सूचियों को शुद्ध करने के लिए घर-घर जाकर गहन सत्यापन करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का ऐसा गहन और कड़ा संशोधन पहले भी किया जा चुका है और आखिरी बार ऐसा अभ्यास 2004 में किया गया था। बिहार विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होने की संभावना है। राज्य में राजनीतिक माहौल भी गर्माया हुआ है और ऐसे में वोटर लिस्ट मुद्दा काफी अहम बन चुका है। फिलहाल राज्य में जनता दल (यू), भाजपा और हिंदुस्तानी अवामी मोर्चा का एनडीए गठबंधन सत्ता में काबिज है। वहीं विपक्ष में राजद और कांग्रेस के साथ-साथ कई अन्य दल भी मौजूद हैं। सत्यापन के क्रम में हर घर जाकर मतदाताओं के नाम, पता, उम्र, फोटो आदि की जांच की जाएगी। अगर किसी मतदाता का नाम गलत तरीके से जुड़ा है या हटाया गया है तो उसे ठीक किया जाएगा। नए योग्य मतदाताओं को सूची में जोड़ा जाएगा। मृत या स्थानांतरित हो चुके लोगों के नाम हटाए जाएंगे।

## नया अध्याय लिखेगा कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन पुल : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य को विकसित एवं समृद्ध बनाने की दिशा में एक और अहम कदम उठाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री आज 23 जून को कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन परियोजना के प्रथम चरण एनएच-31 से राघोपुर तक के हिस्से का लोकार्पण करेंगे। इस संबंध में पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री से उद्घाटन को लेकर स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 23 जून राघोपुर दियारा के निवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। दशकों से राजधानी पटना से नावों और पीपा पुल के माध्यम से जुड़े रहने वाले इस क्षेत्र के लोग अब मात्र 5 मिनट में सड़क मार्ग से राजधानी पहुंच सकेंगे। मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि यह पहला स्थायी पुल होगा जो राघोपुर को राजधानी पटना से जोड़ेगा। अब लोगों को मानसून के समय बनने वाले अस्थायी पीपा पुल या नावों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। हर साल बारिश में जब पीपा पुल हटा दिया जाता था तब



यह इलाका शेष राज्य से कट जाता था। अब इस पुल के शुरू होने से सालभर निर्बाध आवागमन संभव होगा, जिससे राघोपुर दियारा के सामाजिक और आर्थिक जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। मंत्री नवीन ने कहा कि इस पुल के माध्यम से न केवल क्षेत्र की जनता को राहत मिलेगी बल्कि व्यापार, परिवहन और निवेश के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह पुल दियारा क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगा और यहां के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाएगा। यह बिहार की आधारभूत संरचना को सशक्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवानिवृत्त बीएसएफ जवान ने की आत्महत्या

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मधुबनी थाना अंतर्गत शास्त्री नगर वार्ड नंबर-3 में रविवार को एक सेवानिवृत्त बीएसएफ जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अर्जुन पांडे के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** मटिहानी थाना क्षेत्र के जगतपुरा गांव में एक युवक को घर से बुलाकर गोली मारकर हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुटी है। हालांकि परिजन अभी घटना के कारणों के बारे में कुछ भी नहीं बता रहे हैं। उनका कहना है बेखौफ अपराधियों ने रंगदारी में हत्या कर दी है। मृतक युवक की पहचान मटिहानी थाना क्षेत्र के जगतपुरा निवासी करण कुमार के रूप में की गई है।

### बिजली का तार गिरने से युवक की मौत

**भभुआ (नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। मजदूरी करने जा रहे एक युवक पर 11 हजार वोल्ट का हाई वोल्टेज बिजली का तार गिर गया जिससे उसकी गर्दन धड़ से अलग हो गई और मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा मुआवजे की मांग की है। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने चैनपुर पथ को घंटों जाम कर दिया। बाद में पुलिस के समझाने-बुझाने पर जाम हटाया गया। घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के शांति निकेतन स्कूल के पास की है। मृतक की पहचान चैनपुर थाना अंतर्गत रूपापट्टी गांव निवासी राजेंद्र राम के रूप में हुई है।

### बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** भारत-नेपाल सीमा पर ठाकुरगंज में तैनात एसएसबी 41 बटालियन की पानीटंकी कंपनी और अनंतराम जोत बीओपी के जवानों ने एक बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान संजय राय के रूप में हुई है। वह बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले के चिरी बंदरपुर के साउथ नसरपुर का रहने वाला है। गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी की टीम ने यह कार्रवाई की है।

### 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिला पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने पुरैनी थाना क्षेत्र के कुख्यात अपराधी केशव यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह कामयाबी बघरा के पास बाबा विशु स्थान के पास वाहन चेकिंग के दौरान मिली। केशव यादव पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। केशव यादव को एक लोडेड देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## महाराष्ट्र वाला खेल बिहार में नहीं होगा : जमा खान

### नीतीश कुमार ही रहेंगे मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अंग्रेजी अखबार को दिए गए इंटरव्यू में चुनाव का रिजल्ट आने के बाद मुख्यमंत्री के चेहरे की बात कहे जाने के बाद से बिहार की सियासत गर्मा गई है। विपक्ष निशाना साध रहा है तो वहीं जदयू नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ने और नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाने का दावा कर रहा है। इस मसले पर कैमूर पहुंचे बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान ने भी अपना रुख साफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा और जीतने के बाद भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। मंत्री जमा खान ने कहा कि पूरा देश जानता है और बिहार की जनता जानती है कि नीतीश कुमार विकास पुरुष हैं। लगातार बिहार में विकास कर रहे हैं। साल 2005 के बाद नया बिहार दिखाई दे रहा है। सभी लोगों ने नेता नीतीश कुमार के काम करने के तौर तरीका को देखा है। आगे आने वाले दिनों में बिहार की तमाम जनता नीतीश कुमार की तरफ देख रही है ताकि विकास तेजी से हो। कल उन्हीं के नेतृत्व में हम लोग चुनाव भी लड़ेंगे और अगला मुख्यमंत्री हमारे नेता नीतीश कुमार ही बनेंगे। कौन क्या बोलता है उस पर हम लोग ध्यान नहीं देते हैं। सभी एनडीए के नेता नीतीश कुमार के चेहरे पर चुनाव लड़ने को और चुनाव जीतने के बाद उन्हें मुख्यमंत्री बनाने पर भी तैयार हैं। महाराष्ट्र का खेल बिहार में नहीं होगा। हम लोग पार्टी के कार्यकर्ता हैं। हम लोगों की चाहत है कि हमारे नेता नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनेंगे। वही होगा जो बिहार की जनता चाहेगी लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही रहेंगे।

## शीघ्र होगा मां जानकी मंदिर का निर्माण : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किये जाने हेतु भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं का डिजाइन तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किये जाने हेतु भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं का डिजाइन अब तैयार हो गया है, जिसे आपके साथ साझा किया जा रहा है। इसके लिये एक ट्रस्ट का भी गठन कर दिया गया है ताकि निर्माण कार्य में तेजी आ सके। उन्होंने कहा कि हमलोग पुनौराधाम में भव्य मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने हेतु कृतसंकल्पित हैं। पुनौराधाम में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण हम सभी बिहारवासियों के लिये गौरव और सौभाग्य की बात है। बता दें कि भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों में बिहार के पुनौरा धाम का एक विशेष स्थान है। पुनौरा धाम जिसे मां सीता की जन्मस्थली माना जाता है, अब भारत के धार्मिक मानचित्र



पर एक नए रूप में उभरने जा रहा है। अयोध्या की तरह यहां भी मां जानकी के लिए भव्य मंदिर निर्माण की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है जो जनआस्था और सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण का प्रतीक बनेगा। बिहार की सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक आस्था का प्रतीक बनने जा रहे पुनौरा धाम जानकी मंदिर का सपना अब साकार होने के करीब है। वर्षों से उपेक्षित रहे इस पवित्र स्थल को अब भव्यता और गौरव का रूप देने की ऐतिहासिक पहल शुरू हुई है। जिस प्रकार अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर राष्ट्र की आस्था का प्रतीक बन रहा है। उसी प्रकार अब मां जानकी के नाम पर भी एक भव्य और दिव्य मंदिर निर्माण की योजना को बिहार सरकार ने हरी झंडी दे दी है। विधानसभा चुनाव में सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में मां जानकी के मंदिर का निर्माण शुरू कर बीजेपी और एनडीए एक बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। खासकर मिथिलांचल और उत्तर बिहार के लोगों को साधने की तैयारी है।

### वज्रपात से दो की मौत, तीन घायल

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में आज अलग-अलग जगहों पर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य तीन झुलस गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सन्हौला प्रखंड के बनियाडीह गांव के पास रविवार की संध्या एक किसान रघुनंदन यादव अपने खेत में काम करवा रहे थे, तभी तेज बारिश शुरु हो गई और इस दौरान अचानक आकाशीय बिजली उसके ऊपर गिर पड़ी जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि कहलगांव प्रखंड के जानीडीह कुलकुलिया गांव में तेज बारिश के दौरान स्नान कर रहे एक युवक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए और वहीं पर दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान उसी गांव के धनंजय मंडल के पुत्र नीरज कुमार के रुप में हुई है। वहीं बगल के पक्कीसराय गांव के पास खेत में काम कर रही तीन महिलाएं बारिश के दरम्यान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से झुलस गई।

## वज्रपात की घटना में वृद्धि पर एनजीटी गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में आकाशीय बिजली गिरने की घटना में बढ़ोतरी हुई है। हाल के वर्षों में वज्रपात से होनेवाली मौतों का आंकड़ा भी बढ़ गया है। यह चिंता का कारण बना हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, साल 2016 के बाद से अब तक राज्य में वज्रपात की चपेट में आने से 2000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने अब इस पर संज्ञान लिया है। एनजीटी ने बिहार में बार-बार बिजली गिरने की घटनाओं का कारण बताकर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और अन्य पक्षों से जवाब मांगा है। एनजीटी ने एक अखबार की रिपोर्ट के हवाले से इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया। इसमें दावा किया गया है कि बिहार में ताड़ के पेड़ों की बड़े पैमाने पर कटाई होने के चलते खराब मौसम के दौरान वज्रपात की घटनाओं में इजाफा हुआ है। एनजीटी के ज्यूडिशियल सदस्य जस्टिस अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की पीठ ने 5 जून को दिए आदेश में कहा



कि रिपोर्ट के अनुसार दर्जनों ऊंचे ताड़ के पेड़ों को गिराया जा रहा है, जिससे बिजली गिरने की घटनाएं अधिक हो रही हैं। नतीजतन मौत के मामले सामने आ रहे हैं। एनजीटी ने सीपीसीबी के अलावा बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय के साथ ही बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग को प्रतिवादी बनाया है। प्राधिकरण ने सभी पक्षों को नोटिस जारी करते हुए मामले की सुनवाई 7 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। सभी पक्षों से जवाब मिलने के बाद अगली सुनवाई की जाएगी। बिहार में साल 2016 में शराबबंदी कानून लागू हुआ था। इसके तहत ताड़ के पेड़ से बनने वाली ताड़ी को भी प्रतिबंधित कर दिया गया। इससे इन पेड़ों का आर्थिक महत्व कम होता चला गया, तो लोगों ने इनकी कटाई शुरू कर दी। हालांकि, राज्य सरकार ताड़ी की जगह ताड़ के पेड़ से बनने वाले नीरा को प्रचारित कर रही है। फिर भी इनकी इन पेड़ों की कटाई नहीं रुक पा रही है। साथ ही, ताड़ी पर बैन लगने से नए पेड़ों का रोपण भी नहीं हो रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार ताड़ के पेड़ों की ऊंचाई अधिक होती है। इस कारण ये आकाशीय बिजली को आकर्षित करते हैं। इससे जानमाल के नुकसान की संभावना कम हो जाती है। ताड़ के पेड़ों की संख्या घटने से अब बिजली के खंभों और अन्य पेड़ों पर ठनका गिरने की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। इससे जानमाल का नुकसान की आशंका भी बढ़ गई है।

## ड्यूटी के दौरान सवारी गाड़ी के झटके से सिग्नल मेंटेनर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बिहिया स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो स्थित जीआरपी पोस्ट के सामने सिग्नल मेंटेनर की मौत हुई है। रविवार को गाड़ी संख्या 63233 सवारी गाड़ी के झटके से रेलवे के सिग्नल मेंटेनर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतक पटना के मनेर थाना क्षेत्र के नगवां गांव वार्ड नंबर-14 निवासी स्वर्गीय द्विज नारायण सिंह के बेटे ज्ञानेश्वर प्रसाद (53) है। वह रेलवे के सिग्नल विभाग के ग्रेड वन में सिग्नल मेंटेनर के पद पर थे। फिलहाल करीब 15 साल से बिहिया स्टेशन पर कार्यरत थे। मेंटेनर ड्यूटी के दौरान बनाही से बिहिया आए और ट्रेन से उतरे। उसी दौरान ट्रेन के झटके से प्लेटफार्म पर ही गिर गए जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी। सूचना पाकर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और उन्होंने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन आरा रेल थाना पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया। रेलवे के कल्याण निरीक्षक पदाधिकारी एकलव्य कुमार जोशी ने बताया कि सवारी गाड़ी के झटके ड्यूटी के दौरान उनकी मौत हो गई। रेलवे विभाग की तरफ से दाह-संस्कार को लेकर 35 हजार रुपए की कल्याण राशि दी गई है।

## चुनाव के बाद नीतीश कुमार ही बनेंगे बिहार के सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** एनडीए में मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी संशय पर उपेंद्र कुशवाहा ने तस्वीर साफ करने की कोशिश की है। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर सफाई देते हुए कहा कि बीजेपी का अपना एक सिस्टम है, उसी के तहत ऐसे बयान दिए जाते हैं लेकिन ये साफ है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव होगा और सरकार बनने पर मुख्यमंत्री भी वही बनेंगे। इसमें कहीं कोई कन्फ्यूजन नहीं है। गया सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने अमित शाह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह



सर्वविदित है कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए चुनाव लड़ेगा। वहीं, अगर चुनाव के बाद हमारे गठबंधन की सरकार बनेगी तो नीतीश कुमार ही बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे, यह फैसला हो चुका है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सेहत को लेकर तेजस्वी यादव के सवाल उठाने पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष मुद्दा विहीन है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को लालू यादव के स्वास्थ्य को भी देखना चाहिए। लालू बीमार है लेकिन फिर भी आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए हैं। जहां तक नीतीश कुमार का सवाल है तो वह रोजाना बिहार के अलग-अलग जगहों का दौरा करते रहते हैं। 16 से 18 घंटे तक काम करते हैं, इसलिए इस तरह की टिप्पणी ठीक नहीं है। दरअसल, पिछले दिनों एक इंटरव्यू में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बिहार के सीएम कैंडिडेट के सवाल पर कहा था कि वक्त बताएगा कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। हालांकि उन्होंने ये जरूर कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए चुनाव लड़ेगा। उनके इस बयान के बाद कयास लगने लगे हैं कि चुनाव बाद बीजेपी अपना सीएम बना सकती है।




# पसराहा में पचास हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले अत्याधुनिक साइलो गोदाम का उद्घाटन आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के खगड़िया जिले के पसराहा में 150 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक साइलो गोदाम का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। इस अत्याधुनिक सुविधा का भव्य उद्घाटन 23 जून 2025 को केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री, सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त राज्य के अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति, स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी इस समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। यह साइलो गोदाम अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है जो अनाज के भंडारण को अधिक सुरक्षित, कुशल और गुणवत्तापूर्ण बनाता है। ऑटोमेटेड सिस्टम और उन्नत तापमान नियंत्रण तकनीक के माध्यम से अनाज को लंबे समय तक खराब होने से बचाया जा सकेगा जिससे अनाज की बर्बादी में उल्लेखनीय कमी आएगी। इस गोदाम की भंडारण क्षमता इतनी व्यापक है कि यह खगड़िया जिले के साथ-साथ आसपास के अन्य जिलों और राज्यों के किसानों की जरूरतों को भी पूरा करेगा। यह परियोजना विशेष रूप से छोटे और मझोले किसानों के लिए वरदान साबित होगी जो अक्सर अपने उत्पादों के सुरक्षित भंडारण की सुविधा से वंचित रहते हैं। इस गोदाम की बदौलत किसान अपने अनाज को सुरक्षित रख सकेंगे और बाजार में सही समय पर बेहतर कीमत प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त गोदाम की बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक परिवहन सुविधाएं सुनिश्चित करेंगी कि अनाज का परिवहन तेज, सुरक्षित और लागत प्रभावी हो। इससे किसानों को अपने उत्पाद को गोदाम तक पहुंचाने में होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। यह परियोजना न केवल किसानों के लिए लाभकारी है, बल्कि खगड़िया और आसपास के क्षेत्रों के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस गोदाम के संचालन से स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे जिससे युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा और क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि बढ़ेगी। इसके साथ ही यह परियोजना केंद्र सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो किसानों की आय दोगुनी करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए है। इस साइलो गोदाम का निर्माण खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने और अनाज के भंडारण में तकनीकी नवाचार को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना बिहार के कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

## महिला सशक्तिकरण एनडीए सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : संतोष सुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण एनडीए सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस तरह से महिलाओं को अधिकार व सम्मान दिया है, वह अतुलनीय है। श्री सुमन ने कहा कि आज बिहार की महिलाएं पूरी एकजुटता से एनडीए के साथ है। इसका नजारा 'महिला संवाद' में साफ तौर पर देखा गया। विगत 18 अप्रैल से 20 जून तक सभी जिलों में 70 हजार जगहों पर हुए 'महिला संवाद' कार्यक्रम से 1 करोड़ 56 लाख महिलाएं जुड़ीं और अपनी बातें रखीं। महिलाओं की यह एकजुटता विपक्ष के लिए परेशानी का सबब है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का एनडीए के साथ यह लगाव अकारण नहीं है। एनडीए सरकार ने ही पहली बार 2006 में पंचायती राज संस्थाओं व 2007 में नगर निकायों में उन्हें आरक्षण तथा 2013 से पुलिस की भर्ती में 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया।

# लालू यादव बिहार के 'गब्बर' : सम्राट चौधरी

## नीतीश कुमार अचेत नहीं सचेत मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को राजद और उसके नेतृत्व पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की तुलना शोले फिल्म के गब्बर सिंह से करते हुए कहा 'लालू बिहार के गब्बर हैं'। उन्होंने कहा कि लोगों को डर है कि कहीं फिर लालू न आ जाए। सम्राट चौधरी ने अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश के विकास के लिए कई ऐतिहासिक फैसले किए हैं। उन्होंने बताया कि सभी पंचायतों में कन्या विवाह भवन बनाए जाएंगे जिसे स्वयं सहायता समूह की दीदियों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इससे रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना सर्वेक्षण किया जा रहा है और इसमें 1 लाख 40 हजार दीदियों को दोहरी भूमिका दी गई है। वहीं, भगवान श्रीराम की तरह सीतामढ़ी में माता सीता के भव्य मंदिर निर्माण की तैयारी भी मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुरू हो चुकी है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि जिन लोगों ने बिहार को लूटा, अब वे विकास को देखकर बौखला गए हैं। उन्होंने लालू प्रसाद यादव पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार के गब्बर सिंह से जनता डरी हुई थी, उनके पूरे परिवार को भ्रष्टाचार में महारत हासिल है जो काम नहीं कर सके, अब वे आलोचना कर रहे हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की जनता अब समझ चुकी है कि कौन विकास कर रहा है और कौन भ्रष्टाचार में डूबा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूरी तरह सक्रिय हैं और सूझबूझ के साथ फैसले ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचेत नहीं सचेत मुख्यमंत्री हैं और जानते हैं कि कौन भ्रष्टाचार कर रहा है और क्या फैसला लेना है। बाढ़ की स्थिति को लेकर सम्राट चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार पूरी तरह तैयार है। सभी जिलों को सतर्क किया गया है और मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आपदा प्रबंधन में कोई कोताही न हो। वहीं, लोजपा(रा) प्रमुख चिराग पासवान द्वारा उठाए गए सवालों पर सम्राट चौधरी ने कहा कि यह प्रक्रिया का हिस्सा है और राज्य सरकार हर जरूरी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार को आगे ले जाने का संकल्प लिया गया है और इसमें जनता का समर्थन ही सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत को लेकर बड़ा बयान दिया। सम्राट चौधरी से निशांत के राजनीति में एंट्री को लेकर सवाल पर कहा कि इसका फैसला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही लेंगे। उन्होंने कहा कि यह नीतीश कुमार और उनका परिवार तय करेगा कि कौन राजनीति में आएगा या नहीं आएगा। यह लालू यादव का परिवार तय नहीं करेगा कि निशांत राजनीति में आएंगे या नहीं आएंगे। सम्राट चौधरी ने विपक्षी दलों को करारा जवाब देते हुए कहा कि अगर विकास की बात करनी है तो उन्हें पटना एयरपोर्ट, मेरिन ड्राइव, पटना से बेगूसराय तक के विभिन्न विकास कार्यों को देखकर आना चाहिए। बिहार ने विकास के क्षेत्र में जो प्रगति की है, वह किसी से छुपी नहीं है।

# लालू प्रसाद यादव ही रहेंगे राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, आज दाखिल करेंगे नामांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लालू प्रसाद यादव राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे। वह सोमवार को पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए नामांकन करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचंद्र पूर्वे के समक्ष वह अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित राजद के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं विधान पार्षद अब्दुल बारी सिद्दीकी ने रविवार को मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी और 5 जुलाई को चुनाव होगा। अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि पूरे संगठन की यही इच्छा है कि लालू यादव ही पार्टी की कमान संभाले रखें। उन्होंने कहा कि भले ही लालू यादव की तबीयत ठीक नहीं रहती, लेकिन इसका पार्टी के कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ता है। सिद्दीकी ने कहा कि काम लगातार हो रहा है और लालू जी की मौजूदगी पार्टी को दिशा देने के लिए जरूरी है। पूरा संगठन एकमत है कि उन्हें ही नेतृत्व करना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर जगदानंद सिंह की भूमिका को लेकर पूछे गए सवाल पर सिद्दीकी ने कहा कि यह पार्टी का आंतरिक मामला है। उन्होंने कहा कि जगदानंद सिंह हम लोगों के सुख-दुख के साथी हैं। पार्टी ही इस पर अंतिम निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं का भी यही मत है कि पार्टी को इस समय एक मजबूत और अनुभवी नेतृत्व की जरूरत है जिसे लालू यादव ही दे सकते हैं। सिद्दीकी के इस बयान से यह लगभग तय हो गया है कि लालू प्रसाद यादव ही राजद के शीर्ष पद पर बने रहेंगे। 5 जुलाई को उनको एक बार फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर दिया जाएगा। बता दें कि राजद में सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया अब आखिरी पायदान पर है।

# नीट 2025 में गोल इन्स्टीट्यूट के छात्रों का रहा जलवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के बापू सभागार, गांधी मैदान में गोल इन्स्टीट्यूट द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह में नीट 2025 में सफल 500 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। इन छात्रों को प्रतीकस्वरूप स्टेथोस्कोप एवं एप्रन भेंट किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, पूर्व निदेशक, महावीर कैंसर संस्थान, पटना ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ये छात्र देश के भविष्य हैं जिस समर्पण और अनुशासन के साथ इन्होंने नीट में



सफलता प्राप्त की है, वह प्रशंसनीय है। गोल जैसे संस्थान इन छात्रों को सही दिशा दे रहे हैं, यह देश के स्वास्थ्य तंत्र के लिए शुभ संकेत है। विशिष्ट अतिथि डॉ. रविकांत, निदेशक, होमी भाभा कैंसर और अनुसंधान केंद्र ने कहा गोल इन्स्टीट्यूट ने बिहार में मेडिकल शिक्षा की तैयारी के क्षेत्र में नया मानक स्थापित किया है। यहां से निकलने वाले छात्र न केवल परीक्षा पास करते हैं, बल्कि डॉक्टर बनकर स्वस्थ समाज के निर्माण में बहुमूल्य योगदान देते हैं। डॉक्टर रविकांत भी पूर्ववर्ती गोल के छात्र रह चुके हैं। संस्थान की संयुक्त निदेशक डॉ. ममता सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा गोल में हम शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखते, बल्कि छात्रों को एक समग्र और अनुशासित व्यक्तित्व के रूप में गढ़ते हैं। गोल इन्स्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने सभी सफल छात्रों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि यह शानदार सफलता छात्रों की परिश्रम, अभिभावकों का विश्वास और पूरे गोल टीम के लगातार प्रयास का प्रतिफल है। श्री सिंह ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि उम्मीद है आप एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सह-निदेशक रंजय सिंह ने बताया इस वर्ष का प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत कठिन था, बावजूद इसके हमारे छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

## वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, पटना में छात्रों के लिए स्कॉलरशिप कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, पटना की ओर से एक विशेष स्कॉलरशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत डिप्लोमा, नर्सिंग और पैरामेडिकल सहित कई महत्वपूर्ण कोर्स शामिल हैं जिससे अधिक से अधिक छात्रों को लाभ मिल सके। कॉलेज की प्रिंसिपल साधना कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित विभिन्न कोर्सेज की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव



के लिए अस्पतालों में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी जाती है जिससे उनकी स्किल और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। इस स्कॉलरशिप योजना के तहत छात्रों को 5,000 से लेकर 1,00,000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी और अच्छा अंक लाने पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. डी.के सिंह के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## बिहार चैप्टर-पटना की ओर से 'बिहार अलीग कनेक्ट' राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, बिहार चैप्टर- पटना की ओर से 'बिहार अलीग कनेक्ट' राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन अभिलेख भवन ऑडिटोरियम, पटना में किया गया। 'बिहार अलीग कनेक्ट' कार्यक्रम में बिहार के सभी 38 जिलों के एएमयू पूर्व छात्रों ने शिक्षा, सामाजिक चेतना और युवाओं के सशक्तिकरण के मुद्दों पर संवाद किया। 'बिहार अलीग कनेक्ट' में पूर्व छात्रों के बीच समन्वय और मार्गदर्शन को सशक्त करना, जिला स्तर पर संयोजक नियुक्त करना, एएमयू किशनगंज केंद्र के विकास में सहयोग, जेएनयू, जेएमआई,




एमए एनयूयू जैसे संस्थानों से एलुमनी सहयोग, सर सैयद लिटरेसी स्कूल, शास्त्री नगर का सशक्तिकरण, पटना में सर सैयद हाउस की स्थापना का प्रस्ताव सहित अन्य मुद्दों पर पैनल चर्चा की। पैनलिस्टों में नदीम सिराज, अध्यक्ष, एएमयू ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, बिहार, शकील अहमद खान, विधायक, इरशाद अहमद, अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट, डॉ. तारिक हुसैन अशरफ, डॉ. अमजद खान, प्रोफेसर मोहम्मद शरीफ, प्रोफेसर मुनव्वर जहां, अमुबा बिहार पटना के जेनरल सेक्रेटरी मुशीर आलम, उपाध्यक्ष संजय कुमार, डॉ. अरशद हक, त्रिलोक मांझी, डॉ. मस्कूर अहमद उस्मानी, सरवर इकबाल खान, प्रोफेसर सलीम जावेद, मो. जमील, अनवर हुसैन, शाइका इमाम, अबू अफ्फान फारूकी, प्रोफेसर रिजवानुल हक, डॉ. नसीब इकबाल कमाली ने अपनी बात रखी।

## हजारों कर्मी जुटेंगे बिहार राज्य विश्वविद्यालय कॉलेज कर्मचारी महासंघ के महाधिवेशन में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ का 28वां महाधिवेशन 26 जून से श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना में शुरू होगा। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल एवं कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां करेंगे। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री सुनील कुमार होंगे। सांसद रविशंकर प्रसाद, पूर्व मंत्री संजय कुमार सिंह, विधान पार्षदों समेत कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। महासंघ के अध्यक्ष गंगा झा और महामंत्री ब्रजकिशोर सिंह ने बताया कि प्रदेश भर से 1000 प्रतिनिधि भाग लेंगे। 27-28 जून को पार्षद सत्र




और 28 को नई कार्यकारिणी का गठन होगा। महासंघ ने वेतन विसंगति, प्रोन्नति में देरी, अनुकंपा नियुक्ति, कर्मचारियों की भारी कमी और तदर्थ नियुक्तियों पर चिंता जताई है। पीपीयू के सीनेट सदस्य दीपक सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा भेजी गई राशि का विधिवत भुगतान नहीं हुआ है और न ही उपयोगिता प्रमाणपत्र भेजा गया। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. साधना ठाकुर ने कर्मियों की भारी कमी को लेकर चिंता जताई और कहा कि यह मुद्दा सरकार और राजभवन तक पहुंचना चाहिए।

# एक्यूप्रेशर से डायबिटीज का सफल उपचार : डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त

**एक्यूप्रेशर वर्कशॉप के दूसरे दिन डायबिटीज में 20 मिनट में 50 यूनिट की कमी आई**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** डायबिटीज का सफल चिकित्सा एक्यूप्रेशर में संभव है। आज वर्कशॉप में डेमोंस्ट्रेशन के दौरान मात्र 20 मिनट के एक्यूप्रेशर चिकित्सा के बाद ग्लूकोमीटर में 45 यूनिट की कमी देखा गया। यह डेमोंस्ट्रेशन विश्व प्रसिद्ध एक्यूप्रेशर महागुरु डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त के नेतृत्व में पूरी टीम ने संपूर्ण भारत के 12 राज्यों से आए हुए एक्यूप्रेशर चिकित्सा के छात्रों के समक्ष आज आई.एम.ए. हॉल, पटना में बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज, पटना एवं श्याम एकेडमी, चण्डीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय एडवांस प्रैक्टिकल एक्यूप्रेशर वर्कशॉप के दूसरे दिन दिया। 12 राज्यों से आए एक्यूप्रेशर चिकित्सा के दो सौ छात्रों को एक्यूप्रेशर चिकित्सा का आधुनिक प्रैक्टिकल ज्ञान देते हुए प्रसिद्ध चिकित्सक-सह-बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज, पटना के सचिव डा. अजय प्रकाश ने सरवाइकल



स्पौंडिलाइटिस, कमर दर्द, घुटना दर्द आदि कई रोगों में एक्यूप्रेशर बिन्दु, मैग्नेट, टेन्स मशीन का प्रयोग कर तुरंत प्रभाव को दिखया। डा. अजय प्रकाश ने यह भी बताया कि रोग का डायग्नोसिस प्रथम स्तर पर ही एक्यूप्रेशर द्वारा किया जाता है। इस कारण रोग का गंभीर होने से पहले ही उपचार आसानी से हो जाता है। एक्यूप्रेशर ही एक ऐसी चिकित्सा है जिसका प्रयोग रोग होने से पहले ही करके रोगों से बचा जा सकता है। वर्कशॉप में चण्डीगढ़ से आए डा. उद्यम सिंह राणा ने डायट एवं हर्बल मेडिसिन के प्रभाव को बताते हुए कहा है कि यह हानिरहित होने के साथ संतुलित मात्रा में सेवन से व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता ठीक रहती है, व्यक्ति निरोगी रहता है। कार्यक्रम में डॉ अनिता सिन्हा, डा. शबनम अंसारी, डा. विकास कुमार पंडित, डा. नासरिन अंसारी, सर्व प्रकाश, डॉ नीतीश कुमार, श्रुति कुमारी, जितेन्द्र कुमार, शशि कुमार सिंह, डॉ मोहम्मद फैयाजुद्दीन आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## बिहार में तेज डिलीवरी और कर्मचारियों की सुरक्षा, सेहत को सर्वोच्च प्राथमिकता : सलीम मेमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अमेजन इंडिया ने पटना में अपने डिलीवरी स्टेशन के मीडिया दौरे के अवसर पर बिहार में अपने तेज और विश्वसनीय डिलीवरी नेटवर्क के विस्तार और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अमेजन इंडिया के ऑपरेशंस डायरेक्टर सलीम मेमन ने कहा ग्राहकों को तेज डिलीवरी देना और हमारे एम्प्लॉयीज व एसोसिएट्स की सुरक्षा व सेहत का ध्यान रखना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। अमेजन ने बिहार में बीते कुछ वर्षों में अपने संचालन ढांचे को मजबूत किया है। वर्तमान में राज्य में अमेजन के पास 1 फुलफिलमेंट सेंटर, 1 शॉर्ट सेंटर, 1 डिलीवरी स्टेशन, 1 अर्बन फुलफिलमेंट सेंटर (यूएफएफ), 89 डिलीवरी सर्विस पार्टनर (ईडीएसपी) और 200 से अधिक 'आई हैव स्पेस' स्टोर्स हैं। यह नेटवर्क हजारों लोकल सेलर्स और ग्राहकों को जोड़कर तेज डिलीवरी सुनिश्चित करता है। बीते एक साल में पटना में सेम डे और नेक्स्ट डे डिलीवरी में करीब 6 गुना वृद्धि हुई है जबकि पूरे बिहार में यह वृद्धि लगभग 4 गुना रही है। इसके साथ ही अमेजन ने अपने कर्मचारियों और डिलीवरी एसोसिएट्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। कंपनी ने अपने ऑपरेशंस सेंटरों में हीट इंडेक्स मॉनिटरिंग, एयर-कंडीशन्ड ब्रेकरूम, ठंडा-गर्म पानी, हाइड्रेशन सप्लीमेंट्स और शेड्यूल्ड ब्रेक्स जैसी व्यवस्थाएं की हैं। साथ ही फुलफिलमेंट सेंटर और शॉर्ट सेंटर में ऑनसाइट मेडिकल यूनिट्स भी उपलब्ध हैं।

## टीचर्स ऑफ बिहार ने आयोजित किया योगदूत एक्सक्लूसिव ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता

**दस हजार से अधिक प्रतिभागियों को प्रदान किया गया इ-सर्टिफिकेट**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हर साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए एक नई थीम तय की जाती है जो योग के एक खास पहलू पर जोर देती है। साल 2025 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' थी। यह थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के वैश्विक विचार को बढ़ावा देती है जिसका अर्थ है कि स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे ग्रह और हम सभी की सेहत आपस में जुड़ा हुआ है। इसके अलावा यह थीम योग के जरिए ओवरऑल हेल्थ और पर्यावरणीय स्थिरता के महत्व पर भी प्रकाश डालती है। इस योग दिवस को खास बनाने के लिए बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी 'टीचर्स ऑफ बिहार' ने आयोजित किया 'योगदूत 2025 एक्सक्लूसिव ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता'। टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर इं.शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने संयुक्त रूप से बताया कि ऑनलाइन क्विज के माध्यम से हमने शिक्षकों एवं छात्रों के साथ-साथ आम के लोगों के बीच योग के महत्व एवं इसके फायदे पर प्रकाश डाला है। ताकि सभी लोग योग के महत्व को समझें एवं इसे प्रतिदिन एक रूटीन वर्क के रूप में अपने निजी जीवन में लाएं। समूह के फाउंडर शिव कुमार ने बताया कि योग, वैदिक समय से हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। योग की महिमा ऐसी है कि ये न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य को बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी दुरुस्त करता है। भारत समेत पूरी दुनिया योग करने से मिलने वाले फायदों के बारे में जानती है और उन्हें मानती भी है। ऐसे हर साल 21 जून को दुनियाभर के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही चाव से मनाते हैं। योग करने से व्यक्ति में एक नई शक्ति का संचार होता है जो आपके हर बॉडी पार्ट को स्वस्थ रखने का काम करता है। इसके साथ ही ये आपके शरीर के सात चक्रों को भी प्रभावित करता है। योगदूत क्विज प्रतियोगिता टीम लीडर सह डिस्ट्रिक्ट मेंटर कटिहार मृत्युंजयम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विचार पहली बार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान प्रस्तावित किया था। उन्होंने कहा था कि योग भारत की प्राचीन परंपरा की अमूल्य देन है। यह मन और शरीर की एकता का प्रतीक है।

## अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर समापन समारोह एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/दिल्ली।** आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान तथा विहार संस्कृत संजीवन समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महर्षि पतंजलि स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसीय अन्तर्जालीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का भव्य समापन एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन सम्पन्न हुआ। यह शिविर न केवल संस्कृत भाषा की सम्भाषण क्षमता को जागृत करने वाला रहा, बल्कि महर्षि पतंजलि के रचनाओं को आत्मसात करने की दिशा में भी एक सशक्त प्रयास सिद्ध हुआ।

**समारोह की गरिमामयी उपस्थिति:**

समापन समारोह का उद्घाटन पूर्व सचिव, गृह विभाग, उत्तरप्रदेश एवं प्रधान संरक्षक, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के डॉ. अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा इस शिविर के माध्यम से वैश्विक स्तर पर हमारी परंपरा को नवचेतना मिली है। अध्यक्षता डॉ. मुकेश कुमार ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष-आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव-विहार संस्कृत संजीवन समाज ने की। डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा-संस्कृत सम्भाषण का यह प्रयास महर्षि पतंजलि को समर्पित एक यज्ञ है। यह शिविर एक वैचारिक क्रांति की ओर संकेत करता है। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मिथिलेश झा, वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक एवं संरक्षक-अभियान उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में संस्कृत गीतकार डॉ. अनिल कुमार चौबे, डॉ. नीरा कुमारी (संस्कृत महाविद्यालय, पटना) तथा डॉ. अवन्तिका कुमारी (संस्कृत विभागाध्यक्ष, जगत नारायण लाल महाविद्यालय, खगौल) जैसे विदुषी जनों ने अपनी उपस्थिति से समारोह को गौरवान्वित किया।

# अगस्त महीने में होगा पटना में धानुक समाज का भव्य सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के खास पिकोला रेस्टोरेंट में धानुक समाज के प्रबुद्धजनों की बैठक हुई जिसमें समाज की ओर से अपने पूर्वज शाहिद रामफल मंडल के जयंती के दिन पटना के बापू सभागार में बड़ा सम्मेलन करने का फैसला लिया गया। इस सम्मेलन में धानुक समाज से जुड़े सभी दलों के संबंधित नेताओं और कार्यकर्ताओं का महजुटान होगा। इसकी जानकारी देते हुए धानुक समाज के वरीय नेता सह मुंगेर लोकसभा से पूर्व प्रत्याशी प्रगति मेहता ने बताया कि समाज के लोगों को अपने हक व हिस्सेदारी के लिए एकजुट होना होगा और बिहार में अपनी ताकत दिखाना होगा। प्रगति मेहता ने कहा कि हम लोग किसी दल का विरोध या समर्थन नहीं कर रहे हैं यह बैठक सिर्फ धानुक समाज के लिए चिंतन बैठक है और इस बैठक



के माध्यम से हमें अगस्त महीने में होने वाले महासम्मेलन में अपनी ताकत दिखाना होगा। उन्होंने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य है कि समाज के ज्यादा से ज्यादा लोग सदन पहुंचे। उन्होंने कहा केंद्र की सरकार जाति जनगणना करवा रही है हम लोग अपने लोगों को जागरूक करें और सभी लोग अपना जाति को धानुक अवश्य लिखवावें। इस मौके पर बिहार राज्य बीस सूत्री कमिटी के प्रदेश उपाध्यक्ष ललन मंडल ने कहा कि धार्मिक समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है और हमें अपने पूर्वजों से सीख लेकर स्वाभिमान के बल पर राजनीति में हिस्सेदारी लेना होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में आयोग और निगम का जो गठन हुआ है उसमें जिस जाति की गणना नगण्य है या 0.6% है उसे उसके दो प्रतिनिधि शामिल हैं जबकि 36 पर्सेंट आबादी वाला अति पिछड़ा समाज महज चार पद सीमित रह गया है।

## जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना में इमेजिंग ऑफ अपर लिम्ब पर विशेष सीएमई का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना में आज इमेजिंग ऑफ अपर लिम्ब (यूएसजी एवं एमआरआई) विषय पर एक दिवसीय विशेष सीएमई का आयोजन किया गया। शैक्षणिक कार्यक्रम में देश-विदेश से आए जाने-माने विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भाग लिया और चिकित्सकों को मस्कुलोस्केलेटल इमेजिंग के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेदांता गुरुग्राम के चेयरमैन रेडियोलॉजी डॉ. संजय सरन बैजल और जय प्रभा मेदांता के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रवि शंकर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रमुख रेडियोलॉजिस्ट डॉ. श्रीकांत नारायणस्वामी (यूके), डॉ. जतिंदर पाल सिंह, डॉ. सोनाली सेठी, डॉ. रंजन कुमार, डॉ. साकेत बल्लभ, डॉ. प्रियदर्शिनी और डॉ. सचिन कुमार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# अकोढ़ी गोला हत्याकांड का एक और अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अकोढ़ी गोला।** थाना क्षेत्र के बेल्हाड़ी गांव में हुए गोली बारी में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में एक और अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कांड के दो अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। यह जानकारी देते हुए एसपी रोशन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों को बताया कि 07.06.2025 को अकोढीगोला थाना क्षेत्र के बेलागढ़ी गांव में आपसी विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना घटित हुई थी। घटना में जयप्रकाश सिंह एवं सुग्रीव कुमार को गोली लगने के कारण जख्मी हो गये थे जिसमें जयप्रकाश सिंह का इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई थी। इस काण्ड के संबंध में विनोद सिंह पे. सिंहासन सिंह ग्राम बेलागढ़ी थाना अकोढ़ीगोला जिला रोहतास के द्वारा चार व्यक्तियों के विरूद्ध काण्ड प्रतिवेदित कराया गया। इस काण्ड की गंभीरता को देखते हुए कांड के अनुसंधान एवं कांड में सत्य पाये गये फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था जिसमें थानाध्यक्ष अकोढ़ीगोला, थानाध्यक्ष नोखा एवं तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई की टीम को भी शामिल किया गया था। गठित पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 07.06.25 को इस काण्ड के नामजद अभियुक्त सुरेन्द्र सिंह पे.-स्व. घनश्याम सिंह सा.-बेलागढ़ी थाना-अकोढ़ीगोला एवं गांधी कुमार पे.-स्व. रामविलास सिंह सा.-कृष्णापुर थाना-नोखा दोनों जिला-रोहतास को गिरफ्तार किया गया था जिन्हें 08.06.25 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। काण्ड के अनुसंधान के क्रम में काण्ड में संलिप्त पाये गये नामजद अभियुक्त संजय मिश्रा उर्फ चाई मिश्रा उम्र 40 वर्ष पे. चन्द्रदेव मिश्रा उर्फ नन्हकु मिश्रा सा.-सिसरित थाना-धर्मपुरा जिला-रोहतास जो घटना के बाद से ही फरार थे एवं लगातार अपना छिपने का ठिकाना बदल रहे थे को प्राप्त आसूचना एवं उनके तकनिकी विश्लेषण के उपरांत 21/22.06.25 की रात्रि में नटवार थाना क्षेत्र के नियाजीपुर गांव से गठित पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त संजय मिश्रा उर्फ चाईं मिश्रा के द्वारा पूछताछ के क्रम में बताया गया कि ये अपने वैगनार गाड़ी से कांड में बनाये गये अन्य नामजद अभियुक्तों के साथ 07.06.25 को सुबह 07:00 बजे अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के ग्राम बेलागढ़ी में जाकर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिए थे। गिरफ्तार अभियुक्त संजय मिश्रा उर्फ चाई मिश्रा का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। इनके अन्य जिलों में आपराधिक इतिहास के संबंध में जांच की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में पुत्र की मौत, पिता घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** जिला के सोनहन गांव निवासी एक शिक्षक के पुत्र की रविवार सुबह मोहनियां - भभुआ पथ पर सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना सुबह उस समय हुई जब वह सीएनजी टेम्पो से भभुआ रोड स्टेशन से सोनहन अपने गांव लौट रहे थे। सोनहन गांव निवासी शिक्षक बृजेश सिंह अपने पुत्र के साथ किसी कार्य के लिए रांची गए हुए थे। ट्रेन से भभुआ रोड उतरने के बाद घर जाने के लिए उन्होंने एक सीएनजी टेम्पो की मदद ली। उसमें सवार होकर भभुआ की तरफ चल दिए अभी वह बारे गांव से आगे पहुंचे ही थे कि टेंपू अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराकर पलट गई जिससे टेंपू में सवार पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें आर के हॉस्पिटल यदुपुर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने पुत्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाज के लिए वाराणसी जाने के क्रम में पुत्र अर्शदीप कुमार उम्र करीब 21 वर्ष ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं इस घटना में घायल शिक्षक की आर के हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही भभुआ के जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल आर.के. हॉस्पिटल पहुंचे जहां पर इलाजरत शिक्षक का हाल-चाल जाना और दुर्घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही मर्माहत शिक्षक के परिजनों को संबल बंधाया। जिप सदस्य विकास ने बताया कि शिक्षक बृजेश सिंह सोनहन उच्च विद्यालय में पदस्थापित हैं। अर्शदीप कुमार उनका इकलौता पुत्र था। अर्शदीप की मौत से पूरा समाज मर्माहत है। शिक्षा जगत में शोक की लहर है।

# देसी शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रविवार को निरीक्षक प्रभारी/ रेसुब डिहरी ऑन-सोन/ रामविलास राम के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज कुमार साथ सहायक उप निरीक्षक जय प्रकाश चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षी रामचंद्र यादव, आरक्षी अभिमन्यु सिंह एवं महिला आरक्षी प्रीति कुमारी सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन तथा स्थानीय थाना डिहरी नगर के पुलिस अवर निरीक्षक मंजूर इलाही खान साथ महिला आरक्षी 576 कविता कुमारी सभी रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन में अपराधिक गतिविधि की निगरानी कर रहे थे। यह जानकारी देते हुए आरपीएफ के मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि इस दौरान टिकट काउंटर के सामने पश्चिम ऊपरगामी पुल के पास एक महिला काल्पनिक नाम मंजू देवी, उम्र 37 वर्ष, पति डोमन राय, ग्राम-थाना सासाराम, जिला-रोहतास (बिहार) को कुल 11 लीटर विंडसर लाइम देसी मसाला शराब के साथ पकड़ी गई जिसे मौके पर सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई कर सभी अवैध शराब को विधिवत जब्त किया गया। जब्त सभी देशी शराब की अनुमानित कीमत 4125/- रुपए है जिसे अग्रिम कानूनी कार्रवाई वास्ते स्थानीय थाना डिहरी नगर को उपरोक्त गिरफ्तार महिला, जब्त शराब मय कागजात के साथ सुपुर्द किया गया जहां उक्त महिला एवं जब्त देशी शराब के विरुद्ध संबंधित धारा में कांड पंजीकृत किया गया।

# ट्रक के धक्के से युवक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के सकरी मोड़ के पास फोरलेन सड़क पर अनियंत्रित ट्रक ने युवक को धक्का मार दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने युवक को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए कुदरा सरकारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक पैदल जा रहा था और पीछे से आ रहे ट्रक ने धक्का मार दिया। धक्का मारने के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकाला। बेहोशी के चलते घायल का नाम व पता की जानकारी नहीं हो सकी है।

# लापता 4 नाबालिग लड़कियां गुजरात से बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नौहट्टा थाना क्षेत्र से 21 जून को चार नाबालिग लापता लड़कियों को गुजरात से बरामद कर लिया गया। यह जानकारी देते हुए एसपी रोशन कुमार ने पत्रकारों को बताया कि 21 जून की संध्या में उक्त कांड के वादी के द्वारा थानाध्यक्ष नौहट्टा को लिखित सूचना दी गई कि उनकी नाबालिग पुत्री सहित उनके गांव की पांच नाबालिग लड़कियां 19 जून 25 को सुबह 10 बजे घर से घास काटने निकली थी जो अभी तक घर लौट कर नहीं आई है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पु.नि. सह अंचल निरीक्षक मो. सुहैल अहमद, अमझोर अंचल के नेतृत्व में लापता बच्चियों की सकुशल बरामदगी हेतु एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष नौहट्टा तथा तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई की टीम को भी शामिल किया गया। गठित टीम को प्राप्त आसूचना एवं उनके तकनिकी विश्लेषण के उपरांत यह ज्ञात हुआ कि लापता पांचों लड़कियों 19.06.25 को सासाराम रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर गुजरात के गांधीनगर चली गई हैं। इस आसूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए गांधीनगर पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर उन्हें घटना की जानकारी दी गई एवं प्राप्त आसूचना से अवगत कराया गया जिसके उपरांत उनके द्वारा काण्ड के अनुसंधान में पूर्ण सहयोग करते हुए लापता पांच नाबालिग बच्चियों में से चार बच्चियों को गांधीनगर के इन्फो सिटी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में स्थित एक मकान से सही सलामत बरामद किया गया है। बरामद बच्चियों से प्रारंभिक पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया है कि ये लोग अपनी गांव की सहेली के साथ गुजरात में रहकर काम करने एवं घूमने-फिरने गई थी। बरामद बच्चियों की सकुशल घर वापसी के लिए विशेष पुलिस टीम को गुजरात भेजा जा रहा है। गठित पुलिस टीम के द्वारा एक अन्य लापता बच्ची की सकुशल बरामदगी के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। लापता बच्चियों की सकुशल बरामदगी एवं इस काण्ड के अनुसंधान में गुजरात पुलिस का सराहणीय योगदान रहा है जिसके लिए बरामदगी में शामिल गुजरात पुलिस के पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों को पुरस्कृत करने हेतु अनुशंसा की जा रही है।

# डीडीयू मंडल में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह एवं समर्पण भाव से मनाया गया। इस अवसर पर मंडल मुख्यालय स्थित बाकले अधिकारी क्लब भवन में 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' के संदेश के साथ एक योग सत्र का आयोजन किया गया। इस योग सत्र में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना, डीडीयू मंडल में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याएं, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार सहित अन्य रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं बच्चे सम्मिलित हुए। योगाभ्यास का संचालन योग प्रशिक्षक राजेश योगी एवं लिली मजूमदार द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी को सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया तथा योग से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने कहा कि 'योग से हमें सकारात्मक ऊर्जा मिलती है, हमें प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए।' उन्होंने सभी से आग्रह किया कि योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दें। सत्र के प्रारंभ में योग प्रशिक्षकों का विधिवत स्वागत किया गया। मंडल कार्मिक अधिकारी (स्वतंत्र प्रभार) जैश कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# सतगुरु रविदास की मूर्ति स्थापना में पहुंचे मंत्री, विधायक और समाजसेवी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिला के डिहरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बराव कलां में रविवार को 'सतगुरु रविदास' महाराज की मूर्ति स्थापना हुआ जिसमें सैकड़ों लोगों ने संत गुरुओं की प्रवचन श्रवण कर कुछ सिखने-जानने का प्रयास किया और अंत में लोगों ने प्रसाद भी ग्रहण किया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह और हरिजंन्दर दास ने संयुक्त रूप से मूर्ति स्थापित कर आरती- विनती किया। अपने संबोधन में श्रम संसाधन मंत्री ने कहा कि संत रविदास कोई साधारण मानव नहीं थे बल्कि अपनी भक्ति और विश्वास से छोटे से पात्र में गंगा प्रकट कर दिखाया, तभी कहा मन चंगा तो कठौती में गंगा, कई उदाहरण के द्वारा इन्होंने संत रविदास की सरल और मृदू भाषा में चर्चा किया। लोजपा (रा) प्रदेश महासचिव सह शाहाबाद के जाने-माने युवा, समाजसेवी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, पूर्व विधायक प्रदीप कुमार जोशी, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह यादव, मनीष कुमार- डिहरी प्रमुख, अजीत कुमार सिंह- उप प्रमुख डिहरी, हरेंद्र कुमार सिंह- बीडीसी, विशाल कुमार यादव-बीडीसी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को कमिटी के सदस्यों ने अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कमिटी अध्यक्ष दिनश्वर कुमार, उपाध्यक्ष अमरेंद्र भास्कर-पंचायत समिति, कोषाध्यक्ष- बृज कुमार शिक्षक, संचालक बिगू दास, सचिव आलोक कुमार, कृष्ण कुमार पूर्व मुखिया, इंद्रजीत मास्टर साहब, भैया राम भारती एवं सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व पुरुषों की उपस्थिति रही।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** शराबबंदी को धरातल पर लागू करने हेतु स्थानीय थाने की पुलिस क्षेत्र में लगातार छापेमारी एवं कार्रवाई कर रही है। इसी संदर्भ में गुप्त सूचना के आधार पर दरिहट थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दरिहट थाने के ठीक सामने डिहरी आयर कोठा मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग कर एक चार पहिया वाहन से भारी मात्रा में व्हिस्की शराब बरामद किया वहीं दो लोगों को भी गिरफ्तार किया। इस संबंध में दरिहट थानाध्यक्ष कुमारी नेहा सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाना के सामने मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान चार पहिया वाहन की तलाशी ली गई। इस दौरान ऑफिसर चॉइस व्हिस्की 180 एमएल की 1453 पीस बरामद की गई। इसी दौरान वाहन चालक पवन महतो साथ में मोहम्मद चांद दोनों दौलतपुर देवरिया वैशाली के रहने वाले को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त शराब को उत्तर प्रदेश से बिहार के वैशाली ले जा रहे थे। उन्होंने इस मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इस संबंध में वाहन मालिक एवं अन्य संलिप्त लोगों की पहचान कर तथा प्राथमिकी दर्ज कर अग्रसर कार्रवाई की जा रही है।

# मुहर्रम मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला(रोहतास)।** क्षेत्र में मुहर्रम मनाने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार की अध्यक्षता में अकोढ़ी गोला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, मुहर्रम कमिटी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में लोगों ने हाल ही के समय में अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत घटित घटनाओं को लेकर अपनी नाराजगी जताई। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि मुहर्रम कमिटी के लोग सहमे हुए हैं और प्रखंड क्षेत्र में ताजिया जुलूस नहीं निकाल कर अपने घरों में शांति के साथ मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार ने उपस्थित कमिटी के सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि आप सभी बेफिक्र होकर शांति व्यवस्था, सौहार्द, आपसी भाईचारा कायम रखते हुए मुहर्रम पर्व मनाइए पुलिस प्रशासन आपके साथ हैं। वहीं कमिटी के लोगों द्वारा कहा गया कि लाइसेंस के लिए हम सभी को पर्याप्त मात्रा में आधार कार्ड देना पड़ता है जिसे लेकर कमिटी के लोग सहमे हुए हैं कि अगर जुलूस के दौरान किसी प्रकार की कोई घटना घटित हो जाती है तो हम सभी बेगुनाह को जेल भेज दिया जाएगा। अंत में कमिटी द्वारा कहा गया कि हम लोग आपस में बैठक करने के बाद ही कोई निर्णय ले सकेंगे। उपस्थित जनप्रतिनिधि द्वारा भी भरोसा दिलाते हुए अपील किया गया कि आप सभी मोहर्रम का ताजिया धूमधाम के साथ निकालें हम सभी आपके साथ कंधे से कंधे मिलाकर चलने को तैयार हैं। मौके पर अवर निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, अंचलाधिकारी निधि ज्योत्स्ना, प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि रंजन, थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, कमिटी के निजाम अंसारी, मुर्तजा खलीफा, परवेज आलम, जाकिर अंसारी, मीर हसन अंसारी, अशोक चंद्रवंशी, उदय कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, आनंदी गुप्ता, बेस लाल यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरी महिला यात्री की आरपीएफ ने बचाई जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** डीडीयू-डिहरी ऑन-सोन पैसेंजर ट्रेन सासाराम रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 3 पर आई जहां स्टेशन पर आरपीएफ सासाराम के सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार पाण्डेय साथ आरक्षी नीरज कुमार यात्रियों की सुरक्षा व ट्रेन पासिंग ड्यूटी में तैनात थे। उसी क्रम में उक्त गाड़ी खुलकर अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान की जिसमें चलती गाड़ी में चढ़ने के क्रम में एक महिला यात्री संतुलन बिगड़ कर प्लेटफॉर्म और बोगी के मध्य गैप के अंदर जाने वाली थी जिसको रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सासाराम के ऑन ड्यूटी अधिकारी साथ स्टॉफ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे खींचकर बचाया गया। चलती गाड़ी में नहीं चढ़ने के लिए जागरूक व उचित काउंसलिंग किया गया। तत्पश्चात लोको पायलट के द्वारा भी महिला को देख गाड़ी को रोक दिया जिसमें पुनः उक्त महिला यात्री को सुरक्षित चढ़ाया गया।

# पारा लीगल स्वयंसेवक का दो दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रविवार को डिहरी में पैरवी द्वारा आयोजित पारा लीगल स्वयंसेवक का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बलराम मिश्र ने स्वयंसेवक के महत्वपूर्ण कार्य को रेखांकित करते हुए कहा कि इनका कार्य अति उल्लेखनीय है। पटना उच्च न्यायालय की अधिवक्ता शशि शर्मा, डिहरी अनुमंडल बार संघ के पूर्व अध्यक्ष उमा शंकर पाण्डेय, अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद राम, पंकज सिंह ने भी सम्बोधित किया। आरंभ में पैरवी के स्वयंसेवक दीनबंधु वत्स ने प्रशिक्षण के विषय पर प्रकाश डाला और अतिथियों का स्वागत किया। मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने पैरा लीगल स्वयंसेवक के प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि पैरवी द्वारा रोहतास जिले में जेल में बंद गरीबों और विधि के जोखिम में पड़ी किशोरों को मुफ्त जमानत दिलाने का काम कर रही है। इसमें पैरा लीगल स्वयंसेवक की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। अंत में प्रतिभागी पारा लीगल स्वयंसेवक को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

# स्वामी शिवानंद जी तीर्थ महाविद्यालय में मना योग दिवस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** रोहतास जिले के सासाराम स्थित स्वामी शिवानंद जी तीर्थ महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग का कार्यक्रम किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद शंकर पांडेय की अध्यक्षता में योग का आयोजन किया गया जिसका संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी ने किया। इस दौरान प्राचार्य ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय जीवन पद्धति है जिसके माध्यम से शरीर, मन और मस्तिष्क को पूर्ण रूप से स्वस्थ किया जा सकता है। योग दिवस के मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं ने योगासन का अभ्यास किया। महाविद्यालय के योग शिक्षक में सभी को योगासन का अभ्यास कराया।

# चैनपुर और मोहनियां में बसपा की संगठनात्मक बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अपनी तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में चैनपुर और मोहनियां विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी की विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ-साथ प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में मुख्य रूप से बसपा के केंद्रीय प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने पार्टी की रणनीतियों को विस्तार से रखा और कार्यकर्ताओं को आने वाले चुनाव को लेकर दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान अनिल कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बहन मायावती जी के विचार और नेतृत्व ही आज के समय की सबसे बड़ी राजनीतिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बसपा सिर्फ सत्ता के लिए नहीं, बल्कि दलित, पिछड़ा, वंचित और अल्पसंख्यक समाज को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती आई है और यही संघर्ष अब बिहार के हर विधानसभा क्षेत्र में दिखेगा। उन्होंने कहा कि बहनजी का सपना है कि समाज के हर तबके को समान अवसर मिले और उसी संकल्प के साथ बसपा पूरी ताकत के साथ बिहार विधानसभा चुनाव में उतरने जा रही है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अनिल कुमार ने दो टूक कहा कि अब समय आ गया है कि चैनपुर और मोहनियां की जनता को एकजुट कर बसपा के झंडे तले लाया जाए। उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से कहा कि वे हर गांव, टोला और पंचायत में जाकर बसपा के विचारों को पहुंचाएं और यह संदेश दें कि बहनजी की पार्टी ही असली विकास की गारंटी है। बैठक में राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय समन्वयक ई. रामजी गौतम भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बसपा अब केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि बिहार जैसे राज्यों में भी मजबूत जनाधार तैयार करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठित होकर काम करने और जमीनी मुद्दों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि बसपा बिहार में सामाजिक न्याय की लड़ाई को फिर से प्रखर बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने दावा किया कि यदि पार्टी को मौका मिला तो वह जनता को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा के बेहतर अवसर प्रदान करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बसपा किसी जाति विशेष की नहीं, बल्कि समस्त बहुजन समाज की पार्टी है और उसकी नीतियां सबको साथ लेकर चलने वाली हैं।

# संघ की वार्षिक योजना बैठक संपन्न

## गुरु पूर्णिमा उत्सव भव्य रूप से मनाने का लिया संकल्प



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, तिलौथू खंड की वार्षिक योजना बैठक खंड संघचालक जंगलेश प्रसाद चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी योजनाओं और कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन के कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अपने-अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर गंगा चौधरी, राकेश सिन्हा, डोमा साह, लाल बिहारी, विकास कुमार मिश्र सहित अन्य कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि खंड के अंतर्गत आने वाले सभी दस मंडलों में गुरु पूर्णिमा उत्सव इस वर्ष अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। सभी कार्यकर्ताओं ने इस पावन उत्सव को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ जुटने का संकल्प लिया। संघ के इस आयोजन को सामाजिक चेतना, संस्कार और संगठन विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया गया।

CMYK

# राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल में बिहार ने रचा इतिहास, पहली बार बना चैंपियन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा के कुंती नगर स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के खेल मैदान में आयोजित 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पहली बार विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में बिहार ने हरियाणा को रोमांचक संघर्ष में 17-16 गोल से मात दी। इस प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 22 जून तक हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में बिहार हैंडबॉल संघ एवं नवादा जिला हैंडबॉल संघ द्वारा किया गया था।

फाइनल मैच के बाद हुए समापन समारोह में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने विजेता टीम सहित सभी प्रतिभागियों, तकनीकी पदाधिकारियों व आयोजन समिति के सदस्यों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बिहार की बेटियों ने इतिहास रचते हुए प्रदेश को गर्व का पल दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में खेल और खिलाड़ियों के लिए बेहतर वातावरण बना है।

समारोह में हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रीतपाल सिंह सलूजा ने कहा कि बिहार अब केवल आयोजन नहीं, बल्कि विजेता के रूप में भी पहचान बना रहा है।

**प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए**

विजेता बिहार टीम को 5100 प्रति खिलाड़ी, उपविजेता हरियाणा टीम को 4100 प्रति खिलाड़ी, तीसरे स्थान पर रही पंजाब व गुजरात की खिलाड़ियों को 3100 प्रति खिलाड़ी

**व्यक्तिगत पुरस्कारः**

बेस्ट प्लेयरः रचना (हरियाणा)

बेस्ट गोलकीपरः निधि कुमारी (बिहार)

समारोह की अध्यक्षता डॉ. अनुज सिंह ने की जबकि संचालन श्रवण कुमार बरनवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने किया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि जैसे जिला जदयू अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, प्रदेश महासचिव राजकिशोर दांगी, बिहार हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार, दिल्ली, त्रिपुरा और एमपी से आए प्रतिनिधिगण समेत सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।

**मैच परिणाम (मुख्य मुकाबले):**

**क्वार्टर फाइनलः**

बिहार ने ओडिशा को 11-03 से हराया

हरियाणा ने तमिलनाडु को 07-06 से

पंजाब ने दिल्ली को 14-11 से

गुजरात ने एमपी को 08-06 से

**सेमीफाइनलः**

बिहार ने पंजाब को 25-15 से

हरियाणा ने गुजरात को 31-14 से

**फाइनलः**

बिहार ने हरियाणा को 17-16 से पराजित कर खिताब जीता।

इस आयोजन ने न केवल बिहार के खेल परिदृश्य में एक नई उपलब्धि जोड़ी, बल्कि राज्य की बेटियों की प्रतिभा और संकल्पशक्ति को भी राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया।

# बिहारशरीफ में आयोजित हुई मैराथन प्रतियोगिता

## सैकड़ों धावकों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रविवार को भव्य रूप से नालंदा मैराथन प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से आए सैकड़ों धावकों ने जोश-खरोश के साथ भाग लिया। यह मैराथन पांच किलोमीटर की दूरी तक आयोजित की गई, यह मैराथन दौड़ बिहारशरीफ के श्रम कल्याण केंद्र के मैदान से शुरू हुई और मिल्कीपर पचासा चौक पर जाकर समाप्त हुआ। यह आयोजन स्वास्थ्य, खेल और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित थी। इस अवसर पर राजद नेत्री डॉ. आयशा फातिमा, समाजसेवी यासिर इमाम और स्थानीय जनप्रतिनिधि जीवेश मुखिया भी मौजूद रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. आयशा फातिमा ने कहा कि आज खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। सरकार भी खेल को बढ़ावा देने के लिए मेडल लाओ, नौकरी पाओ जैसी योजनाएं चला रही है, जिससे ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के युवा भी प्रेरित हो रहे हैं। समाजसेवी यासिर इमाम ने युवाओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे आएं और जिले तथा राज्य का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का समापन विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। मैराथन दौड़ में 130 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र नेता राकेश यादव एवं नालंदा स्पोर्ट क्लब के डायरेक्टर अभिषेक रंजन एवं दर्जनों छात्रों का काफी सहयोग रहा। जिसमें फर्स्ट प्रतिभागी को कलर टीवी सेकंड प्रतिभागी को कूलर और थर्ड प्रतिभागी को उपहार स्वरूप पंखा चैथे और पांचवें को ट्रॉफी छठे से दसवीं तक के प्रतिभागियों को मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# कांग्रेस ने शिविर आयोजित कर माई-बहन योजना की दी जानकारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रविवार को राजगीर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गिरियक प्रखंड के घोषरामा गांव में कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गिरियक प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष राजेश रौशन ने की यह सेमिनार कांग्रेस पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान माई-बहन योजना के लिए किया गया। शिविर में उपस्थित राजगीर विधानसभा के पूर्व विधायक रवि ज्योति कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही इस देश को अच्छे रूप से चला सकती है। कांग्रेस पार्टी की सोच में सभी वर्ग के लोग शामिल हैं। चाहे वह सवर्ण समाज हो दलित समाज हो पिछड़ा समाज हो या अल्पसंख्यक समाज हो सभी के साथ कांग्रेस पार्टी का एक जैसा व्यवहार रहता है। इसी सोच के तहत हमारे नेता राहुल गांधी ने माई बहन योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत यह प्रावधान दिया गया है कि 18 साल से ऊपर की बच्चियां एवं महिलाओं को अगर कंग्रेस पार्टी और महागठबंधन की सरकार बनती है तो इस योजना के तहत सभी माता एवं बहनों को 2500 प्रति माह उन्हें दिया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य दिलीप कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह वही कांग्रेस पार्टी है। जिसने इस देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करवाया आपके सहयोग से ही यह आजादी मिली है। पुनः आपके ही सहयोग से बिहार में महागठबंधन और कांग्रेस की सरकार आएगी। गिरियक प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष राजेश रौशन ने कार्यक्रम के बीच ही बहुत सारी महिलाओं को फॉर्म भरने की प्रक्रिया के तहत फॉर्म भर के फार्म पर दिए गए नंबर पर मिस कॉल करा कर इस प्रक्रिया को पूरा किया। इस अवसर पर प्रखंड उपाध्यक्ष कन्हैया कुमार के अलावे गांव के नौजवान कार्यकर्ता संतोष ठाकुर, वीर बहादुर मांझी, धनंजय कुमार, अरविंद सिंह के अलावा सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं गांव के बड़े बुजुर्ग उपस्थित थे।

# पुलिसकर्मियों को डॉक्टरों ने दी योग और संतुलित जीवनशैली की सलाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सोहसराय थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारियों के बीच स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शहर के फिजिशियन डॉ. सज्जन कुमार और डॉ. हुसाम अहसन ने उपस्थित पुलिसकर्मियों की जांच की और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। दोनों चिकित्सकों ने कहा कि इस भागदौड़ भरी जिंदगी में नियमित और संतुलित खानपान का अभाव शरीर को कई बीमारियों की ओर ले जा रहा है। यही वजह है कि लोग तेजी से ब्लड प्रेशर, मधुमेह, कमर, पीठ, गर्दन व घुटनों के दर्द जैसी समस्याओं से ग्रसित हो रहे हैं। अगर इन बीमारियों पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह गंभीर रूप ले सकती हैं, जिससे चलना-फिरना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने तनाव को भी कई बीमारियों का कारण



बताया और इससे बचने के लिए खानपान में सुधार के साथ-साथ नियमित योग करने की सलाह दी। डॉ. हुसाम अहसन ने बताया कि पुलिस पदाधिकारियों का कार्य काफी तनावपूर्ण होता है और लगातार भागदौड़ के कारण वे अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर बैठते हैं। शिविर में 50 से अधिक पुलिसकर्मियों की जांच की गई, जिनमें से अधिकांश को कमर, गर्दन, घुटना और कंधे के दर्द तथा हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत पाई गई।

# अधिकारों को पाने के लिए एकजुटता जरूरी : त्रिलोक सिंह निषाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ के तकियाकला मोहल्ले में केवट समाज के विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी वालेश्वर प्रसाद ने किया। इस दौरान बैठक के मुख्य अतिथि बिहार निषाद संघ के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोक सिंह निषाद ने कहा कि केवट समाज को कमजोर आकने वालों को अब मिलकर शक्ति बताने की जरूरत है। अधिकारों और हक की लड़ाई के लिए सभी को संगठित होकर आगे आना होगा। हमारा समाज हमेशा दूसरे के लिए लड़ाई लड़ता रहा, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। हम सब अब अपनी लड़ाई खुद लड़ेंगे। उन्होंने कहा बिहार में 11 प्रतिशत केवट समुदाय है पर आजादी के 78 वर्ष बाद भी उक्त समुदाय आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से पिछड़ा हुआ है। वर्तमान समय में इस समुदाय के लोगों को अपने अधिकार के लिए संगठित होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा बिना संगठित हुए उचित अधिकार नहीं मिलेगा। समाज के लोगों ने सरकार से अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने का मुद्दा उठाया है। समाजसेवी वालेश्वर प्रसाद ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों के बावजूद हमारा समाज अपने अधिकारों से वंचित है। अधिकार व उनके सम्मान को वापस दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। इसी लड़ाई को जारी रखने के लिए एक मोर्चा का गठन किया जाना चाहिए। समाजसेवी अनिल कुमार ने कहा अब समाज के हर युवा को आगे आकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। मौके पर स्थानीय वार्ड पार्षद सोनू केवट ने कहा- केवट समुदाय को राजनीतिक रूप से भी सशक्त बनाने की आवश्यकता है, ताकि वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा सकें।

# नाले की सफाई नहीं होने से लोगों को हो रही परेशानी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड मुख्यालय के चमन मोहल्ले के निवासी एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता परवेज आलम, जुनैद मलिक सहित अन्य ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार को पत्र देकर मोहल्ले के नाले की स्थिति से अवगत कराया है। पत्र में लिखा है कि मोहल्ले स्थित नाला कई वर्षों से उपेक्षित एवं अत्यधिक भरा हुआ है। इस नाले की लम्बे समय से सफाई एवं रखरखाव नहीं की गई है, जिसके कारण इसमें कचरा, मलबा एवं गंदा पानी जमा हो गया है। यह स्थिति गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय संकट उत्पन्न कर रही है, जो विभिन्न कानूनी प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है। दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 सीआरपीसी की धारा 133 के तहत स्थानीय प्राधिकारों को यह अधिकार प्राप्त है कि वे सार्वजनिक उपद्रव को हटाएं और जनस्वास्थ्य बनाए रखने हेतु स्वच्छता सुनिश्चित करें। यह नाला अब एक गंभीर सार्वजनिक उपद्रव बन चुका है, जिसके कारण कॉलरा, मलेरिया और डेंगू जैसी जलजनित बीमारियों में तेजी से वृद्धि हो रही है, क्योंकि स्थिर जल मच्छरों के प्रजनन का मुख्य केंद्र बन गया है। इसके अतिरिक्त, इस लापरवाही का प्रभाव जलचरों एवं स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर भी पड़ रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 तथा जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत जल स्रोतों एवं नालों के संरक्षण और रखरखाव की कानूनी अनिवार्यता का उल्लंघन है। लिखा गया है कि यदि इस समस्या का त्वरित समाधान नहीं किया गया, तो हम निवासी स्वास्थ्य एवं पर्यावरण कानूनों के उल्लंघन के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए विवश होंगे।

# पेंशनर भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** पेंशनर भवन नारदीगंज में आगामी 24 जून 2025 यानी मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित होगी। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से आयोजित किया जायेगा। आयोजित शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के पेंशनरों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। केंद्र में कार्यरत चिकित्सक डा. प्रवीण कुमार पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच करेंगे। पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व सचिव श्रीकांत सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। उन्होंने आयोजित शिविर में अधिक से अधिक पेंशनर समाज को उपस्थित होने की अपील की है।

# जदयू की रणनीतिक बैठक : 'बूथ जीतो, चुनाव जीतो' के लक्ष्य को लेकर तैयारी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शनिवार को हिलसा प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत खेमन बिगहा गांव में जदयू कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कुंदन कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि बूथ जीतो, चुनाव जीतो की रणनीति पर हमें पूरी ताकत से काम करना होगा। विधायक ने प्रत्येक बूथ पर कम से कम दस नए मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में शामिल करवाने का लक्ष्य तय करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और बिजली सहित सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक विकास हुआ है। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1100 करने के फैसले पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। यह योजना वृद्धजन, विधवा और दिव्यांगजनों के लिए लागू की गई है। जुलाई महीने से यह नई राशि लाभार्थियों के खातों में हर माह की 10 तारीख को ट्रांसफर की जाएगी। इससे प्रदेश के 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। बैठक में जिला अध्यक्ष मोहम्मद असरद, हिलसा विधानसभा प्रभारी राहुल खंडवाल, युवा जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष विकास कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि गुड्डू रंगीला, रजनीश ठाकुर, रानी प्रियंका, पैक्स अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सहित कई जदयू कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि वे बूथ स्तर से लेकर संगठनात्मक स्तर तक पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे।

# बीडीओ ने कनीय अभियंता को पानी उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के डोहरा पंचायत के सुंदरवन गांव में पेयजल संकट गहरा है। ग्रामीण पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। इस बाबत बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने कहा सुंदरवन गांव में पानी की समस्या को समाधान होना जरूरी है। इसके लिए टैंकर से पानी उपलब्ध कराने के लिए पीएचइडी के कनीय अभियंता को निर्देश दिया गया है। इधर, जन सुराज प्रखंड अध्यक्ष अजय पंडित, ग्रामीण गिरानी मांझी, रामफल मांझी, समुंद्री देवी, चंदन मांझी समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि शनिवार को समस्या समाधान के लिए बीडीओ से मिलने के लिए नारदीगंज प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं होने पर आवेदन पत्र प्रखंड नाजिर को देकर हालात को अवगत कराया था लेकिन रविवार को चार बजे तक विभागीय स्तर पर गांव में ट्रैंकर से पानी उपलब्ध नहीं किया है। अगर रात तक पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो 23 जून 2025 को गांव में सड़क जाम कर पानी की समस्या के निदान के लिए जन आंदोलन किया जायेगा।

# नालंदा के जलाशयों में गूंजी पंछियों की चहचहाहट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के जलाशय और आर्द्र भूमि क्षेत्र एक बार फिर से पक्षियों की मधुर चहचहाहट से गुंजायमान हो उठे हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से संपन्न कराई गई 'एशियाई जल पक्षी गणना-2024' की रिपोर्ट ने एक अत्यंत उत्साहजनक तस्वीर प्रस्तुत की है। जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाए गए कदमों की सफलता को दर्शाती है।

**आंकड़ों में छुपी सफलता की कहानी**

केवल तीन वर्षों की अवधि में पक्षियों की संख्या में ढाई गुना वृद्धि हुई है, जबकि प्रजातियों की संख्या 28 से बढ़कर 67 तक पहुंच गई है। वर्तमान में जिले के विभिन्न जलाशयों में कुल 2,751 पक्षी दर्ज किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वन प्रमंडल पदाधिकारी राजकुमार एम. के अनुसार, 'ये आंकड़े न केवल नालंदा की जैव विविधता की समृद्धि को प्रदर्शित करते हैं, बल्कि हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी का भी प्रमाण हैं। 2022 में जहां केवल 1,062 पक्षी और 28 प्रजातियां दर्ज की गई थीं, वहीं 2023 में यह संख्या बढ़कर 2,571 पक्षी और 42 प्रजातियां हो गई थी।'

**जागरूकता अभियान का महत्वपूर्ण योगदान**

वृद्धि के पीछे कई महत्वपूर्ण कारक हैं। प्रमुख रूप से पिछले वर्ष की अच्छी वर्षा ने जलाशयों के जल स्तर को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही, अवैध शिकार पर लगाई गई प्रभावी रोक, वन कर्मचारियों द्वारा निरंतर गश्त और स्थानीय जनता में बढ़ती पर्यावरण चेतना ने इस सकारात्मक परिवर्तन में योगदान दिया है। वन विभाग की ओर से चलाए जा रहे निरंतर जागरूकता अभियान का भी इस सफलता में महत्वपूर्ण योगदान है। स्थानीय समुदाय की बढ़ती सहभागिता और पक्षी संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता ने इस पहल को और भी मजबूती प्रदान की है।

**सबसे ज्यादा 2,337 जल पक्षी**

यह गणना जिले के छह प्रमुख जलाशयों और नदी क्षेत्रों में संपन्न की गई। इनमें गंगाजी राजगृह जलाशय, पुष्कर्णी झील, गिद्धि झील (बेगमपुर), आयुध निर्माणी का जलाशय, पावापुरी और पंचानन नदी के क्षेत्र शामिल थे। गणना के अनुसार कुल 2,751 पक्षियों में से 2,337 जल पक्षी, 372 भूमि पक्षी और 42 आर्द्र भूमि पर निर्भर पक्षी शामिल हैं। यह विविधता इस बात का प्रमाण है कि यह क्षेत्र विभिन्न प्रकार के पक्षियों के लिए उपयुक्त आवास प्रदान कर रहा है।

# पीड़ित परिवार को दी गई मुआवजे की राशि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां अंचल कार्यालय में पीड़ित परिवारों को आपदा प्रबंधन का का लाभ दिया गया है। प्रभारी सीओ निशांत कुमार ने कुल तीन लोगों को आपदा प्रबंधन का चेक दिया है। प्रभारी सीओ ने बताया कि बढ़ौना गांव के मनोज मिस्त्री का 10 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार अपने ननिहाल पोकसी गांव में 10 सितंबर 2024 को तालाब में डूब गया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। धमौल थाना क्षेत्र के रेवार गांव निवासी बोदा चौधरी के पुत्र धर्मेंद्र चौधरी की 18 अगस्त 2024 को तालाब में डूब जाने से मौत हो गई थी। इसी तरह धमौल थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी दिनेश रविदास के पुत्र अजय कुमार की मौत 30 सितंबर 2024 को नाटी नदी में डूब जाने से हो गई थी। सभी पीड़ित परिवारों को आपदा प्रबंधन के तहत चार- चार लाख रुपए का भुगतान अभिश्रव दिया गया।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

## नालंदा में भाई के साथ मायके से जा रही थी ससुराल, पीछे से दूसरी मोटरसाइकिल ने मारी ठोकर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा में बाइक सवार महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मामू भगना के पास का है। मृतका की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के बलवापर गांव निवासी राहुल प्रसाद की पत्नी खुशबू कुमारी (25) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतका के भतीजे ने बताया कि चाचा के साथ बाइक पर सवार होकर फुआ अपने घर जा रही थी। इसी बीच मामू भगना के पास पीछे से आए बाइक सवार ने टक्कर मार दी। महिला मुंह के बल सड़क पर गिर गई। चार कदम दूर निजी क्लिनिक में इलाज के लिए ले जाया गया। क्लिनिक में पट्टी बांध कर मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के क्रम में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। इस बीच बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

महिला अपने मायके नूरसराय थाना क्षेत्र के बालचंद बिगहा गांव में पिछले दो महीने से रहकर इलाज करवा रही थी। रविवार को भाई के साथ मायके से अपने ससुराल जा रही थी। ससुराल का परिवार कलकत्ता में रहता है। हादसे की सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे परिजनों की चीत्कार से पूरा परिसर गमगीन हो गया। इस मामलें में ट्रैफिक थानाध्यक्ष सुशील कुमार राहुल ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बाइक सवार की पहचान की जा रही है।

# समस्तीपुर में जनसुराज प्रत्याशी 10 विधानसभा क्षेत्रों से लड़ेंगे चुनाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जन सुराज पार्टी समस्तीपुर जिले के 10 विधानसभा क्षेत्र में अपना प्रत्याशी देगी। इन विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों के चयन के लिए 16 सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया गया है। कमेटी अगले दो महीने में यह तय करेगी कि किस विधानसभा क्षेत्र में कौन से प्रत्याशी को चुनाव लड़ाया जाए। जन सुराज के प्रदेश चुनाव समिति के अध्यक्ष किशोर कुमार ने जानकारी रविवार को दी है। उन्होंने कहा कि जन सुराज पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए सैकड़ों की संख्या में आवेदन मिले हैं। इन आवेदनों में हर विधानसभा क्षेत्र में अभी 6 लोगों को शॉर्ट लिस्ट किया गया



**जन सुराज पार्टी के चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष पहुंचे समस्तीपुर**

है। 31 जुलाई तक काम पूरा होगा। उसके बाद ही उम्मीदवारों की घोषणा होगी। इन लोगों को अब अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में सभा बैठक कार्यक्रमों का आयोजन करना है। जन सुराज के उद्देश्य की जानकारी लोगों को देनी है। इस दौरान शॉर्ट लिस्ट किए गए लोगों के काम और उनकी लोकप्रियता के बारे में चुनाव अभियान समिति अपनी अंतिम रिपोर्ट देगी।

**रिपोर्ट के आधार पर प्रत्याशी का चयन**

रिपोर्ट के आधार पर प्रत्याशी का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव अभियान समिति में ऐसे लोग भी शामिल हैं, जो खुद भी प्रत्याशी बनने की इच्छा रखते हैं। तो ऐसे लोगों के नाम का प्रस्ताव दूसरे जगह के आए लोगों की ओर से दी जाएगी। समस्तीपुर में बनाए गए चुनाव अभियान समिति में जिला अध्यक्ष के अलावा दरभंगा और बेगूसराय के जिला अध्यक्ष को भी शामिल किया गया है। पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि बिहार में जंगल राज और उसके बाद 20 सालों से चल रहे एनडीए राज में बिहार को निचले पायदान पर पहुंचा दिया है । विधि व्यवस्था से लेकर अपराध की घटनाओं ने लोगों को झग झोड़ कर रख दिया है। अभी बिहार के लोग बदलाव चाह रहे हैं। जन सुराज की ओर देख रहे हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज कपूर के अलावा प्रदेश के नेता रामबालक पासवान आदि उपस्थित थे।

# यज्ञ भारत की आत्मिक शक्ति को जाग्रत करने का माध्यम : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** धर्मसभा भवन में त्रिकोटि कुमकुमार्चन श्री विद्या महायज्ञ का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के संरक्षण और युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर से संतों, विद्वानों, समाजसेवियों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महायज्ञ में भारत सरकार के पूर्व मंत्री संजय पासवान, त्रिपुरा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरिंदम लोध, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं गया विधायक डॉ. प्रेम कुमार समेत अनेक विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। सभी ने यज्ञशाला में पूजन-अर्चन कर राष्ट्र और समाज की समृद्धि की कामना की। गया विधायक प्रेम कुमार ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां ललिता की कृपा से भारत एक बार फिर विश्वगुरु बन सकता है। यह यज्ञ भारत की आत्मिक शक्ति को जाग्रत करने का माध्यम है और गयाजी की पुण्यभूमि पर इसका आयोजन सामाजिक एवं आध्यात्मिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवा चेतना के नेतृत्व में हुआ यह आयोजन प्रमाण है कि आज का युवा भी धर्म, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित है। प्रेम कुमार ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि आत्मशुद्धि, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक समरसता की भावना से मां ललिता से प्रार्थना करें ताकि भारत एक सशक्त, समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से जागरूक राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हो। महायज्ञ में गया सहित पूरे मगध क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु उपस्थित हुए। मंत्रोच्चारण, पूजा-अर्चना और प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा का अनुभव किया। आयोजन ने धर्म, संस्कृति और राष्ट्रवाद के समन्वय का सशक्त संदेश दिया।



## महिला रास्ता भटकी, 112 की पुलिस ने परिजनों से मिलाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** डायल 112 की ई आरभी एक सिविल लाइन टीम को सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला रास्ता भटक गई है और वह ऐसी भाषा में बात कर रही हैं जिसे आसपास के लोग समझ नहीं पा रहे हैं। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंची और महिला से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया। बातचीत के दौरान पता चला कि महिला आंध्र प्रदेश से हैं और अपने परिवार के साथ विष्णुपद मंदिर दर्शन हेतु आई थीं, जहां से वे गलती से अलग हो गई थीं। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आंध्र प्रदेश से आए हुए उनके परिजनों से संपर्क किया और जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात विष्णुपद मंदिर जाकर पूछताछ करते हुए महिला के समूह तक पहुंच सुनिश्चित की गई और अंततः महिला को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## नीतीश कुमार के नेतृत्व में होगा बिहार विधानसभा का चुनाव : उपेंद्र कुशवाहा

### विपक्ष के पास नहीं है कोई मुद्दा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया जी।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा आज गया पहुंचे जहां उन्होंने गया के सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कई बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस दौरान एक प्रेसवार्ता का भी आयोजन किया गया है। प्रेसवार्ता के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा सीएम नीतीश कुमार के स्वास्थ्य के सवाल पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष मुद्दा विहीन है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। तेजस्वी यादव को लालू जी के स्वास्थ्य को देखना चाहिए, लालू जी बीमार हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए हैं। नीतीश कुमार तो प्रत्येक दिन बिहार का दौरा करते रहते हैं। प्रत्येक दिन 16 घंटा से 18 घंटा काम कर रहे हैं। उनके ऊपर इस तरह की टिप्पणी करना अच्छा नहीं है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए बयान के सवाल पर कहा कि भाजपा का अपना सिस्टम है। उस सिस्टम से आगे ले जाना पड़ता है। यह सर्वविदित है कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव होगा और नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे, यह तय है।

## सामाजिक न्याय की दिशा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ऐतिहासिक निर्णय : अवध बिहारी पटेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि 400 रुपया से बढ़ाकर 1100 रुपया करने पर जदयू कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने वृद्धजनों, दिव्यांगजन एवं विधवा महिलाओं को पेंशन राशि 400 से बढ़ाकर 1100 रुपया देने का निर्णय का स्वागत करते हैं। इससे बिहार के 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभुक को फायदा होगा। साथ ही हर ग्राम पंचायत में विवाह मंडप बनाने की घोषणा किए। इसका भी हम स्वागत करते हैं। विवाह मंडप बनने से ग्रामीण इलाकों में गरीब लोगों को शादी विवाह करने में आसानी होगा। श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री का सोच है कि गरीबों को खास करके महिलाओं को कोई परेशानी न हो उन्होंने घोषणा किया है। जीविका की समूह को अब तीन लाख से ज्यादा का लोन केवल 7% की ब्याज दर दिया जाएगा जिससे महिलाएं अपना रोजगार कर सकती है। पहले तीन लाख से ज्यादा का लोन 10% ब्याज पर दिया जाता था। जीविका के सारे कर्मचारी को भत्ता दुगुना कर दिया गया है। इन सारी योजना को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री को जदयू नेता एवं कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया। आभार प्रकट करने में जदयू नेता अरुण राव, अजय कुशवाहा, धनंजय शर्मा, अजीत शर्मा, पूनम कुशवाहा, सोनम दास, शंभू सिंह, मितांबरा लोहड़े, बलिराम चौधरी, बिना देवी, मुन्ना पटवा, विनोद कुमार, श्रीकांत प्रसाद, दयानंद विश्वकर्मा, दिवाकर कुमार, बीरेंद्र शर्मा, राजकुमार शाह, विनोद यादव, रंजीत कुशवाहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## सात अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिला पुलिस ने 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से हथियार, बाइक और मोबाइल बरामद हुआ। गिरफ्तारी बोधगया और मगध मेडिकल थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से की है। जानकारी डीएसपी धर्मेंद्र भारती ने दी है। डीएसपी ने कहा कि बीती रात बोधगया थाना क्षेत्र में दोमुहान के पास वाहन चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार 4 युवक पकड़े गए। पकड़े जाने वालों में गौरव कुमार, अर्जुन कुमार, नीतीश कुमार और सूरज कुमार शामिल हैं। सभी सूरजपुरा, बोधगया के रहने वाले हैं। पुलिस ने जब मोबाइल की जांच की तो उनके मोबाइल में हथियार की तस्वीरें मिलीं। पूछताछ में युवकों ने हथियार छिपा कर रखने की बात कबूल की। यह सूचना मगध मेडिकल थाना को दी गई। फिर वहां की पुलिस ने खिरियावां गांव में छापेमारी की।

वहां से 2 देसी कट्टा और एक देसी रायफल बरामद की गई। इसके बाद विनोवा नगर गांव में छापा मारा गया। वहां से मनीष कुमार, गोलू कुमार और पवन उर्फ चूचू को पकड़ा गया। पवन के घर से एक और देसी कट्टा और 8 एमएम का एक खोखा बरामद किया गया। डीएसपी ने बताया कि पकड़े गए सभी युवक एक गिरोह का हिस्सा है। ये लोग राहगीरों से लूट, छिनतई और चोरी करते थे। लूट के दौरान लोगों को धमकाने के लिए हथियार भी साथ रखते थे।

## तेजस्वी यादव इतने पढ़े-लिखे नहीं कि अखबार में लेख लिख सके : शाहनवाज हुसैन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव इतने पढ़े-लिखे नहीं हैं कि अखबार में लेख लिख सके जो लेख उनके नाम से छपा, वह किसी और से लिखवाया गया है। लेख में कई तथ्यात्मक गलतियां हैं। गयाजी सर्किट हाउस में शाहनवाज ने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर नीतीश कुमार का स्टैंड हमेशा से क्लियर रहा है। पंचायती राज में अति पिछड़ों को आरक्षण देने वाले वही हैं। 1994 में जब जातीय गणना पर बहस हुई थी, तब भी उन्होंने फ्लोर पर इसका समर्थन किया था। शहनवाज हुसैन श्री विद्या त्रिकोटी कुंकुमार्चन यज्ञ में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी का आशीर्वाद लेने जा रहे हैं। भोजपुरी और मैथिली समाज में अब पहले से ज्यादा गहराई से पार्टी जुड़ी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की पकड़ बिहार के हर समाज में है। खासकर भोजपुरी और मैथिली समाज में अब पहले से ज्यादा गहराई से पार्टी जुड़ी है। पिछली बार कुछ कारणों से भोजपुर में कमजोर पड़ गए थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। मोदी और नीतीश की पकड़ मजबूत हो चुकी है। बुजुर्गों को 1100 रुपए पेंशन मिलने पर प्रदेश सरकार को बधाई भी दी। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के मेरा बाप चोर वाले बयान पर कहा, हां, बयान दिया है। शाहनवाज ने कहा कि गया से उनका पुराना नाता है। एयरपोर्ट भाजपा की ही देन है। टूरिज्म को लेकर केंद्र और राज्य सरकार गंभीरता से काम कर रही है। विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि एनडीए भारी बहुमत से जीतेगा। भाजपा, जदयू, चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतनराम मांझी की पार्टी मिलकर चुनाव लड़ेंगी।

## जिले के नियोजित शिक्षकों को अब तक मई माह का वेतन नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** बिहार की सरकार आखिर क्यों नियोजित शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उक्त बातें बिहार राज्य प्रारंभिक नियोजित शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी प्रभाकर कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि गया जिले के सभी कोटि के शिक्षकों को मई माह के वेतन का भुकतान कर दिया गया है, लेकिन नियोजित शिक्षकों को यह कहकर टाला जा रहा है कि आवंटन नहीं है जबकि वर्ष 2025-2026 तक का आवंटन मौजूद है। उन्होंने कहा कि 17 वर्षों से सभी नियोजित शिक्षक सरकार के द्वारा दिए गए आश्वासनों पर विश्वास करते हुए सूबे में शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगे हैं, लेकिन सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैया व सौतेला व्यवहार से सभी नियोजित शिक्षक मर्माहत हैं। नई नियमावली ने शिक्षकों को सड़कों पर आने पर मजबूर कर दिया है। बिना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा प्राप्त करना हम सभी नियोजित शिक्षकों का लक्ष्य है। हर हाल में सरकार को इस नई अध्यापक नियमावली को वापस लेकर नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी को दर्जा देना होगा। सरकार द्वारा 2011 से पूर्व बहाल मदरसा शिक्षकों को बिना कोई परीक्षा कंपटीशन दिए राज्यकर्मी का दर्जा के साथ वेतनमान दिया गया। 34540 कोटि के शिक्षकों को बिना कोई परीक्षा दिए राज्यकर्मी का दर्जा वेतनमान सब कुछ दिया। बिहार राज्य प्रारंभिक नियोजित शिक्षकों की बहाली के बाद शिक्षा में कहीं कोई गिरावट नहीं हुई। लेकिन जैसे ही नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा या समान वेतनमान देने की बात आती है तो शिक्षा का स्तर गिर जाता है। सरकार की दोहरी राजनीति नहीं चलेगी। बिहार के शिक्षा मंत्री इस मामले में जल्द जबाव दे। उन्होंने कहा कि पूर्व में ही सभी शिक्षक को क्यों नहीं बीपीएससी से परीक्षा ली गई। सड़क से सदन तक सरकार के खिलाफ आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी कहते हुए चेताया कि अगर जल्द हमारी मांगों पर सरकार विचार नहीं रखती है तो मजबूरन होकर हम सड़कों से लेकर सदन को घेरने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं वहां के कर्मचारियों के असहयोगात्मक रवैये के कारण अभी तक मई माह का वेतन भुगतान नहीं किया गया है जिसके कारण नियोजित शिक्षकों के समक्ष आर्थिक तंगी कायम है, अगर एक दो दिन के अंदर नियोजित शिक्षकों को मई माह का वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो सभी नियोजित शिक्षक एकजुट होकर चरणबद्ध आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

## मोदी सरकार के ग्यारह वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** भारतीय जनता पार्टी खिजरसराय दक्षिणी एवं उत्तरी दोनों मंडलों का संयुक्त कार्यक्रम केन्द्र में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया। विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर कार्यक्रम का आयोजन खिजरसराय दक्षिणी क्षेत्र के अइमा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दक्षिणी के मंडल अध्यक्ष दया शंकर ने की। अध्यक्षीय संबोधन में दया शंकर ने कहा कि मोदीजी का यह 11 साल का कार्यकाल बेमिसाल है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भारत को विश्व स्तर पर एक नया पहचान दिया है। साथ ही देश के अंदर भी जनहित हेतू अनेकों कार्य किया है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गया जी जिला (पूर्वी) के उपाध्यक्ष अजय कुमार तन्नी ने 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम पर विशेष रुप से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबी कल्याण, वंचितों का सम्मान, किसानों का कल्याण, नारी शक्ति को नई गति प्रदान करने, मध्यम वर्ग का जीवन आसान, व्यापार सुगमता, सस्ती एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवा, राष्ट्र प्रथम की भावना जगाने, इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास, पर्यावरण का सतत विकास, पर्यटन को बढ़ावा, रोजगार के क्षेत्र में विकास के साथ ही अनेकों कार्य किया है। इस दौरान तन्नी जी ने एक और कार्यक्रम बूथ सशक्तिकरण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से संबंधित आवश्यक मुद्दों पर भी उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया। भाजपा नेता सतीश कुमार सिंह उर्फ जय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार एवं सहजानन्द दांगी, महामंत्री पंकज कुमार दांगी, उज्ज्वल कुमार इत्यादि ने अपने संबोधन में कहा कि भारत ने जिस तरह से सभी क्षेत्रों में तीव्र गति से विकास किया है। वह मोदी सरकार की ही देन है। उन्होंने ऐतिहासिक धरोहरों को भी सजाने संवारने का कार्य किया है। खिजरसराय उत्तरी अध्यक्ष प्रमोद कुशवाहा के द्वारा भी मोदी सरकार के 11 साल पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपलब्धियों पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम का संचालन दक्षिणी मंडल उपाध्यक्ष विकास रंजन एवं धन्यवाद ज्ञापन उत्तरी मंडल के विनोद मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मनोज महतो, मुन्नी देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष बीरंज कुमारी, अजय वर्मा, संजीव कुमार, मनोज रजक के साथ अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धर्म सभा भवन में सिंदूर महायज्ञ के दूसरे दिन 3 करोड़ सिंदूर अर्चन, पूर्णाहुति आज

### सनातन धर्म को पुनर्जीवित करने के लिए आगे आए महिलाएं : लेशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** सर्वजन हिताय और देश की प्रगति, खुशहाली और उन्नति के लिए गया जी के धर्म सभा भवन में स्वामी अभिषेक ब्रहमचारी के सानिध्य में चल रहे तीन दिवसीय से श्री विद्या त्रिकोटी कुमकुमार्चन महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को धर्मसभा भवन में सुहासिनी महिलाओं के द्वारा विशेष अनुष्ठान किया गया। सर्वप्रथम दक्षिण भारत से पधारे ब्राह्मणों ने देवी सूक्त पाठ के साथ माता ललिता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दुर्वाभिषेक, पुष्पाभिषेक कर पूरे विधि विधान के साथ मंगल आरती की गई। मां ललिता की चल रही विशेष पूजा में राष्ट्र के प्रगति खुशहाली और कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। इसके बाद सुहासिनी महिलाओं ने श्री यंत्र पर सिंदूर अर्चना शुरू किया। धर्म सभा भवन का पूरा परिसर देवी सूक्त पाठ और मंत्रोच्चारण से गूंज रहा है। सुहासिनी महिलाओं और युवतियों में विशेष उत्साह देखा गया। धर्म के प्रति आस्था और श्रद्धा पहली बार गया में आयोजित सिंदूर महायज्ञ में देखा जा रहा है। रविवार को महिलाओं की अपार भीड़ से धर्म सभा भवन का हॉल खचाखच भरा था। सबके मन में राष्ट्र की समृद्धि और परिवार में सुख शांति के ध्येय मानकर सिंदूर अर्चना किया। कई महिलाएं तीन दिनों तक उपवास रखकर इस कार्यक्रम में अनुष्ठान कर रही है। रविवार को बड़ी संख्या में महिलाएं अनुष्ठान में शामिल हुई। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरुआत खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह, पूर्व विधान पार्षद लाल बाबू प्रसाद, विधायक वीरेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश के बलिया से सांसद नीरज शेखर, वरिष्ठ संत अभिषेक ब्रह्मचारी रामानुजाचार्य मठ के महंत श्री वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक अनिल ठाकुर, राजेश पांडेय, उमेश कुमार, उपेंद्र त्यागी, समाजसेवी शिव कैलाश डालमिया ,पूर्व विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह, युवा चेतना के संयोजक रोहित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि माता ललिता से भारत के प्रगति हेतु प्रार्थना करता हूं। सनातन धर्म की रक्षा और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में सिंदूर अर्चना का कार्यक्रम सराहनीय प्रयास है। जिसमें महिलाएं पूरे श्रद्धा और विश्वास के साथ भाग ले रही हैं। महिलाओं से कहा कि धर्म के प्रति आस्था व्यक्त कर अपने सनातन संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने का प्रयास करें तभी हमारा राष्ट्र विकास के पथ पर अग्रसर हो सकता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि देश के सभी राज्यों में सिंदूर अर्चना का कार्यक्रम होना चाहिये। पीएम नरेंद्र मोदी ने सिंदूर ऑपरेशन कर राष्ट्र को सशक्त बनाया है ठीक उसी तरह सिंदूर अर्चना आज का माताओं- बहनों को सशक्त बना रही है।

## पेंशन चार सौ से बढ़ाकर 11 सौ रुपये किए जाने की घोषणा का स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन 400 रुपए प्रति से बढ़ाकर 1100 रुपए किए जाने की घोषणा को स्वागत करते हुए मांग किया कि महंगाई को देखते हर बुजुर्ग महिला-पुरुष को 3000 रुपए पेंशन दिया जाय। श्री आजाद ने कहा कि दूसरे कई राज्यों में



वृद्धावस्था पेंशन 2000 रुपए से लेकर 3000 रुपए प्रतिमाह है। पहले से ही दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोक समिति अपने कार्यक्रमों के माध्यम से 3000 रुपए प्रतिमाह वृद्धावस्था पेंशन की मांग करती रही है।

## एक ही रात दो घरों से लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के कनौसी पंचायत अंतर्गत मीठापुर गांव में एक ही रात दो घरों में भीषण चोरी की घटना रविवार के सुबह सामने आई है। संवाद सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार योगेंद्र यादव के अर्द्धनिर्मित मकान के सहारे चोरों ने शिक्षक अवध किशोर पिता रामचंद्र यादव के घर में छत होकर सीढ़ी पर लगे ताला तोड़कर प्रवेश किया और करीब दो लाख रुपए का जेवर, महत्वपूर्ण दस्तावेज केवाला, खतियान, पासबुक, आधार, पैन कार्ड बगैरह ले गए।



उसके बाद पास में ही पंकज यादव पिता भगवान यादव के घर में पीछे के खिड़की में लगे ईंट को हटाकर घर में प्रवेश किया और उक्त घर के सदस्यों को चेहरे पर नशा का स्प्रे मार दिया। उसके बाद घर से करीब 10 लाख रुपए से अधिक का जेवर और सामान पार कर दिया। वहीं गांव के बधार से ग्रामीणों ने कपड़े, कागजात आदि बरामद किए, लेकिन कीमती सामान नहीं थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोंच पुलिस उक्त स्थल पर पहुंची और जांच में जुटी है, चोरों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की मांग कर रहे हैं।


## कार्यालय-मानिकपुर प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी (पैक्स) लि., प्र.- नरपतगंज

**निबंधन संख्या एवं तिथि-67 A दिनांक 16-08-2008**

**विज्ञापन संख्या : PACS/MP /001** **दिनांक: 07-05 2025**

निबंधक, सहयोग समितियां, बिहार, पटना का पत्रांक-328 दिनांक-13.01.2023 के अनुपालन में बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम (यथा संशोधित) 1935 की धारा-66 (ख) एवं धारा-44 क, फ (घ) के तहत प्रदत्त शक्तियों के आलोक में मानिकपुर प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी (पैक्स) लि. की प्रबंध समिति द्वारा अक्षुण्णरूप से अंगीकृत आदर्श कार्मिक सेवा नियमावली-2022 के प्रावधानों के तहत प्रबंधक के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु निबंधक सहयोग समितियां, बिहार, पटना के निदेश पत्रांक-3708 दिनांक-28.04.2025 और जिला सहकारिता पदाधिकारी, अररिया के आदेश ज्ञापांक 591/स.स., अररिया, दिनांक-03-05-2025 के आलोक में पैक्स प्रबंधक की भर्ती हेतु विज्ञापन सं.- PACS/MP/001 दिनांक 07.05.2025 निर्गत किया जाता है।

| क्रम सं0 | पद का नाम | रिक्ति की संख्या | कोटि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | पुरुष / महिला सभी आवेदन कर सकते हैं। |

01. **नियुक्ति की प्रक्रिया:-**
(i) चयन समिति की अनुशंसा के आलोक में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा मेधा सूची के आधार पर किया जाएगा (योग्यता एवं साक्षात्कार)
(ii) वेतन/पारिश्रमिक/भत्ता का निर्धारण तथा भुगतान पैक्स की प्रबंध समिति द्वारा किया जाएगा। (अगर समिति लाभ में होगी तो)

02. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :-**
(i) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण एवं किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर प्रशिक्षित (टेली के साथ)।

03. **पात्रता एवं अन्य शर्तें :-**
(i) दिनांक 01-05-2025 को उम्र-18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच । परन्तु सहकारी समिति में न्यूनतम 05 वर्ष के कार्यानुभव के आधार पर आयु सीमा में 05 वर्ष का छूट अनुमान्य होगा।
(ii) अभ्यर्थी मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य हो।
(iii) पूर्व की सेवा में गबन का आरोपी नहीं हो और न ही आर्थिक अथवा किसी अपराध का आरोपी हो
(iv) प्रबंध समिति के किसी सदस्य / अध्यक्ष का परिवार अथवा निकट संबंधी नहीं हो।
(v) दो प्रतिष्ठित एवं नेकचलनी व्यक्ति जिन का स्थायी निवास उक्त पैक्स के क्षेत्राधीन हो से चरित्र प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।
(vi) चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति से पूर्व 25000/- रूपये अथवा तीन महीने के वेतन के समतुल्य राशि जो भी अधिक हो का प्रतिभूति के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
(vii) अभ्यर्थी अपने सभी मैट्रिक, इंटर, स्नातक, कम्प्यूटर प्रशिक्षण संबंधी शैक्षणिक तथा अन्य कागजात का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगे और साक्षात्कार के समय सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं अन्य कागजात का मूल रूप से साथ लायेंगे अन्यथा आवेदन रद्द करने का आधार बन सकता है।
(viii) **आवेदन भेजने का पता:-** मानिकपुर पैक्स, मुख्यालय, ई.ई.सी गोदाम स्थित कार्यालय, मानिकपुर, पो.+थाना:-फुलकाहा, प्रखंड-नरपतगंज, जिला- अररिया, पिन कोर्ड 854336 आवेदन प्राप्त करने का समयः- 10.30 बजे पूर्वाहन से 4.00 बजे अपराहन तक। आवेदन करने की अंतिम तिथिः विज्ञापन प्रकाशित होने से 15 दिनों के अन्दर ।

**निवेदक**
**अध्यक्ष / प्रबंध समिति**
**मानिकपुर पैक्स, प्र.-नरपतगंज**
**जिला-अररिया।**


## दलित विमर्श कार्यक्रम में हिमांशु शेखर हुए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** बाबू इन्द्रदेव प्रसाद स्मारक शिक्षा एवं सामाजिक चेतना फाउण्डेशन, लखनऊ एवं मुंद्रिका सिंह यादव महाविद्यालय, अरवल के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय साधना केंद्र बोधगया में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'दलित विमर्श और सुरेश चंद्र का साहित्य' कार्यक्रम में टिकारी के चर्चित आलेखकार सह सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर को शनिवार की संध्या में 'बाबू इंद्रदेव प्रसाद स्मृति सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने किया। श्री शेखर को यह सम्मान शैक्षिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक




क्षेत्र में उनके प्रदत्त प्रशस्य योगदान के लिए प्रदान किया गया है। विगत कई वर्षों से विभिन्न समाचार पत्रों में हिमांशु शेखर की टिप्पणियां प्रकाशित हो रही है। उनकी टिप्पणियां सामाजिक चेतना को जगाने का काम करती हैं। श्री शेखर के नेतृत्व में विगत दस वर्षों से राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जयंती एवं स्मृति समारोह का आयोजन किया जा रहा है। श्री शेखर को यह सम्मान प्रो सुरेश चंद्र, भारतीय भाषा विभागाध्यक्ष, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय गयाजी एवं प्राचार्य अवधेश प्रसाद के द्वारा प्रदान किया गया। श्री शेखर को इस उपलब्धि पर सतेन्द्र नारायण, बृजमोहन शर्मा, बाल्मीकि प्रसाद, प्रो. राजन, अबरार आलम, नामित राजा, नारायण मिश्रा सहित कई शिक्षाविदों ने बधाई दिया है।

## सीयूएसबी को मधुमक्खी अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड से 30.96 लाख रुपये का अनुदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** अकादमिक उत्कृष्टता के मार्ग पर अग्रसर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कृषि विभाग को मधुमक्खी पालन एवं परागणकर्ता संरक्षण के क्षेत्र में दो नवाचारपरक शोध एवं विकास परियोजनाओं के लिए राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 30.96 लाख का अनुदान प्रदान किया गया है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय को मधुमक्खी पालन के लिए मिले अनुदान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे निरंतर प्रयासों का फल है। उन्होंने कहा कि ऐसी नवाचारपरक परियोजनाएं ग्रामीण विकास, प्राकृतिक खेती और राष्ट्रीय जैविक मिशन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सीयूएसबी सतत विकास के साथ-साथ परियोजनाओं के संसाधन सृजन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हमारी प्रतिबद्धता है कि ऐसी परियोजनाओं के माध्यम से विश्वविद्यालय शोध, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के क्षेत्र में एक नई मिसाल स्थापित करे। इन परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन के माध्यम से सीयूएसबी न केवल शोध, नवाचार और शिक्षा में एक नई ऊंचाई प्राप्त करेगा, बल्कि ग्रामीण भारत में सतत आजीविका, पर्यावरणीय स्थिरता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण योगदान देगा। इस परियोजना को लेकर कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा, कृषि विभाग के अधिष्ठाता, तथा विभिन्न विभागों और संकायों के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि ये दोनों परियोजनाएं विश्वविद्यालय के कृषि विभाग सह-प्राध्यापक डॉ. हेमंत कुमार सिंह द्वारा संचालित की जाएगी, जो इन परियोजनाओं के प्रधान अन्वेषक (पीआई) हैं।

संपादकीय

# नई टोल टैक्स योजना!

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों पर नई टोल टैक्स योजना के तहत 3 हजार का पास जारी करने के ऐलान से फिलहाल दो फायदे होंगे, एक तो सरकार के पास काफी पैसा एडवांस आ जाएगा, दूसरे निजी वाहन चालकों को टोल की लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। गौरतलब है कि मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले दिनों ऐलान किया था कि वो टोल टैक्स को लेकर नई योजना लेकर आ रहे हैं। यह घोषणा उसीके अनुपालन में है। मंत्री गडकरी के अनुसार 15 अगस्त, 2025 से पूरे साल के लिए फास्टैग का पास बनना शुरू होगा। इस पास से एक साल के भीतर 3000 रुपये में 200 से ज्यादा बार सफर किया जा सकेगा। वर्तमान में फास्टैग को किसी भी ख्रढ्ढ प्लेटफॉर्म से रिचार्ज किया जा सकता है। इसके लिए 100 रुपये से लेकर 3000 रुपये तक रिचार्ज का विकल्प होता है। लेकिन इस वार्षिक पास के लिए भुगतान के लिए आपको मोबाइल में ऐप डाउनलोड करना होगा। यह पास राजमार्ग यात्रा ऐप के जरिए हासिल किया जा सकता है। इसके अलावा ह्लढ्ढ/स्ह्रञ्ज॥ की ऑफिशियल वेबसाइट से भी आप भुगतान किया जा सकता है। इन वेबसाइट्स पर एक लिंक उपलब्ध कराया जाएगा।

नितिन गडकरी के ट्वीट के मुताबिक इस नीति से टोल बूथ को लेकर चले आ रहे विवाद भी खत्म हो जाएंगे और लोगों को सुगम यात्रा का अनुभव होगा। लेकिन यह योजना केवल नॉन कमर्शियल यानी निजी वाहनों के लिए ही है। कमर्शियल वाहनों से पूर्ववत फास्टैग के जरिए ही टोल टैक्स लिया जाएगा। इसका सीधा मतलब है कि अभी टोल टैक्स खत्म नहीं होंगे। हो सकता है कि इस बारे में नई योजना के परिणाम देखने के बाद कोई फैसला हो। इस योजना की खामी यह है कि वर्तमान में यह केवल राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए ही है। जबकि इसकी तुलना में कई गुना ज्यादा संख्यास राज्य राजमार्गों पर चलने वालो की होती है। इसे सभी जगह लागू किया जाता तो बेहतर होता। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सालाना पास लेने वालों के लिए टोल नाकों पर अलग से लेन होगी या नहीं? क्योंकि अगर लंबी लाइन में ही लगना पड़ेगा तो लोग इस योजना का लाभ लेने से हिचकेंगे। बहरहाल इस योजना से सरकार का खजाना निश्चित ही भरेगा। मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले दिनों संसद में बताया था कि सरकार को नेशनल हाईवे पर पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत चलने वाले टोल बूथों पर टैक्स के तौर पर 1.44 लाख करोड़ रुपये की कमाई हुई है। देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगभग 983 टोल नाके हैं। सरकार को इनसे होने वाली कमाई हर साल बढ़ रही है। अकेले गुजरात में ह॥-48 के वडोदरा-भरूच हिस्से मेंर स्थित इस टोल प्लाजा ने पिछले पांच वित्तीय वर्षों (2019-20 से 2023-24) में 2043.81 करोड़ रुपये का टोल जमा किया। टोल कमाई की लिस्ट में दूसरा नंबर राजस्थान के शाहजहांपुर टोल प्लाजा का है। इसमें दो राय नहीं कि टोल व्यवस्था से देश में राजमार्गों का निर्माण बहुत तेजी से हो रहा है। लोगो को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सड़कों पर आवागमन का सुख मिल रहा है। क्योंकि सड़क परिवहन केवल लोगों के यातायात ही नहीं बल्कि माल परिवहन और व्यापार व्यवसाय के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बल्कि यूं कहें कि अच्छी सड़क विकास की पहली सीढ़ी है। लेकिन देश में बढ़ते टोल के साथ साथ अब टोल नाकों पर लगने वाली लंबी लाइनों के कारण सफर में ज्यादा समय लग रहा है, जिससे अच्छी सड़क का फायदा कम हो जाता है। लोग टोल देने को तैयार हैं, लेकिन इसमें होने वाली समय की बर्बादी से छुटकारा पाना चाहते हैं।

बलिदान दिवस पर विशेष

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के दिखाए मार्ग पर अग्रसर नरेन्द्र मोदी सरकार

- डॉ. संजय मयूख



23 जून 1953 जम्मू-कश्मीर की जेल में एक क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त का शरीर भले शांत हो गया, लेकिन उनका बलिदान, उनके विचार, आज भी देश को राह दिखा रहे हैं। अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी स्वतंत्र भारत की राजनीति में वह स्वर थे, जिन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस तक एक भारत, अखंड भारत और सशक्त भारत के लिए संघर्ष किया। आज जब हम बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं, तो यह आवश्यक है कि हम मूल्यांकन करें कि उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर आज देश किस दिशा में अग्रसर है। विगत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के विचारों को केवल स्मृति में नहीं रखा, बल्कि उन्हें यथार्थ में साकार किया है। डॉ. मुखर्जी जी का जीवन, उनका चिंतन और उनका बलिदान भारतीय राजनीति, शिक्षा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की उस धारा का प्रतिनिधित्व करता है, जो अखंड भारत, सांस्कृतिक गौरव और सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए सतत संघर्ष करती रही है। आज जब मोदी सरकार विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही है, तब डॉ. मुखर्जी की विचारधारा पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठी है। उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलकर आज भारत एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।

## अनुच्छेद 370 का अंतः एक ऐतिहासिक संकल्प

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का सबसे बड़ा संघर्ष जम्मू-कश्मीर में दोहरी व्यवस्था के खिलाफ था। ''एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे'' यह भाषण का केवल एक नारा नहीं, उनके जीवन का लक्ष्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 ए को हटाकर न केवल जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प साकार किया गया, बल्कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। यह निर्णय भारत की एकता और अखंडता की पुनर्स्थापना के साथ ही यह उस 'न्यू इंडिया' की ओर एक निर्णायक कदम था, जहां एक विधान, एक प्रधान, एक निशान हैं। और जम्मू-कश्मीर भारत के अन्य राज्यों की तरह विकास की मुख्यधारा से जुड़ कर लगातार आगे बढ़ रहा है।

## राष्ट्र रक्षा और आत्म बलिदान की प्रेरणा

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की नीति स्पष्ट और अडिग थी राष्ट्रहित से कभी समझौता नहीं। देश के विभाजन के समय जब कांग्रेस की दुर्बल और तुष्टिकरण की नीति के कारण मुस्लिम लीग बंगाल को पूरी तरह पाकिस्तान में मिलाने का षड्यंत्र रच रही थी, तब डॉ. मुखर्जी जी ने बंगाल के हिंदुओं के अधिकार और अस्मिता की रक्षा के लिए निर्णायक संघर्ष किया। उनके प्रयासों से ही पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा बना और कलकत्ता जैसा सामरिक और आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बंदरगाह पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) के कब्जे में जाने से बचा। उन्होंने तत्कालीन नेहरू सरकार की उन नीतियों का भी विरोध किया, जिनके चलते पूर्वी पाकिस्तान में हिंदुओं के अधिकारों की अनदेखी हुई। आज वही दृष्टिकोण, वही निर्णायकता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की रक्षा और विदेश नीति की पहचान बन चुका है। सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पर त्वरित प्रतिक्रिया, पाकिस्तान की नापाक गतिविधियों का सख्ती से जवाब देना यह दर्शाता है कि भारत अब मूकदर्शक नहीं, निर्णायक राष्ट्र बन गया है।

## सांस्कृतिक गौरव का पुनर्जागरण

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का मानना था कि भारत का राष्ट्रवाद केवल भौगोलिक सीमाओं से परे, सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा है। उनका मानना था कि भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जड़ों को समझना और उनका सम्मान करना आवश्यक है। मोदी सरकार ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को एक नई ऊंचाई दी है, चाहे वह काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण हो, अयोध्या में श्री राम लला के मंदिर का निर्माण या फिर केदारनाथ, महाकाल लोक जैसे तीर्थों का भव्य विकास हो रहा है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी भारतीयता की मूल भावना को पुनर्स्थापित करना चाहते थे। मोदी सरकार द्वारा चलाया जा रहा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम डॉ. मुखर्जी जी के उस आदर्श को मूर्त रूप दे रहे हैं, जिसमें विविधता में एकता को राष्ट्र की शक्ति माना गया है। ''हर घर तिरंगा'', ''मन की बात'' और ''वोकल फॉर लोकल'' जैसी पहल भारतीय जनमानस को जोड़ने का माध्यम बन चुकी हैं। सांस्कृतिक आदान-प्रदान की योजनाएं हों या राज्यों के बीच सहयोग की नीतियाँ यह सब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के ''अखंड भारत'' के विचार की व्यावहारिक प्रस्तुति है।



## शिक्षा और नवाचारः राष्ट्र निर्माण का मूल आधार

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एक शिक्षाविद थे और कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति के रूप में उन्होंने शिक्षा प्रणाली में नवाचार की नींव रखी। उनका मानना था कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार है। वे भारतीय संस्कृति, मूल्य और मातृभाषा आधारित शिक्षा व्यवस्था के प्रबल समर्थक थे। मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 उसी सोच का विस्तार है, जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक तकनीकी ज्ञान का संतुलन है। यह नीति भारतीय मूल्यों और वैश्विक मानकों का समन्वय करते हुए 'ज्ञान आधारित भारत' की नींव रख रही है।

## आत्मनिर्भर भारतः स्वावलंबी राष्ट्र की कल्पना

स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी स्वदेशी उद्योगों के प्रबल समर्थक थे। उनका मानना था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाना ही वास्तविक विकास है। मोदी सरकार की 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया', 'पीएलआई योजना' आज 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान आज इस लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग कर रहे हैं। मोदी सरकार ने 'आत्मनिर्भर भारत' के जरिए इस विचार को व्यवहार में उतारा है। कोरोना महामारी के कठिन समय में जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला चरमरा गई, भारत ने अपने संसाधनों पर भरोसा करते हुए न केवल टीके बनाए, बल्कि 100 से अधिक देशों को सहायता भी भेजी। जो वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का साक्षात उदाहरण है।

## सामाजिक समरसताः गरीब-कल्याण की संकल्पना

1943 के भयावह बंगाल अकाल में जब शासन तंत्र असहाय था, तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक संवेदनशील और कर्मठ राष्ट्रसेवक के रूप में नेतृत्व किया। उन्होंने केवल पीड़ा की बात नहीं की बल्कि पूरे भारत को झकझोरते हुए राहत के लिए जन आंदोलन खड़ा कर दिया। उनकी अपील इतनी प्रभावशाली थी कि देशभर से सहायता मिली और लाखों जानें बच सकीं। यह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के उस मानवतावादी दृष्टिकोण का प्रमाण है। आज यही विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार की अंत्योदय आधारित जनधन, उज्ज्वला, पीएम आवास, आयुष्मान भारत, पीएम स्वनिधि, डिजिटल इंडिया जैसी योजना के माध्यम से सजीव रूप ले चुका है, यह राष्ट्रवाद केवल वैचारिक नहीं, व्यवहारिक है। आम आदमी का जीवन स्तर ऊंचा उठाकर राष्ट्र को मजबूत करना, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सोच का ही विस्तार है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एकीकृत, सशक्त और सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली भारत के सपने ने देश की दिशा को नया आयाम दिया है। आज उनके बताए मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को न केवल जीवंत रखी है, बल्कि उन्हें आधुनिक भारत की नींव में उतारने का कार्य की है। भाजपा सरकार ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करके विश्व को यह दिखा दिया है कि एक सशक्त राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़कर ही महानता प्राप्त कर सकता है।

**(लेखक बिहार विधान परिषद में भाजपा के मुख्य सचेतक तथा भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं)**

अध्यात्म

# शुरुआती असफलता से रास्ता नहीं बदलना चाहिए

सफलता उन्हीं लोगों को मिलती है जो लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ते रहते हैं। बार-बार अपना रास्ता बदलने वाले लोग सफलता हासिल नहीं कर पाते हैं। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक किसान ने अपने खेत में फसल के बीज डाल दिए थे। अब वह बारिश का इंतजार कर रहा था। कई दिनों तक बारिश नहीं हुई तो किसान परेशान हो गया। बहुत सोचने के बाद किसान ने तय किया अब उसे अपने खेत में ही एक कुआं खोद लेना चाहिए। ये विचार आते ही उसने अगले दिन से ही खेत के एक कोने में कुआं खोदना शुरू किया। दिनभर कड़ी मेहनत की। शाम को उसने सोचा कि शायद मैंने गलत जगह पर गड्ढा खोद दिया है। कल दूसरी जगह गड्ढा खोदूंगा तो शायद पानी निकल आएगा। अगले दिन किसान ने दूसरी जगह गड्ढा खोदना शुरू किया। शाम तक किसान ने दूसरा गड्ढा खोद दिया। रात में उसने फिर सोचा कि मैंने आज फिर गलती कर दी, मुझे किसी और जगह पर गड्ढा खोदना चाहिए। इसी तरह किसान रोज अलग-अलग जगहों पर गड्ढे खोदता, लेकिन कहीं भी पानी नहीं निकला।

एक दिन उसके खेत के इधर से संत निकल रहे थे। तभी उन्होंने खेत में बहुत सारे गड्ढे दिखे तो उन्होंने से पूछा कि भाई ये सब क्या है? किसान ने संत से कहा कि गुरुदेव मैं खेत में कुआं खोद रहा हूं, लेकिन मुझे समझ नहीं आ रहा है कि खेत में कहां जल्दी पानी निकल आएगा? इसीलिए मैंने ये गड्ढे खोदे हैं। संत ने उससे कहा कि भाई अगर तुम किसी एक ही जगह धैर्य के साथ गड्ढा खोदते और उसे ही कुएं का आकार दे देते तो शायद अब तक तुम्हें पानी मिल जाता। लेकिन, तुमने अलग-अलग जगह पर गड्ढे खोदे, यही गलती तुमने की है। किसान को संत की बात समझ आ गई। अगले दिन से किसान ने एक ही गड्ढे को गहरा करना शुरू कर दिया। कुछ ही दिनों में उस गड्ढे में पानी निकल आया। उसने गड्ढे को कुएं का आकार दे दिया।

**सीख**

इस कथा की सीख यह है कि हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं, इसके लिए किसी एक रास्ते पर आगे बढ़ते रहना चाहिए, बार-बार रास्ता बदलने से हम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाते हैं।

# बिहार में जीत के लिए कांग्रेस फिर काठ की हांडी के भरोसे

योगेन्द्र योगी

**चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद ऐसे आरोप बेतुके हैं। 24 दिसंबर, 2024 को ही कांग्रेस को भेजे अपने जवाब में ये सभी तथ्य सामने रखे थे जो चुनाव आयोग की वैबसाइट पर उपलब्ध हैं। ऐसा लगता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते हुए इन सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने यह भी लिखा कि किसी के द्वारा प्रसारित कोई भी गलत सूचना चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों की बदनामी तथा चुनाव कर्मचारियों का मनोबल तोडने वाला होता है जो इस बड़ी कवायद के लिए अथक परिश्रम करते हैं। आयोग ने कहा कि महाराष्ट्र की मतदाता सूची को लेकर लगाए गए निराधार आरोप कानून के शासन का अनादर है।**

लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव और कई राज्यों में विधानसभा चुनाव हारने से भी कांग्रेस ने कोई सबक नहीं सीखा है। देश में भ्रष्टाचार और विकास के मुद्दे उठाने की बजाय पुराने गढ़े मुर्दे उखाड़ कर अपना खोया हुआ जनाधार फिर से प्राप्त करने की नाकाम कोशिशों में जुटी हुई है। देश की सबसे पुरानी पार्टी को देश के मतदाताओं की नब्ज पकड़ में नहीं आई है। इतने चुनाव हारने के बाद भी कांग्रेस को यह समझ नहीं आया है कि आखिर देश के मतदाता चाहते क्या हैं।

मतदाताओं की जरूरतों को समझने की बजाय कांग्रेस सत्ता प्राप्ति के लिए काठ की हांडी को बार-बार चढ़ाने के प्रयास में मात खा रही है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों से यही लगता है कि कांग्रेस के पास मुद्दों की या समझ की कमी हो गई है। कांग्रेस महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में फर्जीवाड़े का आरोप लगा रही है। आश्चर्य यह है कि यही कांग्रेस जब कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में चुनाव जीती तब निर्वाचन प्रक्रिया पर ऐसे आरोप नहीं लगाए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर फिर एक बड़ा आरोप लगाया।

उन्होंने 5 चरणों में महाराष्ट्र चुनाव में फिक्सिंग की बात कही है। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब देते हुए उनके सभी दावों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने एक अंग्रेजी अखबार में लिखे अपने लेख के जरिए भाजपा पर आरोप लगाया कि महाराष्ट्र चुनावों में मैच फिक्सिंग की गई और अब कुछ ऐसा ही बिहार में दोहराया जाएगा। राहुल गांधी ने अपने इस लेख को सोशल मीडिया पर शेयर किया। राहुल गांधी ने लिखा कि भाजपा और उसके सहयोगियों ने महाराष्ट्र में चुनाव जीतने के लिए 5 चरणों की प्लानिंग की थी। कांग्रेस नेता ने यह कहा कि महाराष्ट्र की तरह की मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो। राहुल गांधी के इस आरोप पर भाजपा के साथ-साथ जे.डी.यू., हम सहित अन्य दलों ने भी कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रतिक्रिया दी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने राहुल गांधी द्वारा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लोकतंत्र में धांधली करने का ब्लूप्रिंट करार दिए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता कई चुनाव में हार से दुखी और हताश हैं इसलिए विचित्र साजिशें रचने का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी को यह नहीं पता कि चुनावी प्रक्रिया कैसे काम करती है। उन्हें बहुत अच्छे से पता है। लेकिन उनका मकसद स्पष्टता नहीं बल्कि अराजकता फैलाना है। जे.डी.यू. नेता के.सी. त्यागी ने कहा कि चुनाव आयोग का जितना दुरुपयोग कांग्रेस ने अपने जमाने में किया है उतना किसी ने नहीं किया। मुख्य चुनाव आयुक्त एम.एस. गिल को सांसद बनाया और मंत्री बनाया। कांग्रेस पार्टी की जो नीतियां रही हैं पिछड़ों और वंचितों को लेकर उसके चलते उनके वोटों पर पहले ही चोरी नहीं बल्कि डाका पड़ चुका है। त्यागी ने कहा कि बिहार चुनाव से पहले ही राहुल गांधी हार मान चुके हैं। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में राहुल गांधी के दावों को निराधार बताया। निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों पर लंबा जवाब दिया है।



चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद ऐसे आरोप बेतुके हैं। 24 दिसंबर, 2024 को ही कांग्रेस को भेजे अपने जवाब में ये सभी तथ्य सामने रखे थे जो चुनाव आयोग की वैबसाइट पर उपलब्ध हैं। ऐसा लगता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते हुए इन सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने यह भी लिखा कि किसी के द्वारा प्रसारित कोई भी गलत सूचना चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों की बदनामी तथा चुनाव कर्मचारियों का मनोबल तोडने वाला होता है जो इस बड़ी कवायद के लिए अथक परिश्रम करते हैं। आयोग ने कहा कि महाराष्ट्र की मतदाता सूची को लेकर लगाए गए निराधार आरोप कानून के शासन का अनादर है।

चुनाव आयोग ने यह भी लिखा कि महाराष्ट्र में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक करीब 6.41 करोड़ मतदाताओं ने वोट दिया। अर्थात हर घंटे औसतन 58 लाख वोट पड़े। इस लिहाज से आखिरी दो घंटों में 116 लाख वोट पड़ सकते थे जबकि आखिरी 2 घंटों में केवल 65 लाख वोट पड़े जो औसत से काफी कम था। आयोग ने तब कहा था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस या किसी अन्य राजनीतिक दल की ओर से कोई शिकायत नहीं थी। गौरतलब है कि इससे पहले कांग्रेस ई.वी.एम. मशीनों से वोटिंग की बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर चुकी है। कांग्रेस का आरोप था कि ई.वी.एम. मशीनों में हेराफेरी की गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल, 2024 में कई याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इन याचिकाओं में चुनाव के दौरान सभी ई.वी.एम. के जरिए डाले गए वोटों का मिलान वोटर वेरिफिएबल पेपर आडिट ट्रेल स्लिप से करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाओं को खारिज करते हुए सी.जे.आई. खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने बैलेट पेपर सिस्टम पर वापस लौटने की याचिकाकर्त्ताओं की मांग को कमजोर प्रतिगामी और अनुचित बताया था। बेंच ने फैसला सुनाया था कि ई.वी.एम. सरल, सुरक्षित और उपयोगकर्त्ता के अनुकूल हैं। चुनाव हो जाने के करीब एक साल बाद महाराष्ट्र में चुनावी धांधलियों का आरोप लगाने पर यही माना जाएगा कि कांग्रेस गफलत में है। यदि चुनावों में गड़बड़ी की शिकायतें हैं भी तो इन्हें अदालतों में चुनौती दी जा सकती है। कांग्रेस को शायद अंदाजा है कि अदालतों में उसके लगाए आरोप टिक नहीं पाएंगे।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपके आसपास का वातावरण अत्यन्त सकारात्मक रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों के लिये कुछ उपहार ले सकते हैं।

**वृषभ**
कारोबार में आ रही परेशानियों का हल हो जायेगा। अपनी जीवनशैली में परिवर्तन ला सकते हैं। किसी के प्रति मन में ईर्ष्या भाव न आने दें।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपसे खुश नहीं है। पूजा-पाठ में आपकी विशेष रुचि रहेगी। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिन्ता हो सकती है।

**कर्क**
पुराने अनुभवों का आज लाभ उठा सकते हैं। इसके कारण आपके अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखें।

**सिंह**
दाम्पत्य सम्बन्ध में मजबूती आयेगी। कारोबार में विस्तार मौके मिलेंगे। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण थोड़ा भावुक रहेगा।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी। दूसरों के मामलों में प्रतिक्रिया न दें। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ तालमेल की कमी हो सकती है।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। मित्रों के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। बच्चों की गलतियों को अनदेखा न करें। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक**
दिन की शुरुआत थोड़ी सुस्त रहेगी। घुटनों में दर्द उभर सकता है। कार्यक्षेत्र में बार-बार रणनीति बदलना आपके लिये घातक हो सकता है।

**धनु**
कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रेम और समर्पण भाव बढ़ेगा। परिजनों के साथ किसी मनोरञ्जक यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं।

**मकर**
आज धन की स्थिति कमजोर रहने वाली है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। प्रेमी जन से किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में कुछ लापरवाही कर सकते हैं।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़े अनुबन्ध मिलने की सम्भावना बन रही है।

**मीन**
आज आपके व्यवहार से सहकर्मी परेशान हो सकते हैं। शत्रु आपको नुकसान पहुँचाने का प्रयास करेंगे। विदेशी कम्पनियों में जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

CMYK

# चुनाव से पूर्व लंबित योजनाओं को कराएं पूरा : डीएम

## जिला समन्वय समिति की बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने पर डीएम का जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** कारगील विजय सभा भवन में शनिवार को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा हेतु जिला समन्वय समिति की जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए जिले का प्रतिशत 41.19 रहने पर 15 जुलाई तक 70 प्रतिशत करने का निर्देश दिया। उन्होंने इसके लिए सभी प्रखंडों में यूजर आईडी की संख्या बढ़ाने, जीविका दीदियों का सहयोग लेने सहित सभी प्रखंडों का लक्ष्य निर्धारित करने का निर्देश दिया। साथ ही बड़े-बड़े प्रखंडों में सिविल सर्जन को स्वयं बैठक कर इसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया ताकि प्रगति सुनिश्चित हो। साथ ही बखरी, बलिया, तेघड़ा एवं मंझौल अनुमंडल में कम से कम पांच अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का इलाज उनके क्षेत्र में ही हो सकें। पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए 15वीं वित्त में पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत का राशि खर्च अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहने पर 31 जुलाई तक राशि 75 प्रतिशत खर्च करने का निर्देश दिया। वहीं षष्टम वित्त आयोग में जो प्रखंड 50 प्रतिशत से उपर राशि खर्च किये है, उन्हें 100 प्रतिशत राशि खर्च करने तथा 50 प्रतिशत से कम खर्च करने वाले प्रखंडों को कम से कम 80 प्रतिशत राशि खर्च करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि वैसे मुखिया जो जिनके कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है एवं जो बिना कारण कार्य में अवरोध पैदा कर रहे हैं उनको भी चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई



करने हेतु प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम के तहत जीविका दीदियों द्वारा पंचायतों में लाइब्रेरी निर्माण, विवाह भवन, पंचायतों में ऑटो-बस स्टैंड, जीविका हाट, कोल्ड स्टोरेज, मनरेगा के तहत बनाये गये खेल मैदान में हाई मास्क लाइट, जल मिनार की मरम्मति एवं साफ-सफाई की अधिकांश मांग की गई है। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से उपरोक्त योजनाओं को प्राथमिकता से लेकर कार्य करने का निर्देश दिया। वार्ड क्रियान्वयन समिति द्वारा संचालित नल जल योजना में अनुरक्षकों का मानदेय लंबित रहने तथा बिजली बिल बकाया रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। पंचायतों में आरटीपीएस की समीक्षा के क्रम में बखरी प्रखंड का प्रगति शून्य रहने पर सभी पंचायत कार्यपालक सहायक का मानदेय स्थगित करते हुए कारणपृच्छा करने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। ई-ग्राम कचहरी की समीक्षा में 704 मामले लंबित रहने पर सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को न्याय मित्र के साथ समीक्षा कर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बाल विकास परियोजना की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने सरकारी भवन में चलने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों में 10 जुलाई तक शौचालय मरम्मति कराने एवं नये शौचालय मनरेगा अथवा पंचायत से बनाने का निर्देश दिया। साथ ही कुछ प्रखंडों में आंगनबाड़ी केन्द्र में मरम्मति हेतु शौचालय की संख्या कम रहने पर जिला पदाधिकारी ने पुनः जांच कराकर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विभाग द्वारा प्राप्त लक्ष्य के आलोक में सभी प्रखंडों को दिये लक्ष्य के अनुरूप सभी को ससमय लक्ष्य प्राप्ति करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी विभाग के पदाधिकारियों को संचालित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए सभी पदाधिकारी व्यक्तिगत रूप से सभी योजनाओं का निरीक्षण करेंगे तथा लंबित कार्यों को पूर्ण करायेंगे। बैठक में सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा सहित सभी संबंधित जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मानसून की पहली बरसात में ही जलजमाव से परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** मानसून की पहली बरसात में ही सड़क पर जलजमाव हो जाने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मामला विष्णुपुर पंचायत के सैदपुर से देवपुरा जाने वाली सड़क का है। पहसारा-बगरस पथ के पुनर्निर्माण किये जाने से इस सड़क की ऊंचाई बढ गई है। सैदपुर से देवपुरा जाने वाली सड़क की ऊंचाई कम हो गई है तथा जलनिकासी का कोई साधन नहीं है। फलतः इस सड़क पर एक से डेढ फीट तक पानी जमा हो गया है। इस सड़क से सैदपुर, देवपुरा, मनेरपुर आदि के लोगों का आने जाने का सुगम मार्ग है। इससे होकर प्रतिदिन एक हजार से भी अधिक लोग गुजरते हैं। इस सड़क पानी जमा हो जाने से लोगों को फजीहत हो रही है। पानी में प्रवेश किये बिना मुख्य सड़क पर आना असंभव है। स्कूल जाने वाले नौनिहालों को जूते, मोजे खोलकर ही मुख्य सड़क पर आने हेतु मजबूर है। कई व्यक्ति इसमें गिरकर चोटिल भी हो गये हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सैदपुर-देवपुरा पीसीसी सड़क का निर्माण तत्कालीन विधायक राम विनोद पासवान की अनुशंसा पर 20 वर्ष पूर्व किया गया था। इसके बाद इस सड़क का जीर्णोद्धार नहीं किया गया है। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश पासवान, वार्ड सदस्य घूरन पासवान, श्रवण साहू, संतोष कुमार साह, रामनरेश प्रसाद महतो आदि ने संबंधित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों से जलनिकासी की व्यवस्था करने की गुहार लगाई है।

# यूएन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में डा. अभिषेक कुमार का नाम दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** बलिया अनुमंडल क्षेत्र के सदानंदपुर गांव निवासी डा. अभिषेक कुमार का नाम यू एन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया है। उनकी कृति पहलगाम हमला बनाम आपरेशन सिन्दूर को यू एन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड ने पहलगाम हमला पर प्रकाशित पहली किताब का दर्जा देते हुए डा. अभिषेक कुमार का नाम अपने रिकार्ड बुक में दर्ज किया है। यह किताब किसी भी आतंकी घटना के उपर सबसे कम समय में प्रकाशित किताब है। डा. कुमार सदानंदपुर निवासी होम्योपैथिक चिकित्सक डा. सतीश चंद्र मिश्रा और डा. इंदु मिश्रा के पुत्र हैं तथा पेशे से नेत्र विशेषज्ञ हैं। वहीं इनकी पत्नी डा. श्वेता कुमारी बलिया में दंत रोग विशेषज्ञ हैं। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम घाटी में घूमने आये पर्यटकों पर लश्कर ए तैयबा से जुड़े आतंकियों ने हमला करके 26 मासूमों की धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। यह केवल एक आतंकी हमला नहीं था। यह भारत की सहिष्णुता और सम्प्रभुता को चुनौती थी। यह एक ऐसा क्षण था जिसने हर भारतीय को विचलित ही नहीं किया बल्कि भीतर तक झकझोर दिया। लेकिन भारत ने केवल शोक नहीं मनाया उसने उत्तर दिया। 7 मई को भारत ने जवाब दिया आपरेशन सिन्दूर के रूप में। यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं थी। यह उन रक्त की बूंदों का सम्मान था जो पहलगाम की जमीन पर गिरी थी। डा. कुमार के अनुसार आपरेशन सिन्दूर सिर्फ एक सैन्य प्रतिक्रिया नहीं थी, यह भारत की आत्मा में उठी हुंकार थी अन्याय के विरूद्ध, आतंक के विरुद्ध और उन मूल्यों के पक्ष में जिन पर यह राष्ट्र टिका है। यह पुस्तक उस दिन की कथा है जिसमें मृत्यु है, मातम है, लेकिन साथ ही प्रतिकार है, प्रतिज्ञा है और एक ऐसा शौर्य है जो युगों तक याद रखा जाएगा। डा. कुमार की इस उपलब्धि पर जिले के साहित्यकारों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है। मालूम हो की यह दूसरा अवसर है जब डा. अभिषेक कुमार का नाम वर्ल्ड रिकार्ड बुक में दर्ज किया गया है। इससे पहले इनकी किताब कोरोना डायरी इंडिया फाइट्स अगेंस्ट कोविड-19 के लिए इनका नाम इंफ्लूएन्सर्स बुक अफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया था।




# रक्तदान शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** पहलगाम आतंकी हमला के पीड़ितों को समर्पित व पूर्व वायु सेना अधिकारी स्व निर्मल कुमार चौबे के स्नेह पूर्ण स्मृति मे बी केयर संस्था की ओर से आज यहां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आईएमए के जिला इकाई के भवन में रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला भाजपा नेता दिलीप मिश्रा, जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ हेम शंकर शर्मा एवं अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रेखा झा, प्रख्यात चिकित्सक डॉ सोमेन चटर्जी, डॉ महेश प्रसाद एवं डॉ ओ. पी. जायसवाल ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं भाजपा नेता दिलीप मिश्रा ने स्व. निर्मल चौबे को एक महान देशभक्त बताते हुए कहा कि मानव



जीवन में रक्तदान एक महादान है और इसमें सभी लोगों, खासकर, युवाओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की जरुरत है ताकि समय आने पर जरुरतमंद व्यक्तियों को सुलभता से खून मिल सके और बाद में एक नई जिंदगी जीने लगे। इसलिए रक्तदान करने में किसी भी व्यक्ति को पीछे नहीं हटना चाहिए। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ हेमशंकर शर्मा एवं अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रेखा झा ने अपने संबोधन में रक्तदान को पुण्य का काम बताते हुए ऐसे शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर प्रमुख चिकित्सक सोमेन चटर्जी, महेश कुमार, पंकज कुमार एवं डॉ आर पी जायसवाल, डॉ दिव्या सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

# चार वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी(नबिटा संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत अलग-अलग गांवों से तीन लाल तथा एक सामान्य वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लाल वारंटियों में समसा के जयजय राम महतो उर्फ टुकिया, पहसारा के घुटो सिंह के पुत्र जागिर सिंह, देवपुरा के स्व श्याम सुंदर सहनी केपुत्र रामचंद्र सहनी, टेकनपुरा निवासी शशि सिंह के पुत्र सर्वेश सिंह शामिल है। लंबी अवधि से न्यायालय में अनुपस्थित था। इससे न्यायालय ने इसके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया था। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष के अलावे एसआई मनोज प्रसाद, कुंदन रजक, उमाशंकर झा, अबोध कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# श्यामनाथ बने बलिया अनुमण्डल अध्यक्ष

नबिटा संवाददाता

**बलिया।** बलिया व्यापार मंडल स्थित सभागार में रविवार को इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बलिया अनुमंडल इकाई की बैठक अध्यक्ष प्रमोद चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वरिष्ठ सदस्य राकेश सिंह द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि संगठन में अनुमंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष आदि सांगठनिक पदों पर नए सिरे से चयन किया जाए। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए श्याम नाथ झा, उपाध्यक्ष पद के लिए शशि रंजन कुमार, महासचिव पद के लिए कृष्णा नंदन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए बीके गुलशन का चयन किया गया। कार्यक्रम के अंत में बलिया अनुमंडल पत्रकार संघ के वरिष्ठ सदस्य उमाशंकर प्रसाद के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पत्रकार राकेश सिंह, प्रमोद चौधरी, विनोद कुमार झा, नीरज कुमार, पूजा सिंह, कृष्ण कुमार आदि मौजूद थे।



# जिला महिला-पुरूष हैंडबाल टीम का गठन आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** जिला महिला हैंडबाल टीम एवं पुरूष वर्ग का भी का गठन 23 जून को फर्टिलाइजर स्थित खेल मैदान में किया जाएगा। यह गठन हैंडबाल एसोसिएशन आफ बिहार द्वारा 28 जून से 30 जून तक मधेपुरा जिला में आयोजित द्वितीय बिहार राज्य सीनियर महिला हैंडबाल चौंपियनशिप में भाग लेने के लिए किया जा रहा है। इस बात की जानकारी देते हुए हैंडबाल एसोसिएशन आफ बेगूसराय के सचिव बाबुल कुमार ने बताया कि चयन प्रतियोगिता 23 जून को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जाऐगा। चयन प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपना आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ मे लेकर के आएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी का ही चयन बेगूसराय जिला टीम में किया जाएगा। जो खिलाड़ी चयन प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे वे चयन से वंचित रह जाएंगे। आगे बाबुल कुमार ने बताया कि टीम के चयन के लिए कमेटी गठित किया गया है। चयनित महिला खिलाड़ी 27 जून को मधेपुरा के लिए रवाना होंगे एवं चयनित पुरूष वर्ग खिलाड़ी का कैंप चलेगा।

# केंद्रीय मंत्री ने किया मल्टी ब्रांड शोरूम का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** शहर में रविवार को पावर सोर्सेस मल्टी ब्रांड इलेक्ट्रिक के भव्य शोरूम का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, विधान पार्षद सर्वेश सिंह, नगर विधायक कुंदन कुमार, मटिहानी विधायक राज कुमार सिंह, जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष इंदिरा देवी, ईश्वर अस्पताल के निदेशक डा. संजय कुमार, लीग्रांड कंपनी के पूर्वी क्षेत्र के वाइस प्रेसिडेंट ध्रुव ज्योति बसु संस्थान के प्रोपराइटर वरूण कुमार शामिल थे। गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रतिष्ठान के सफल और सुखद भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बेगूसराय जैसे बड़े शहर में इस तरह के शोरूम की काफी आवश्यकता है। हमें उम्मीद है कि बेगूसराय व आसपास के लोगों को इस शोरूम के खुलने से इलेक्ट्रिक सामानों के चयन में काफी सहूलियत होगी। इस अवसर पर कोआपरेटिव कालेज, बेगूसराय के पास एनएच-31 स्थित पावर सोर्सेस इलेक्ट्रिक मल्टी ब्रांड शोरूम के प्रोपराइटर वरूण कुमार ने कहा कि बेगूसराय बिहार की औद्योगिक राजधानी है। एक तेजी से उभरता हुआ शहर है। यहां बड़े-बड़े भवनों का निर्माण हो रहा है। ऐसे में यहां के लोगों को प्रतिष्ठित ब्रांडों का इलेक्ट्रिक सामान जो एक ही छत के नीचे मिले इसकी काफी आवश्यकता थी जिसे हमने पूरा करने का प्रयास किया है। मेरे इस प्रतिष्ठान में विश्वस्तरीय इलेक्ट्रिक प्रोडक्ट्स के कई प्रतिष्ठित कंपनी जैसे लिग्रांड, जगुआर, मल्होत्रा, एंकर, दुर्गा, हैवेल्स, ओरिएंट, विप्रो लाइटिंग, फिनोललैक्स, शिवम सहित प्रायः नामी गिनामी कंपनी के बिजली वायरिंग, फाइटिंग के साथ ही अन्य सभी इलेक्ट्रिक से संबंधित सामान आकर्षक मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर नगर निगम के उप महापौर अनिता राय, कम्पनी के पूर्वी जोन के क्षेत्रीय मैनेजर रतुल साहा, डा. लीना कुमारी, डा. आर. बी. राय, डा. अनीश कुमार, जदयू नेता चितरंजन प्रसाद सिंह, सिहमा के पूर्व मुखिया संजीव कुमार, जिला वकील संघ के पूर्व अध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह, ई. अनुपम कुमारी, रागिनी कुमारी, वार्ड सदस्य उमेश राय, लोजपा नेता बालमुकुंद आदि उपस्थित थे।



# योग एवं विश्व संगीत दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल एवं किडजी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह-सुबह विद्यालय के प्रांगण में एक शानदार योग कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी पूरे जोश के साथ भाग लिया। इस वर्ष के योग दिवस की थीम योग फार वन अर्थ-वन हेल्थ रही। उसे विद्यार्थियों ने योगाभ्यास के माध्यम से आत्मसात किया। योग कार्यशाला के पश्चात विद्यार्थियों ने मंच पर रंगारंग संसतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी और हिंदी निबंध प्रतियोगिताएं तथा चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिनमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और



चिंतनशीलता का अद्भुत प्रदर्शन किया। ये सभी गतिविधियां सीबीएसई द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित की गई। साथ ही आज विश्व संगीत दिवस भी मनाया गया, जिसकी जानकारी बच्चों को दी गई। छात्रों ने संगीत से जुड़े प्रेरक विचार, पोस्टर और गीत प्रस्तुत कर संगीत के प्रति अपने प्रेम और समझ को साझा किया। यह दिवस बच्चों को यह सिखाता है कि संगीत न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि आत्मा की गहराइयों को छू लेने वाली कला भी है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. शीतल ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग और संगीत दोनों ही मानव जीवन में संतुलन, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इन दोनों विधाओं का अभ्यास बच्चों को हर स्तर पर समृद्ध बनाता है। वहीं विद्यालय के निदेशक डा मनीष देवा ने कहा कि योग भारत की अमूल्य धरोहर है और संगीत एक सार्वभौमिक भाषा। इन दोनों का समन्वय विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारता है और जीवन में सुंदरता लाता है। इस आयोजन ने छात्रों को स्वास्थ्य, रचनात्मकता और भारतीय संसति के प्रति और अधिक सजग और जागरूक बनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### स्पर्शाघात से किशोरी घायल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मकसूद बिगहा मोहल्ला निवासी नगीना यादव की पुत्री 13 वर्षीय सिमरन कुमारी घर में काम करने के दौरान करंट लग गया। परिवार वाले जल्दबाजी में उसे अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां बच्ची की हालत खराब देखते हुए अस्पताल के चिकित्सक ने इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना ले जाने की नसीहत दी। परिजन तुरंत एंबुलेंस से पटना के लिए रवाना हो गए।

### लापता किशोर बरामद

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के समसा से दो माह पूर्व लापता किशोर को नावकोठी पुलिस ने बरामद किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि बरामद किशोर भूखल महतो का 14 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार है। इसकी मां ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर कांड संख्या 84/25 अंकित कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में उसने बताया कि उसका पुत्र नीरज कुमार मैट्रिक परीक्षा में फेल हो गया। उसे आगे पढाई जारी रखने के लिए दबाव बनाया गया तो वह बिना कुछ बताये घर से गायब हो गया था। पुलिस की सक्रियता से उसे समसा से ही बरामद किया गया। इस बरामदगी में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के अतिरिक्त एसआई मनोज प्रसाद तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### नवनिर्मित आरपीएफ बटालियन कैंप का उद्घाटन

**बीहट/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक ने रविवार को 11वीं बटालियन रेलवे सुरक्षा विशेष बल बरौनी के नवनिर्मित बटालियन का उद्घाटन किया। उद्घाटन से पूर्व महानिदेशक को बटालियन परिसर में सम्मान गार्ड के सशस्त्र बल के सदस्यों द्वारा उन्हें सलामी दी। उद्घाटन के पश्चात सुरक्षा सम्मेलन भी आयोजित किया गया जिसमें सदस्यों की परिवेदनाओं को महानिदेशक द्वारा सुना गया। इसमें प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा विशेष बल रेलवे बोर्ड, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल हाजीपुर, मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल हाजीपुर, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त दानापुर, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त दीनदयाल उपाध्याय, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त धनबाद, मंडल सुरक्षा आयुक्त समस्तीपुर, मंडल सुरक्षा आयुक्त सोनपुर एवं अन्य की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा विशेष बल के कुशल निर्देशन में मंडल सुरक्षा आयुक्त सोनपुर-सह-कमांडेंट के द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम कुशलता पूर्वक संपन्न हुआ।

### टिकट काउंटर पर अवैध वसूली से रेलयात्री परेशान

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर पर वाजिब रेल किराया से भी अधिक पैसा काटने को लेकर हर दिन यात्रियों की बहस हो जाती है और कभी-कभी तो बवाल भी हो जाता है। रविवार के दिन विकास कुमार नामक रेल यात्री ने बाढ़ से खगड़िया जंक्शन के लिए टिकट कटाया जिसका किराया 50 है लेकिन काउंटर पर 100 का नोट देने पर महज 40 लौटने पर जब रेल यात्री ने कारण पूछा तो बुकिंग क्लर्क यात्री पर ही भड़क गए और अपनी दबंगता दिखने लगे। मामले को लेकर जब स्टेशन प्रबंधक मृत्युंजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए बताया कि टिकट काउंटर पर और भी इस तरह की शिकायत मिल रही थी। इसके पूर्व आरक्षण टिकट काउंटर पर यात्रियों से बदसलूकी और अधिक पैसा वसूलने वाले बुकिंग क्लर्क का यहां से तबादला कर दिया गया है। शिकायत की जांच की जाएगी और किसी भी यात्रियों को वाजिव भाड़ा से अधिक पैसा नहीं देना पड़ेगा। शिकायत सच पाए जाने पर इसकी शिकायत दानापुर मंडल रेल प्रबंधन से भी किया जाएगा।

### विधायक ने किया 41 सड़कों का शिलान्यास

**बिक्रम/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय भाजपा विधायक सिद्धार्थ सौरभ ने रविवार को पार्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में ग्रामीण कार्य विभाग के तहत मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अन्तर्गत क्षेत्र के 41 पीएमजीएसवाई संपर्क पथों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने शिलान्यास के बाद समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को लेकर कृतसंकल्पित हूं। क्षेत्र की हर छोटी बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अपने स्तर से प्रयास कर रहा हूं। हर गांव को मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा। समारोह में ई कृषभ ने विधायक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक सौरव ने बिक्रम-बिहटा पीडब्ल्यूडी रोड विश्वम्भरपुर से शिवगढ़, मोरियावां से शिवगढ़ पथ, पटना कैनाल रोड से लहलादपुर, पाली-बिहटा रोड से शिवगढ़ पथ, सिंघाड़ा से मंझौली पथ, लई बाजार से बभनलई पथ, सैदाबाद से अमीराबाद पथ व करसा से हथसार पथ समेत 41 विभिन्न सम्पर्क पथों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, गुड्डू सिंह, भाजपा के बिक्रम नगर मण्डल अध्यक्ष अभिषेक रंजन मोंटी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा, सुब्रत वासुदेव, पंकज सिंह, संधीर यादव, जितेन्द्र यादव, अनिल वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

### दोहरे हत्याकांड में एक और आरोपित गिरफ्तार

**बिक्रम/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले 9 जून को बिक्रम थाना के मंझौली-सिंघाड़ा पथ पर दो युवकों सोनू और रौशन की हत्या मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त जल्लाद उफ राहुल कुमार को दनारा मोड़ दुर्गा मंदिर से गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त जल्लाद द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करने की बात कही है। उसने पुलिस को बताया है कि मृतकों के परिजनों से बदला लेने के लिए घटना के करीब 10 दिन पूर्व योजना बानाकर रात्रि करीब 9 बजे सोनू के आने का इतजार करने लगे। कुछ ही समय बाद एक मोटरसाइकिल पर सवार सोनू एवं रौशन आया जिसे सभी मिलकर घेर लिये। इसी क्रम में कमलेश पासवान एवं पियुश कुमार अपने-अपने कमर से पिस्तौल निकालकर दोनों पर अंधाधुंध गोली फायर किया जिसके बाद दोनों वहीं जमीन पर गिर गया तब हमलोग दोनों को सड़क के किनारे नहर में लुढ़काकर मोटरसाइकिल से घर के लिए निकल गये। उल्लेखनीय है कि कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त सुजीत कुमार एवं रंधीर पासवान की भी गिरफ्तारी हुई है। पुलिस अन्य मुख्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी में लगी है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष विनोद कुमार, अनि विष्णु कुमार, अमर नाथ, अमरेश कुमार आदि शामिल थे।

### पूर्ववर्ती छात्र समागम का आयोजन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज के प्रेक्षागृह में कॉलेज की 75वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्रों के समागम कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा उपस्थित हुए। उनके साथ एमएलसी कार्तिकेय कुमार, बाढ़ के स्थानीय विधायक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ज्ञानू भी मौजूद रहे। इस अवसर पर डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने मंच से लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज में उन्होंने पढ़ाई की है। उन्होंने कहा कि हम लखीसराय के विधायक भले 20 वर्षो से है लेकिन बाढ़ और मोकामा के प्रति जो हमारा लगाव और प्रेम है वो हमेशा बना रहेगा क्योंकि बाढ़ और मोकामा के लोग हमारे परिवार के तरह हैं। इस अवसर पर स्थानीय विधायक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ज्ञानू, बाढ़ नगर परिषद के अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ गायमाता, पूर्व मंत्री व सांसद विजय कृष्ण, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह, सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष इरशाद उल्लाह, डॉ बी.पी. सिंह तथा कॉलेज की प्राचार्या डॉ श्यामा ने भी लोगों को संबोधित किया।

### नाबालिग छात्रा ने शिक्षक पर धमकी और अनुचित व्यवहार का लगाया आरोप, प्राथमिकी

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के बेउर थाना क्षेत्र की एक नाबालिग छात्रा ने अपने स्कूल के शिक्षक पर धमकाने और अनुचित ढंग से बात मनवाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। छात्रा द्वारा लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत दर्ज होते ही आरोपी शिक्षक फरार हो गया है। उसकी तलाश में पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है।

C M Y K

# समाज को ठगने वालों से रहें सतर्क : पूर्व केंद्रीय मंत्री

## भाजपा मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ ने मनाई वेद व्यास जयंती, एनडीए सरकार ने विकास के साथ निषाद समाज को सम्मान भी दिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**मोतिहारी।** भाजपा मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ, मोतिहारी द्वारा रविवार को गांधी प्रेक्षागृह में वेद व्यास जयंती सह मछुआरा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व केंद्रीय मंत्री सह महामंडलेश्वर साध्वी निरंजना ज्योति ने कहा कि मछुआरा समाज को ठगने व बेचने वाले लोग हेलीकॉप्टर से आयेंगे, पर उनसे सतर्क रहना होगा। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि ऐसे लोगों के छलावे में न आएं। साध्वी ने कहा कि वेद व्यास जैसे महापुरुष जिस समाज से आए, वह समाज कभी कमजोर नहीं हो सकता। भाजपा ने मछुआरा समाज को न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक सम्मान भी दिया है। उन्होंने ओबीसी आयोग गठन और उसमें भगवान सहनी की नियुक्ति को मछुआरा समाज के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी निषाद ने कहा कि एनडीए सरकार ने विकास के साथ निषाद समाज को सम्मान भी दिया है। बिहार सरकार में तीन मंत्री निषाद समाज से हैं, जो इस समाज की भागीदारी का प्रमाण है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के मत्स्य क्षेत्र को उपेक्षा की स्थिति से निकालकर आत्मनिर्भर भारत के विकास इंजन में बदल दिया है। उन्होंने बताया कि 2020 में शुरू की गई 'प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना' के तहत 20,050 करोड़ रुपये के निवेश से मत्स्य क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन लाया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने मछुआरों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, जबकि अतिपिछड़ा कल्याण मंत्री हरि सहनी ने बीमा योजना की शुरुआत को मछुआरा समाज के लिए बड़ी सौगात बताया। बिहार राज्य मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी ने भाजपा नेतृत्व व मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि आज एक साधारण कार्यकर्ता को आयोग का अध्यक्ष बनाकर समाज को सम्मान दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक राजकिशोर सहनी ने की और संचालन जिला महामंत्री संजय कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान, मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, ढाका विधायक पवन जायसवाल, मधुबन विधायक राणा रणधीर सिंह, चिरैया विधायक लालबाबू गुप्ता, पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सहनी, मोतिहारी जिलाध्यक्ष पवन राज सहित बड़ी संख्या में सहनी समाज व मछुआरा समुदाय के लोग उपस्थित रहे। नगर निगम के उपमहापौर डॉ. लालबाबू गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री को नगर से संबंधित मांगों का ज्ञापन सौंपा, जिसे मंत्री ने गंभीरता से पढ़ते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** हरपुर थाना क्षेत्र के चिकनी गांव में सोमवार की रात एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान जानकी देवी के रूप में हुई है, जिसकी शादी महज तीन माह पूर्व बरवा गांव में सुजीत कुमार से हुई थी। मृतका के भाई सोहन राम ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि सोमवार देर रात सुजीत कुमार का फोन आया था। जब परिवार के सदस्य ससुराल पहुंचे, तो जानकी देवी खून से लथपथ मृत अवस्था में पाई गई। उनके माथे पर गहरे जख्म थे। परिजनों ने आरोप लगाया है कि ससुराल वाले लगातार दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर जानकी के साथ मारपीट की जाती थी। इसी प्रताड़ना के कारण उसकी हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने पर हरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृतका के मायके वालों की ओर से ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराए जाने की तैयारी की जा रही है। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के सभी सदस्य घर से फरार बताए जा रहे हैं। गांव में मातम पसरा हुआ है और घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं।

## गृह रक्षक बहाली प्रक्रिया संबंधी तथ्यहीन समाचार का जहानाबाद जिला प्रशासन ने किया खंडन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** हाल के दिनों में कुछ न्यूज चैनलों एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जहानाबाद जिले में चल रहे गृह रक्षक (होम गार्ड) बहाली प्रक्रिया को लेकर भ्रामक एवं तथ्यहीन सूचनाएं प्रसारित किए जाने को लेकर जिला प्रशासन ने दृढ़ता पूर्वक खंडन किया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गृह रक्षकों के स्वच्छ एवं पारदर्शी बहाली प्रक्रिया हेतु 19 जून 2025 से प्रारंभ हुई शारीरिक दक्षता परीक्षा के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूर्व से ही सभी आवश्यक तैयारियाँ की गई हैं।

वर्षात को ध्यान में रखते हुए बहाली स्थल पर वॉटरप्रूफ टेंट, प्रशस्त पंडाल, सुरक्षित पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, एवं रनिंग ट्रैक की मरम्मत सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। बताया गया कि रनिंग ट्रैक को बेहतर बनाए रखने के लिए उचित एवं उपयुक्त व्यवस्थाएं भी की गई है। साथ ही प्रतिदिन की स्थिति के अनुसार उसका रख-रखाव किया जा रहा है।

दौड़ प्रारंभ होने से पूर्व ही प्रतिनियुक्त होम गार्ड जवानों तथा पुलिस कर्मियों द्वारा रनिंग ट्रैक पर ट्रायल दौड़ कराई गई थी, जिसे उपस्थित अभ्यर्थियों ने देखा और संतुष्ट होने के बाद ही दौड़ प्रारंभ कराई गई। जिला प्रशासन द्वारा यहां स्पष्ट किया गया है कि गृह रक्षकों की बहाली प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सम्पूर्ण बहाली प्रक्रिया का फ़ेसबुक लाइव प्रसारण जिला प्रशासन जहानाबाद के आधिकारिक पेज के माध्यम से प्रतिदिन किया जा रहा है। साथ ही शारीरिक दक्षता परीक्षा की झलकियों से संबंधित वीडियो एवं क्लिप्स भी समय-समय पर साझा किए जा रहे हैं, ताकि अभ्यर्थी एवं आमजन को इसकी वस्तुस्थिति की जानकारी मिलती रहे। यहां स्पष्ट किया गया कि इस बहाली प्रक्रिया का संचालन जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंक्रता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार के नेतृत्व में अत्यंत पारदर्शी एवं सुनियोजित ढंग से किया जा रहा है। संपूर्ण प्रक्रिया का वरीय पदाधिकारियों द्वारा नियमित पर्यवेक्षण भी किया जा रहा है, एवं किसी भी प्रकार की शिकायत या अपील के निष्पादन हेतु एक अपील प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है, जहाँ अभ्यर्थी से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। जिला प्रशासन कि ओर से बताया गया है कि अब तक किसी भी अभ्यर्थी द्वारा कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से अभ्यर्थियों से अपील किया गया है कि वे भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाओं पर ध्यान न दें। जिला प्रशासन द्वारा यह प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सभी निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित की जा रही है। जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया एवं कुछ मीडिया समूह द्वारा भ्रामक खबर के प्रसारण पर इसे गंभीरता से लेते हुए कहा है कि ये सारी भ्रामक बातें जो तथ्यों से परे है, ऐसे में अफवाहें फैलाने वालों पर जिला प्रशासन द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## लूटकांड का अभियुक्त गिरप्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चकिया।** शहर स्थित सोनाटा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय में हुए लूट कांड में पुलिस ने छापेमारी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के राजेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लखना गांव निवासी विकास कुमार के रूप में की गई है। इस बाबत कांड संख्या 41/19 के अनुसंधान अधिकारी एसआई राजकुमार राजू ने बताया कि बीते 13 फरवरी 2019 को ग्लैम्बर बाइक से आए नकाबपोश अपराधियों ने उक्त फाइनेंस ऑफिस से बंदूक के दम पर एक लाख 67 हजार 546 रुपए लूट लिये थे। इस मामले में पूर्व में चार अभियुक्त की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क अभियान बढ़ाने पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अरेराज (पूर्वी चम्पारण)।** गोविंदगंज विधानसभा के एक निजी मैरेज हॉल में कांग्रेस पार्टी द्वारा एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई0 शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय ने की। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में एआईसीसी साथी सह प्रशिक्षक विकास बुडानिया उपस्थित रहे।

शिविर में विकास बुडानिया ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी, बुथ स्तर की रणनीति, संगठनात्मक संरचना की मजबूती, जनसंपर्क अभियान की विधि, और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ई. शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय ने अपने संबोधन में कहा, संगठन ही पार्टी की रीढ़ है। जब संगठन मजबूत होगा, तभी हम किसी भी चुनाव में मजबूती से उतर सकते हैं और विजय हासिल कर सकते हैं। अब समय आ गया है कि हम सभी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर युद्धस्तर पर सक्रिय हों। हमें घर-घर जाकर जनता से संवाद स्थापित करना है, सरकार की जनविरोधी नीतियों का पर्दाफाश करना है और कांग्रेस पार्टी की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देना है। प्रशिक्षण शिविर में एआईसीसी साथी अभिनव संगम, यूवा जिला प्रभारी ओमप्रकाश कुशवाहा, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रो0 विजय शंकर पाण्डेय, रघुनाथ गुप्ता, इम्तेयाज अहमद, बजेन्द्र तिवारी, अनिल कुमार सिंह दिग्विजय सिंह, रमेश श्रीवास्तव, पप्पू रंजन तिवारी, सतेन्द्र नाथ तिवारी, सुबोध उपाध्याय, रविन्द्र तिवारी, मंगरू राम, रमेश बैठा, बाबुनंद यादव, शोभा देवी, रमिता कुमारी, रजिया खातुन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय नेता और युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निषादों के आरक्षण की लड़ाई लड़ते रहेंगे : वरुण विजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**मोतिहारी।** निषाद आरक्षण नहीं लागू करने के विरोध में मोतिहारी वीआईपी पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर आक्रोश प्रदर्शन किया गया वही नर्सिंग बाबा मंदिर के प्रांगण से आक्रोश मार्च निकल कर गांधी चौक मीना बाजार गोलंबर पर पहुंचा जहां पर भारी संख्या में वीआईपी पार्टी व निषाद समाज के लोगों द्वारा पुतला दहन कर आक्रोश प्रदर्शन किया गया वहीं वीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव वरुण विजय ने बताया कि पीएम मोदी जब तक निषाद को आरक्षण नहीं दे देते तब तक हम लोग लड़ाई लड़ते रहेंगे और आरक्षण निषाद समाज के लोगों का अधिकार है, इसे लेकर ही रहेंगे वही कार्यक्रम का संचालन करते हुए पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने बताया कि वीआईपी पार्टी के पुतला दहन कार्यक्रम में भारी संख्या में निषाद समाज भाग लिया इससे पता चल गया है कि निषाद समाज सिर्फ वीआईपी पार्टी व मुकेश साहनी जी के साथ है। उन्होंने बताया कि भाजपा कितना भी षड्यंत्र रच ले मछुआरा आयोग के नाम पर लेकिन इस बार निषाद समाज भाजपा को आईना दिखाने का काम करेगी और बिहार में महागठबंधन के नेतृत्व में सरकार बनेगी जहां पर तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री और मुकेश साहनी जी उपमुख्यमंत्री बनेंगे। वही जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सहनी ने कहा कि मोदी सरकार विगत 11 सालों से निषाद समाज को आरक्षण के नाम पर धोखा देते आ रहे हैं, पर अब निषाद समाज जग चुका है आरक्षण देने के लिए मजबूर कर देंगे। मौके पर जोन प्रभारी चंदन सहनी, अधिवक्ता शिवलाल सहनी, संजय सहनी, मोतीलाल सहनी, चंदन सहनी, सुमन सहनी, कामेश्वर मुखिया, इमरान खान, विजय चौधरी, लालबाबू सहनी, रमेश सहनी एवं श्रीनिवास यादव सहित बड़ी संख्या मे निषाद समाज और पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वंदे भारत ट्रेन के चकिया स्टेशन पर ठहराव की मांग तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चकिया (पूर्वी चंपारण)।** स्थानीय नागरिकों ने चकिया रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर आवाज़ बुलंद की है। मांग करने वालों में अशोक गुप्ता, भोला बैठा, प्रो. मो. रिजवान, प्रमोद गुप्ता, दिलीप पटेल, मनीष पटेल, अर्जुन पंडित, अमरेश कुमार उर्फ चिंटू, सोनू कुमार और दीपक कुमार सहित कई लोग शामिल हैं। लोगों का कहना है कि चकिया स्टेशन पूर्वी चंपारण के सुदूरवर्ती क्षेत्रों – जैसे कल्याणपुर, केसरिया, पुरनछपरा, बांस घाट, मधुबन, पकड़ीदयाल, पिपरा आदि – के यात्रियों के लिए प्रमुख केंद्र है। यहां वंदे भारत ट्रेन के ठहराव से हजारों यात्रियों को सुविधा होगी। गौरतलब है कि 20 जून से वंदे भारत ट्रेन संख्या 26501 और 26502 का परिचालन शुरू हुआ है, जो गोरखपुर और पाटलिपुत्र के बीच चल रही है। इस रूट में कप्तानगंज, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सुगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर जैसे स्टेशनों पर ठहराव है, जबकि चकिया को अनदेखा किया गया है, जो जनभावनाओं के विरुद्ध माना जा रहा है।

## केन्द्रीय कारा मोतिहारी में योग शिविर का आयोजन

**मोतिहारी/नबिटा ब्यूरो।** 11वीं विश्व अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर केन्द्रीय कारा, मोतिहारी में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम में बिहार योग विधालय, मुंगेर के योग शिक्षक विरेन्द्र कुमार, महर्षि पतंजलि योग और प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र (अरेराज) के योगाचार्य आदित्य कुमार पाण्डेय एवं गायत्री शक्ति पीठ एवं मोतिहारी उप जोन समन्वयक मिनाक्षी वर्मा सहित गायत्री परिवार के सदस्यों के द्वारा कारा पदाधिकारी, कारा कर्मी एवं कारा में रांसीमित पुरूष एवं महिला बंदियों को योगाभ्यास कराया गया।

## पैसों के अभाव में आंखों की सर्जरी से वंचित दिव्यांगता का जीवन जी रहे दो सगे भाई

डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो



**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज बाजार में एक छोटे से संकीर्ण दो कमरे के मकान में गुजर बसर कर रहे दो दिव्यांग भाइयों जयराम केसरी और उमानाथ केसरी के जज्बे की कहानी से सभी लोग प्रभावित हैं लेकिन दिव्यांग बच्चों के पिता सुदामा केसरी को दिन रात यह चिंता खाए जा रही है कि अभी तो दोनों बच्चों का जीवन वसर किसी तरह तो हो जा रहा है लेकिन बुजुर्ग पिता को यह भय भी अंदर अंदर सताये जा रहा है कि उनके जीवन के बाद उनके दोनों दिव्यांग बेटों का आखिर सहारा कौन बनेगा? उसे इस बात का भी मलाल है कि फुटपाथ पर सब्जी बेचकर अपने परिवार और बच्चों को 2 जून की रोटी तो दे दे रहा है लेकिन पैसे के अभाव में 2 जवान बेटों को आंखों की रोशनी वह जाता हुआ देखते रह गया। पैसे के अभाव में ही उन्हें उनकी दृष्टि उन्हें वापस नहीं दिला सका । यह बताते हुए बुजुर्ग पिता सुदामा केसरी की आंखों से आंसू की धारा टपक जाती है। आंखों से दिव्यांग होने के बावजूद कुछ बनने के सपने लिए दिन-रात दोनों दिव्यांग भाई जयराम केसरी और उमानाथ केसरी पढ़ाई में 8- 8 घंटे जुटे रहते हैं। समाज से भले ही उन्हें कोई आसरा नहीं मिला हो लेकिन आज भी दोनों भाइयों के मन में देश और समाज के लिए कुछ करने का जज्बा साफ-साफ दिखता है। स्थानीय बाजार में गूगल बॉय के नाम से मशहूर जयराम केसरी अभी स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। भविष्य में आईएएस बनने का सपना लिए जयराम केसरी के मन में दिव्यांगता का कोई दर्द या सिकन चेहरे पर भले नहीं दिखता हो लेकिन आज भी आंखों में जलन और पीड़ा से उसे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इतिहास और समाजिक विज्ञान जैसे विषयों में विशेष गहरी रुचि रखने वाला युवक जयराम केसरी को जो भी सामान्य ज्ञान का प्रश्न पूछा जाता है कुछ सेकेंड में उसका उत्तर वह बड़ी सहजता से देता है। क्रिकेट में रुचि होने के कारण क्रिकेट मैच का कमेंट्री सुनना और काल्पनिक कमेंट्री करना जयराम केसरी की पसंद भी युवाओं में उन्हें लोकप्रिय करता है। दूसरे दिव्यांग भाई उमानाथ केसरी का उम्र 22 वर्ष हो चुका है वर्तमान में कामता प्रसाद शर्मा स्नातक कॉलेज से सत्र भूगोल विषय से स्नातक तक पढ़ाई करने के बाद प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में जुटा है। उसे भी कुछ अच्छा बनकर समाज सेवा करना है तथा अपने जैसे दिव्यांग लोगों की सहायता भी करनी है। समाज सेवा की सोच रखने वाला उमानाथ केसरी के मन में जल्द से जल्द आत्मनिर्भर बनने की उत्कंठा भी है क्योंकि वह पिता के कठिन परिश्रम को देखकर उनके लिए भी कुछ करना चाहता है। **कैसे चली गई दोनों भाइयों के आंखों की रोशनी:** यह पूछने पर कि दोनों भाइयों के आंखों की रोशनी कैसे एकाएक चली गई उमानाथ केसरी बताता है कि वर्ष 2016 आते आते धीरे धीरे कर उसके दोनों आंखों की रोशनी चली गई। पैसों के अभाव में समुचित इलाज नहीं हो सका। जिसका परिणाम है कि आज वह दिव्यांग है। आगे वह बताता है कि कुछ समय बाद उसके छोटे भाई जयराम केसरी के आंखों की रोशनी भी धीरे धीरे कर समाप्त होने लगी। जब वह 9 वर्ष का था तो उसकी भी दोनों आंखों की रोशनी चली गई। उधार और ब्याज पर पैसा लेकर किसी तरह छोटे बेटे को सुदामा केसरी ने पटना के आईजीआईएमएस में आंखों की सर्जरी के लिए भर्ती तो कराया लेकिन तब तक काफी देर हो चुका था। उसके आंखों की रोशनी भी वापस नहीं लाया जा सका। **मोबाइल और यूट्यूब दोनों दिव्यांग भाइयों के पढ़ाई का बना सहारा:** दोनों दिव्यांग भाइयों की पढ़ाई का सहारा बना मोबाइल और यूट्यूब चैनल को धन्यवाद देते दोनों भाई नहीं थकते । दोनों भाइयों का मानना है कि अगर यूट्यूब जैसे साधन नहीं होते तो शायद इनकी पढ़ाई आज नहीं हो पाती। यूट्यूब पर संबंधित विषय का लेक्चर सुनना और उसे फिर दोहराना यह दोनों भाइयों का दिनचर्या होता है। सामान्य लोगों की तरह दोनों ही दिव्यांग भाई मोबाइल को सामान्य लोगों की तरह ऑपरेट कर लेते हैं। जिसे देखकर दूसरे लोग भी दंग रहते हैं। दिव्यांग जयराम और उमानाथ केसरी के पिता सुदामा केसरी के पास न तो रोजगार के लिए पैसे हैं और ना ही स्थाई कोई रोजगार। लिहाजा सुदामा केसरी कभी सड़कों के फुटपाथ पर सब्जी बेचते हैं तो कभी आइसक्रीम का ठेला चलाते हैं। मनरेगा में श्रमिक के रूप में निबंधन कराने के बाद कभी - कभी रोजगार मुहैया हो जाता है तो मिट्टी कटाई का काम भी कर लेते हैं लेकिन उनका मानना है कि मनरेगा से रोजगार इन्हें ना के बराबर ही उपलब्ध होता है इसलिए वे सब्जी बेचने और दूसरे दैनिक मजदूरी के काम में ही लगे रहते हैं।

## एक नजर

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डोभी- पटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 22 पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया, जिसमें वाहन चालकों से लगभग 8 हज़ार रुपये जुर्माना राशि वसूल की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए टेहटा थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बिना सीट बेल्ट एवं बिना हेलमेट लगाए लोगों से लगभग 8 हजार रुपये जुर्माने की राशि वसूली गई है।

### 390 बोतल नेपाली शराब बरामद

**बनकटवा।** जीतना पुलिस ने शनिवार रात सैनिक रोड स्थित जोलगावा गांव के पास छापेमारी कर 390 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब बरामद की। पुलिस की कार्रवाई को देख तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर नेपाल की ओर फरार हो गए। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सैनिक रोड की छोटी पुलिया के पास शराब की अवैध डिलीवरी होने वाली है। सूचना मिलते ही पुलिस ने टीम के साथ मौके पर छापेमारी की, लेकिन पुलिस वाहन को देखते ही तस्कर भाग निकले। बरामद शराब को जब्त करते हुए उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस तस्करों की पहचान में जुटी है।

### भारत में घुसा इराकी नागरिक गिरफ्तार

**रक्सौल।** हरैया पुलिस ने नेपाल सीमा से भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले एक इराकी नागरिक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान बारा फौजी हामिद अल बयाती (47 वर्ष), निवासी बगदाद, इराक के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष किशन पासवान ने बताया कि सीमा पर नियमित जांच के दौरान संदेह होने पर उसे हिरासत में लिया गया। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि अभियुक्त भारत में अवैध रूप से घुसने की कोशिश कर रहा था। उसके मंसूबों की जांच अब केंद्रीय एजेंसियां करेंगी। आरोपी खुद को मैकेनिकल इंजीनियर बता रहा है और इससे पहले दो बार वैध वीज़ा पर भारत आ चुका है।

### वरिष्ठ पत्रकार सत्यप्रकाश के निधन पर शोकसभा आयोजित

**मोतिहारी।** चंपारण समाज कल्याण मंच की ओर से शनिवार को शहर के मिस्कौट स्थित जनसेवा फिजियोथेरेपी क्लिनिक में वरिष्ठ पत्रकार सत्यप्रकाश मनोरंजन के असामयिक निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। मंच के संस्थापक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. गोपाल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। डॉ. गोपाल ने कहा कि सत्यप्रकाश मनोरंजन न केवल एक उत्कृष्ट पत्रकार थे, बल्कि एक नेकदिल और मिलनसार व्यक्ति भी थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। कार्यक्रम में प्रेम प्रकाश उपाध्याय, अजय जायसवाल, गोविंद सिंह सहित कई पत्रकारों और समाजसेवियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### इनामी महिला तस्कर ने किया आत्मसमर्पण

**रक्सौल।** हरैया थाना क्षेत्र की प्राथमिक अभियुक्त और 15 हजार रुपये की इनामी महिला मादक तस्कर पथली खातून उर्फ अनवरी खातून ने शनिवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। वह हरैया थाना कांड संख्या 14/24 की मुख्य अभियुक्त थी और लंबे समय से फरार चल रही थी। पुलिस की सघन छापेमारी और बढ़ते दबाव के बीच अंततः उसने अदालत का रुख किया। पुलिस ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मुख्यमंत्री को धन्यवाद, पेंशन वृद्धि पर दिव्यांग संघ की सराहना

**घोड़ासहन।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वृद्ध, विधवा व दिव्यांग पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये किए जाने पर पेंशनधारियों ने हर्ष जताया है। इस अवसर पर शिव मंदिर परिसर, बावरिया में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारी संघ एवं दिव्यांग संघ द्वारा मुख्यमंत्री धन्यवाद सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष उदय जायसवाल ने कहा कि वर्षों की मांग को सरकार ने अब जाकर स्वीकार किया है, जिससे पेंशनधारियों में उत्साह है। उन्होंने बताया कि इसी तरह की धन्यवाद सभा पूर्वी चंपारण समेत राज्य के अन्य जिलों में भी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में सैकड़ों पेंशनधारी मौजूद रहे।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से चार लोग गंभीर रूप से घायल

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरमा कोठी बाजार के समीप बरगद के पेड़ के पास एक तेज़ रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन युवक और एक पांच वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो का दाहिना अगला टायर फट गया, इसके बावजूद चालक वाहन को लगभग दो किलोमीटर तक भगाकर गुदारा घाट पार गांव तक ले गया और फिर वाहन छोड़कर फरार हो गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है। घायलों की पहचान देव कुमार (30), पिंटू कुमार (27), ढोरा साह (30) और अमन कुमार (5) के रूप में हुई है। सभी घायल सिरहा पंचायत के भंगहिया गांव वार्ड संख्या-15 के निवासी हैं। परिजनों ने बताया कि सभी लोग सब्जी खरीद कर घर लौट रहे थे, तभी तेज़ गति से आ रही स्कॉर्पियो ने चोरमा कोठी बाजार के पास टक्कर मार दी। थानाध्यक्ष अशोक शाह ने बताया कि घायलों का इलाज पकड़ीदयाल स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जिनमें दो की स्थिति चिंताजनक है। मामले की जांच की जा रही है।

### नहर में डूबने से युवक की मौत

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** भेलाही वार्ड संख्या-9 निवासी स्व. रमाकांत पटेल के 18 वर्षीय पुत्र झूलन पटेल की नहर में डूबने से मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ धुतहा नदी पुल के पास घोड़ासहन नहर में नहाने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुल से छलांग लगाने के दौरान झूलन गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं निकल सका। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और शव की खोजबीन शुरू हुई। मुखिया सुमन पटेल और प्रदेश जदयू कार्यकारिणी सदस्य भुवन पटेल के प्रयास से आसपास के ग्रामीण गोताखोरों को बुलाया गया। चार घंटे की मशक्कत के बाद बाढ़ी टोला के गोताखोर रामाशीष तुरहा ने झूलन का शव नहर के दूसरे छोर से दलदल में फंसा हुआ बरामद किया। थानाध्यक्ष गौरव कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेजा गया है। इस संबंध में यूडी केस दर्ज किया गया है। मृतक अत्यंत गरीब परिवार से था और घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था।

# स्कॉर्पियो ने स्कूटी में मारी टक्कर, महिला की मौत

## पति के साथ रिश्तेदार की शादी में जाने के दौरान हुआ हादसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति बाल-बाल बच गया। घटना नबीनगर थाना क्षेत्र के अंबा नबीनगर रोड स्थित बसन बिगहा मोड़ के पास की है। मृतका की पहचान झारखंड के गढ़वा जिला अंतर्गत कांडी थाना क्षेत्र के धबरिया गांव निवासी मोहम्मद मुख्तार हुसैन की पत्नी 48 साल की हसीना बेगम के रूप में की गई है। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। मौजूद स्थानीय लोग जख्मी महिला को इलाज के लिए पास के एक निजी क्लीनिक में ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। इसके बाद उसे नबीनगर स्थित रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना पर नबीनगर थाना की पुलिस रेफरल अस्पताल पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए मृतका के परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद मृतका के पति समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद मृतका के पति मोहम्मद मुख्तार हुसैन ने बताया कि उसके फुफेरा भाई की शादी थी। दोनों पति-पत्नी स्कूटी पर सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही नबीनगर बाजार पार करके बसन बिगहा मोड़ के पास पहुंचे, गैस एजेंसी के सामने एक स्कॉर्पियो वाहन ने चकमा देते हुए स्कूटी में टक्कर मार दिया। स्कूटी पर पीछे बैठी उसकी पत्नी सड़क पर गिरकर जख्मी हो गई। स्कूटी से गिरने के कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। जबकि मुख्तार स्कूटी पर ही रह गया।

## महुआ शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** उपहारा पुलिस ने अवैध शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव से आठ लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त दयाल चौधरी पर उत्पाद अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत



**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा में बाइक सवार महिला की सड़क हादसे में रविवार को मौत हो गई। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मामू भगना के समीप की है। मृतका की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र केर्बलवापर गांव निवासी राहुल प्रसाद की 25 वर्षीया पत्नी खुशबू कुमारी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतका के भतीजे ने बताया कि चाचा के साथ बाइक पर सवार होकर फुआ अपने घर जा रही थी। इसी बीच मामू भगना के पास पीछे से आए बाइक सवार ने टक्कर मार दी। फुआ मुंह के बल सड़क पर गिर गई। जिसके बाद निजी क्लिनिक में ईलाज के लिए ले जाया गया। हालांकि वहां प्राथमिकी उपचार के बाद मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां ईलाज के क्रम में चिकित्सक के द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# व्यवस्थित एवं सुविधाजनक माहौल में मतदान करेंगे मतदाता : एसडीओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के उद्देश्य से दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन द्वारा गोह प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम अपेक्षित सुविधाओं अर्थात सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना था, ताकि निर्वाचन दिवस पर मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुगमतापूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन द्वारा राजकीयकृत गांधी स्मारक उच्च विद्यालय गोह, सामुदायिक भवन पुंदौल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमडा सहित अन्य मतदान केंद्रों पर पहुंचकर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पेयजल, स्वच्छ शौचालय, दिव्यांगजनों के लिए रैम्प, बिजली, प्रकाश, छाया, बैठने की व्यवस्था तथा मतदान केंद्र की समग्र स्वच्छता एवं सुलभता की स्थिति का निरीक्षण करते हुए इन सुविधाओं की पूर्णता पर बल दिया। निरीक्षण के क्रम में कई स्थानों पर कुछ आवश्यक सुविधाओं की कमी भी चिन्हित की गई, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोह को स्पष्ट निर्देश दिया कि शेष सभी मतदान केंद्रों का पुनः परीक्षण कराते हुए जहां-जहां सुविधाओं की कमी हो, वहां तत्काल कार्य आरंभ कराया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि निर्धारित समयावधि के भीतर सभी आवश्यक सुविधाएं पूर्णरूपेण उपलब्ध हों। अनुमंडल पदाधिकारी ने यह भी कहा कि मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की सुनिश्चितता मतदाता को न केवल सुविधा देती है, बल्कि उसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित भी करती है। यह प्रशासन का उत्तरदायित्व है कि प्रत्येक मतदाता को सम्मानजनक वातावरण में मतदान का अवसर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर कोई भी कमी शेष न रहे, इसके लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुविधायुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण एवं समीक्षा कार्य लगातार जारी रहेंगे ताकि प्रत्येक स्तर पर निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

# भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोईलवर (भोजपुर)।** भोजपुर जिला पदाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश कि ओर से एक 12 चक्का ट्रक से 1287 लीटर अवैध विदेशी शराब पटना की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भोजपुर द्वारा निरीक्षक राहुल कुमार दुबे के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बक्सर-पटना फोरलेन पर गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर ओवरब्रिज के पास एक ट्रक की जांच करने पर ट्रक से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब व बीयर बरामद किया गया। टीम ने वाहन के चालक दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वह पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के हल्दी छपरा गांव निवासी है।



छापेमारी दल में निरीक्षक राहुल कुमार दुबे, अवर निरीक्षक शिवम् कुमार झा, राजकुमार राजा, रवि कुमार, सहायक अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार यादव एवं सहायक अवर निरीक्षक के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## अपहृत लड़की सकुशल बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** वेना थाना की पुलिस ने अपहृत एक लड़की को सकुशल बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार यादव ने रविवार को बताया कि बीते 18 जून को एक लड़की अदिति कुमारी का अपहृत होने का मामला आया था। जिसे पुलिस ने 22 जून को पटना से बरामद किया है साथ ही उक्त कांड के प्राथमिकी अभियुक्त बुधन कुमार को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम कारवाई की जा रही है।

# महिला ने प्रेमी से मिलकर दूसरे प्रेमी की कराई हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने रविवार के दिन अलग-अलग थाना क्षेत्र के तीन मामलों का खुलासा किया। इसमें पहली घटना रंगदारी, दूसरी हत्या और तीसरी घटना दो गुटों के बीच लड़ाई के दौरान फायरिंग की है। इन सभी मामलों में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी भी हुई है।

### 10 लाख की मांगी रंगदारी

19 जून को प्रीतम कुमार सिंह छपरा अवतार नगर के रहने वाले से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। जो गांधी नगर ओंकारेश्वर हनुमान मंदिर राजीव नगर पटना में रहते हैं। अज्ञात नंबर से इनसे 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। पुलिस मामला दर्ज कर के छानबीन शुरू की तो आरोपित जानने वाला ही निकला। आरोपित का नाम अनुज कुमार है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसने रुपए के लिए अपने मौसा के दोस्त से रंगदारी के तौर पर रुपए की डिमांड की थी और नहीं देने पर इकलौते बेटे को जान से मार देने की धमकी दी थी।

### प्रेमिका ने कराई हत्या

परसा थाना अंतर्गत एतवारपुर में एक अज्ञात शव मिला था। जिसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की तो युवक की पहचान सारण के रहने वाले सूरज के रूप में हुई। जो बेऊर इलाके में किराए के मकान में रहता था। जिसकी हत्या नुकीले हथियार से गोदकर की गई थी। इस मामले में पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि अनुसंधान के दौरान पता चला कि मृत शख्स का संबंध किसी महिला के साथ है। उस महिला से पूछताछ की गई तो यह जानकारी सामने आई कि मृतक से उसके करीबी संबंध थे। जिसके आधार पर वो लगातार ब्लैक मेल कर रहा था। इससे परेशान होकर उसने दूसरे प्रेमी और पति के साथ मिलकर उसे मार दिया। महिला पहले से शादीशुदा है। इसमें महिला गुड़िया कुमार, विजय कुमार और अश्विन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। जिस नुकीले हथियार से गोदकर हत्या की गई थी, उसे भी बरामद कर लिया गया है।

पटना एसएसपी ने बताया कि खुसरूपुर थाना के लोदीपुर पासवान चौक के पास दो व्यक्तियों के बीच में आपसी रंजिश के चलते गोलीबारी की घटना हो रही थी। इसके आधार पर दोनों पक्षों के यहां रेड की गई।

# शराब की खेप के साथ आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के अब्दुलपुर स्थित हनुमान मंदिर के समीप से रफीगंज पुलिस ने शनिवार को 150 बोतल विभिन्न ब्रांड के देसी शराब बरामद कर एक बाईक को भी जप्त किया है तथा एक नाबालिग सहित तीन लोगों को पुलिस हिरासत में लिया है। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा छापामारी किया गया। छापामारी दल में अपार थाना अध्यक्ष कन्हैया कुमार, एसआई महेश पासवान, पप्पू पासवान, मनोरमा कुमारी, एएसआई बवनजीत कुमार, राम अवधेश सिंह, सुनील सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। वहीं पकड़े गए शराब तस्कर फेसर थाना क्षेत्र के ठेगवा गांव निवासी उमेश यादव, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नेहुटी गांव निवासी वीरेंद्र कुमार सहित एक नाबालिग शामिल है। पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए लोगों को रविवार को जेल भेजा जाएगा।

# परंपरागत गीतों के साथ किसानों ने की धान रोपनी की शुरूआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के बनियां पंचायत के सोनडीह गांव में रविवार को परंपरागत लोक संस्कृति कृषि मधुर गीतों के साथ धान रोपनी का कार्य शुरू हुआ। किसान मानसून की पहली बारिश में ही अपने खेतों में धान की रोपनी करने में जुट गए हैं। किसान चन्द्रशेखर प्रताप सिंह उर्फ लड्डू सिंह अपने 25 बिघा खेत में धान रोपने का कार्य प्रारंभ किए हैं। उन्होंने बताया कि इस धान रोपनी की प्रक्रिया में 27 दिन पूर्व धान बीज की बुआई की गई थी। धान रोपनी में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और वे पारंपरिक गीतों का गायन कर धान रोपाई करने लगी जिससे मगध की लोक संस्कृति की झलक दिखने लगा। लड्डू सिंह ने बताया कि इतना पहले धान रोपने का मुख्य कारण उपज को बढ़ाना है। अद्रा से पहले धान रोपने पर एक बीघा खेत में धान पांच से 6 क्विंटल अधिक होता है। हमें पहले धान रोपने से फायदा होता है। एक बीघा में गंगा कावेरी धान की उपज लगभग 25 क्विंटल होगा। यदि इसी धान को 25 दिन बाद रोपेंगे तो इसकी उपज 5 क्विंटल कम होगी। इसलिए पहले धान रोपने से किसानों को अधिक उपज का लाभ मिल सकती है। उनकी आय में वृद्धि हो सकती है। किसानों ने इस बात को ध्यान में रखते हुए पहले धान रोपनी का फैसला किया है और वे अपनी फसल के लिए आशान्वित हैं। किसानों का कहना है कि मानसून की बारिश ने उनकी फसल के लिए बहुत ही अनुकूल परिस्थितियां पैदा की हैं। वे अपनी फसल की देख-भाल करने में जुट गए हैं। उम्मीद कर रहे हैं कि उन्हें अच्छी उपज मिलेगी। इस तरह प्रखंड क्षेत्र के सोनडीह गांव में धान रोपनी का कार्य जोरों पर है और किसानों को उम्मीद है कि उन्हें अच्छी उपज मिलेगी और उनकी आय में वृद्धि होगी।

# राघोपुर का पीपा पुल बंद 24 गांवों का संपर्क टूटा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना से राघोपुर दियारा को जोड़ने वाला रुस्तमपुर- कच्ची दरगाह पीपा पुल रविवार से बंद कर दिया गया है। इससे दो दर्जन गांवों का पटना से सीधा सड़क संपर्क टूट गया है। अगले 6 महीने तक क्षेत्र के हजारों लोगों को गंगा नदी पार करने के लिए नावों का सहारा लेना होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल निगम और ठेकेदार ने जल्दबाजी में यह फैसला लिया है। नदी में जलस्तर अभी इतना नहीं बढ़ा है कि पुल को बंद करना जरूरी हो। स्थानीय निवासी आनंद कुमार ने बताया कि अप्रोच रोड से काफी नीचे पानी है। पुल एक सप्ताह और चल सकता था। राघोपुर, जुड़ावनपुर, चकसिंगार, मल्लिकपुर, सैदाबाद, पहाड़पुर, रामपुर, बिदुपुर के गोकुलपुर और विसनपुर सहित कई गांवों के लोग प्रभावित हुए हैं। मजदूर, सब्जी विक्रेता, दूध विक्रेता और कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों को अब एक घंटा पहले निकलना होगा। नाव का अतिरिक्त किराया भी देना होगा।

# दिवंगत पूर्व मंत्री की प्रतिमा का हुआ अनावरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के अहियापुर गांव में पूर्व मंत्री स्व. रामविलास सिंह की 16 वीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। सबसे पहले नवनिर्मित स्व. रामविलास सिंह स्मृति पुस्तकालय भवन का उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत गोह विधायक भीम कुमार सिंह ने पूर्व मंत्री की प्रतिमा का अनावरण किया। मौके पर विधायक भीम कुमार सिंह ने अनावरण करते हुए कहा कि दिवंगत पूर्व मंत्री रामविलास सिंह एक समाजवादी चिंतक थे। वे हर पीढ़ी के लिए आदर्श है। उनके जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। पूर्व विधायक रविन्द्र सिंह ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व.राम विलास बाबू एक व्यक्ति नहीं विचार थे। उन्होंने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा। वे समतामूलक समाज के पूरोधा थे। उनका सफर मुखिया से लेकर मंत्री तक रहा था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सुरेंद्र सिंह व




संचालन सुमेश कुमार ने किया। मौके पर रामदेव सिंह यादव, जिला परिषद अरविंद यादव, जिप प्रतिनिधि शैलेश यादव, पूर्व प्रमुख संजय मंडल, डा सीपी सिंह, मुखिया प्रतिनिधि नागेन्द्र सिंह, रविन्द्र यादव, राजू यादव, मनीष यादव, दिनेश राम एवं दीनदयाल सिंह ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की सफलता पर परमानंद सिंह, वृजनंदन सिंह, कमलेश कुमार, राकेश कुमार एवं राजू कुमार रत्ना ने आगुंतकों के प्रति आभार जताया।

## नगर पंचायत का सीमांकन जल्द पूर्ण कराने की मांग

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** बीते दिनों मदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिला है, लेकिन सीमांकन का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मदनपुर नगर पंचायत में मदनपुर, दशवतखाप, मिठाईयां, नोनियाडीह, पंवारा, श्रीरामपुर, शिवनाथ बिगहा, पाठक बिगहा, घोरहत, पतेया, उमगा, मुंशी बिगहा, तपसीनगर, मिश्र बिगहा आदि गांवों को जोड़ा जाए ताकि सीमांकन पूर्ण हो सके। सामाजिक कार्यकर्ता उमाशंकर सिंह, नारायण प्रसाद उर्फ त्रियुगी प्रसाद, अभिमन्यु प्रसाद सिंह, मुरारी ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर का कहना है कि नगर पंचायत में इन गांवों को भी शामिल किया जाए।

# बढ़ती जनसंख्या को लेकर परिसीमन में सुधार की आवश्यकता : डॉ. रणविजय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित गौतम बुद्ध नगर भवन में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष वशिष्ठ शर्मा ने किया एवं मंच का संचालन धनंजय मिश्रा ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि रालोमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह गोह विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ रणविजय कुमार, प्रदेश महासचिव रामकुमार वर्मा के साथ गोह प्रखंड के सेक्टर प्रभारी, पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष तथा सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



अगामी 29 जून को गयाजी के गांधी मैदान में संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रणविजय कुमार ने लोगों को बताया कि बढ़ते जनसंख्या को लेकर परिसीमन में सुधार की आवश्यकता है। अगर बिहार को विकसित राज्य देखना चाहते हैं तो एनडीए की सरकार को समर्थन करना होगा। यहां पुनः बिहार में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाना है। विकास पुरुष के बिना बिहार का विकास सम्भव नहीं है। नहीं तो आने वाले दिनों में पूर्व की भांति जो होता था उसका खामियाजा आज भी भुगतना पड़ेगा। डॉ. रणविजय ने कहा कि इसके लिए हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने केंद्र व राज्य सरकार को महारैली के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराएंगे। इस रैली को एतिहासिक बनाने के लिए 29 जून को गोह विधानसभा क्षेत्र से काफी संख्या में कार्यकर्ताओं का हूजूम गयाजी के गांधी मैदान में पहुंचेगी और परिसीमन सुधार महारैली को लेकर भगवान बुद्ध की पावन स्थल गयाजी से आगाज की जाएगी। बैठक में दर्जनों रालोमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जागरूकता रथ को किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** राजद द्वारा 26 जून को बापू सभागार पटना में आयोजित युवा छात्र संवाद कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रविवार को भोजपुर जिले से सातों विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार के लिए जागरूकता रथ रवाना हुआ। रथ को युवा राजद के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो आगामी दिनों में जिले के गांव-गांव में जाकर युवाओं को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करेगा। मौके पर शैलेंद्र कुमार ने कहा कि भोजपुर के सभी विधानसभा क्षेत्रों से हजारों युवा पटना पहुंचेंगे। अपने लोकप्रिय नेता तेजस्वी यादव से सीधा संवाद करेंगे। बड़हरा के राजद नेता रामबाबू सिंह ने तीखा हमला करते हुए कहा कि बेरोजगारी और भ्रष्टाचार में डूबी यह सरकार अब युवाओं की ताकत से उखाड़ फेंकी जाएगी। छात्र युवा संवाद एक निर्णायक कदम होगा। युवा राजद के प्रधान महासचिव रजनीश यादव ने कहा कि बिहार के सभी जिलों में भोजपुर पहला जिला होगा जो राजधानी को पाटने का काम करेगा। यह कार्यक्रम तय करेगा कि अब बागडोर युवाओं के हाथ में होगी और तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे। मौके पर पिंटू यादव, बिमलेश यादव, रवि राणा, प्रिंस राय, संतोष कुमार, निराला यादव सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पार्टी के स्थापना दिवस पर पुस्तक का हुआ लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा शहर के मेहंदिया रोड स्थित एक नीजी हॉल में अखिल हिन्द फारवर्ड ब्लॉक (क्रांतिकारी) की बिहार राज्य इकाई की ओर से पार्टी का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं अमर शहीद बालमुकुन्द राही के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी एस निराला द्वारा लिखित पुस्तक ''पूंजीवाद की विकास यात्रा, युद्ध और क्रांति''का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण में लेखक डीएस निराला ने कहा कि आज का युग पुंजीवाद, साम्राज्यवाद मृत काल है, दूसरी तरफ आज का युग वास्तव में मजदूर किसानों के लिए विश्व की नई समाजवादी क्रांति का अमृत काल है। ऐसे में तमाम क्रांतिकारी शक्तियों को एकजुटता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है ताकि पुंजिवादी आधुनिक साम्राज्यवाद और उनकी लुट का अंत किया जा सके। राष्ट्रीय




महासचिव बाल गोविन्द सिंह, प्रांतीय अध्यक्ष राम गोविंद सिंह, प्रांतीय सचिव सुरेश विश्वकर्मा, राष्ट्रीय जनवादी मोर्चा वाराणसी के सन्तोष गिरी, मजदूर नेता सूर्यदेव राजवंशी एवं संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के राजकुमार भारत की उपस्थिति में पूंजीवाद की विकास यात्रा, युद्ध और क्रांति नामक पुस्तक का लोकार्पण किया गया। मौके पर ओमप्रकाश वर्मा, चन्द्रदीप राम, रामाधार सिंह बेगाना, रामाशीष सिंह, बीरवल पासवान, रामरूप राजवंशी एवं अभय कुशवाहा ने अपने विचार व्यक्त किये।

# योग जीवन के लिए संजीवनी समान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रोग्रेसिव चिल्ड्रेन एकेडमी अंबा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व शिक्षण संस्थान के संस्थापक वेद प्रकाश तिवारी ने की। इस दौरान कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा विद्यालय के बच्चों को आसन, प्राणायाम और ध्यान का योगाभ्यास कराया गया। प्राचार्या कुमारी शशि ने कहा कि योग स्वस्थ तन और मन प्राप्ति की प्राचीनतम भारतीय साधना पद्धति है। यह जीवन के लिए संजीवनी है। उन्होंने बच्चों को जीवन में नियमित रूप से योग को अपनाने की बात कही और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के थीम 'योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ' पर विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर प्रोग्रेसिव शिक्षण संस्थान के प्राचार्या कुमारी शशि, उप प्राचार्य जयमंगल सिंह, शिक्षक उमा शंकर सिंह, रीता सिंह, कंचन सिन्हा, नेहा शर्मा, प्रवीण कुमार, शिवम पांडेय, संजू कुमारी और संस्थान के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# खेतों में घुसा बाढ़ का पानी, फसल बर्बाद, विधायक ने लिया जायजा





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा और उसकी सहायक नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। धनरूआ प्रखंड अंतर्गत वीर पंचायत के ननौरी, डोमनबीघा और निजामत गांव के खेतों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इससे खेतों में लगी मक्का और धान की रोपनी पूरी तरह बर्बाद हो गई है। रविवार को मसौढ़ी विधायक रेखा देवी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र निजामत गांव पहुंचीं और बाढ़ से हुई फसल क्षति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। विधायक ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि प्रभावित गांवों में तत्काल फसल क्षति का आकलन कर किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बाढ़ आपदा से बचाव और राहत कार्यों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। गौरतलब है कि इन दिनों झारखंड से निकलने वाली नदियों के साथ-साथ लोकाईन, कररूआ और भुतही नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ा है, जिससे मसौढ़ी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पानी फैलने लगा है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। स्थानीय किसानों ने सरकार से शीघ्र राहत पहुंचाने और मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## धनरूआ शंभू हत्याकांड : फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चस्पा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के डुमरा गांव में वर्ष 2020 में हुए चर्चित शंभू पासवान हत्याकांड में फरार चल रहे अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। रविवार को धनरूआ पुलिस ने फरार अभियुक्त मनोज खटकर के घर इश्तेहार चस्पा कर उसे शीघ्र आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है। धनरूआ थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला थाना कांड संख्या 17/2020 से जुड़ा है, जिसमें गांव के ही तीन लोगों पर शंभू पासवान की हत्या का आरोप है। मृतक के पिता निरंजन पासवान के आवेदन पर यह मामला दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि नामजद आरोपियों में से दो की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है, जो फिलहाल जमानत पर बाहर हैं, जबकि तीसरा अभियुक्त मनोज खटकर (पिता–रामानंद पासवान, ग्राम–डुमरा) घटना के बाद से ही फरार चल रहा है।

# पेंशन राशि में बढ़ोतरी से महिलाओं में खुशी की लहर, सरकार के फैसले का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** बिहार सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पेंशन राशि को 400 से बढ़ाकर 1100 प्रति माह किए जाने की घोषणा के बाद मसौढ़ी क्षेत्र में खासकर महिलाओं और दिव्यांगजनों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। मसौढ़ी के घोरहुआ मुसहरी सहित कई गांवों की दर्जनों विधवा और वृद्धजन महिलाओं ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए हर्ष जताया है। स्थानीय महिला सरस्वती देवी, सुमित्रा देवी, राजमणि देवी, राघो देवी और सूर्यमणि देवी ने कहा कि यह मांग वे लंबे समय से कर रही थीं। सरकार ने समय पर उनकी पीड़ा को समझते हुए पेंशन में वृद्धि कर राहत दी है।



महिलाओं ने कहा कि बढ़ी हुई राशि से अब दैनिक खर्च चलाने में थोड़ी सहूलियत मिलेगी और वे खुद को सामाजिक रूप से अधिक सुरक्षित महसूस करेंगी। सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए मसौढ़ी के कई समाजसेवियों ने भी इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया। समाजसेविका कुमारी खुशबू रानी, गोपाल सिंह, नागेंद्र सिंह, आशीष देव, आशा किरण सिंह, आशा कुमारी, संजय केसरी और मंटू पांडे ने कहा कि यह निर्णय सामाजिक न्याय और कल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम है। बता दें कि सरकार ने घोषणा की है कि बढ़ी हुई पेंशन राशि जुलाई माह से लागू होगी और प्रत्येक लाभार्थी के खाते में हर महीने की 10 तारीख को सीधे भेजी जाएगी। इस योजना से राज्य के 1 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को फायदा मिलेगा।

# वृद्धजन, विधवा और दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाना नीतीश कुमार की संवेदनशील सोच का परिणाम : अरुण मांझी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ (पटना)।** रविवार को फुलवारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेऊर स्थित गंगा विहार कॉलोनी में नीतीश के काम, नीतीश के नाम कार्यक्रम के तहत भव्य जनसंपर्क एवं जनजागरण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई पूर्व विधायक अरुण मांझी ने की, जिसमें सैकड़ों स्थानीय नागरिक, महिला समूह, युवावर्ग एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान अरुण मांझी ने बिहार सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि वृद्धजन, विधवा



महिलाएं और दिव्यांगजन जो पहले 400 की मासिक पेंशन पाते थे, अब उन्हें 1100 प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी। यह निर्णय सरकार की संवेदनशील सोच और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने बिहार सरकार की प्रमुख योजनाओं को ऐतिहासिक बताया–मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, साइकिल योजना, हर घर नल का जल, हर घर शौचालय, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और कौशल विकास मिशन जैसी योजनाओं से आम जनजीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। पूर्व विधायक ने वर्ष 2025 में नीतीश कुमार को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दोहराते हुए लोगों से आह्वान किया कि वे इस विकास यात्रा में भागीदार बनें और सुशासन की ताकत को और मजबूत करें। इस मौके पर



सुमित कुशवाहा, छोटू सिंह, सतीश सिंह, सोनू कुमार, भवानी सिंह, बालेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश सिंह, हेमंत कुमार सिंह, जयशंकर प्रसाद, राकेश कुमार सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम जनसहभागिता, जागरूकता और सरकार की उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार का प्रतीक बन गया, जिसमें विशेषकर महिला समूह और युवाओं की बड़ी भागीदारी रही।

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ भाकपा (माले) की रणनीति तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** बिहार में प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक और आगामी मानसून सत्र में पेश होने वाले पूरक बजट को लेकर भाकपा (माले) ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। रविवार को फुलवारी शरीफ स्थित भाकपा (माले) विधायक कामरेड गोपाल रविदास के आवास पर विधायक दल के नेता एवं बलरामपुर के विधायक महबूब आलम पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच अहम राजनीतिक विमर्श हुआ, जिसमें आने वाले दिनों की रणनीति और जनआंदोलन को लेकर विचार साझा किया गया। महबूब आलम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया जा रहा वक्फ संशोधन विधेयक अल्पसंख्यकों, खासकर मुस्लिम समुदाय के अधिकारों पर सीधा हमला है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की अगुवाई वाली डबल इंजन सरकार सिर्फ कॉरपोरेट परस्त नीतियों को लागू कर रही है और संविधान प्रदत्त अल्पसंख्यक अधिकारों को कुचलने का काम कर रही है।



उन्होंने कहा कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों को सरकारी नियंत्रण में लेने और सामुदायिक स्वायत्तता को खत्म करने की साजिश है। इसके खिलाफ पार्टी राज्यभर में जनजागरण अभियान चलाएगी साथ ही गांधी मैदान, पटना में आगामी दिनों में एक बड़े जन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसे सफल बनाने की अपील महबूब आलम ने की। विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि पार्टी सदन के भीतर और बाहर, दोनों स्तरों पर सरकार की नीतियों का विरोध करेगी. उन्होंने कहा कि पूरक बजट में गरीबों, मजदूरों, किसानों और दलित-शोषित समुदायों की उपेक्षा की गई है. सरकार सिर्फ आंकड़ों का खेल दिखा रही है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है।

# मसौढ़ी में पंचायत उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया संपन्न 8 उम्मीदवारों ने भरे पर्चे – 9 जुलाई को मतदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** मसौढ़ी अनुमंडल क्षेत्र में रिक्त पंचायत पदों के लिए उपचुनाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। आगामी 9 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा, जबकि 11 जुलाई को मतगणना की जाएगी।

धनरूआ और पुनपुन प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कुल 8 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं, जबकि मसौढ़ी प्रखंड से इस बार एक भी नामांकन नहीं हुआ है, जिससे वहां रिक्त पद पुनः खाली रह गए हैं। उम्मीदवारों के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 25 जून तय की गई है, जबकि चुनाव चिन्हों का आवंटन 26 जून को होगा।

**धनरूआ प्रखंड में नामांकन की स्थितिः** सोनमई पंचायत में सरपंच पद के लिए 2 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। गोविंदपुर बौरही पंचायत में वार्ड सदस्य और पंच पद के लिए क्रमशः 2 और 1 उम्मीदवारों ने नामांकन कराया है। कोसूत पंचायत में पंच पद के लिए 1 नामांकन हुआ है।

**पुनपुन प्रखंड में नामांकन की स्थितिः** बेहरावां पंचायत में 2 पंच पदों के लिए नामांकन हुए हैं। लखनपार पंचायत में 1 पंच पद के लिए नामांकन दाखिल किया गया है।

चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मतदान केंद्रों की सूची, मतदानकर्मियों की नियुक्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में काम हो रहा है। बता दें कि मसौढ़ी प्रखंड से कोई भी उम्मीदवार नामांकन के लिए सामने नहीं आया, जिससे वहां के रिक्त पंचायत पद पुनः अधर में रह गए हैं।

# मसौढ़ी में राजद कार्यकर्ताओं का विधायक रेखा देवी के खिलाफ प्रदर्शन तेज, 'रेखा हटाओ, मसौढ़ी बचाओ' अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** विधानसभा चुनाव से पहले मसौढ़ी में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के भीतर अंतर्कलह सतह पर आ गई है। रविवार को पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने वर्तमान विधायक रेखा देवी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 'रेखा हटाओ, मसौढ़ी बचाओ' अभियान की शुरुआत की।




यह बैठक मसौढ़ी के डॉ. राम जयपाल के आवास पर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्वयं डॉ. राम जयपाल ने की और मंच संचालन नवल भारती ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और विधायक रेखा देवी पर तीखे आरोप लगाए। कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेतृत्व से मांग की कि आगामी चुनाव में रेखा देवी को टिकट न दिया जाए। उनका कहना है कि यदि उन्हें दोबारा प्रत्याशी बनाया गया तो मसौढ़ी विधानसभा सीट पर राजद को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

बैठक में विधायक रेखा देवी पर सात सूत्रीय आरोप पत्र भी प्रस्तुत किया गया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विधायक ने लगातार पार्टी कार्यकर्ताओं का अपमान किया है, पिछले दस वर्षों में कार्यकर्ताओं से कोई संवाद नहीं रखा, योजनाओं के क्रियान्वयन में मनमानी की, बढ़ते अपराध पर चुप्पी साधे रखी, निर्णय लेने में अक्षम रही हैं, पार्टी के हितों की अनदेखी की गई है और उन्हें पॉकेट की विधायक कहा जाने लगा है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि पार्टी नेतृत्व ने इस बार भी उनकी अनसुनी की और रेखा देवी को टिकट दिया, तो विधानसभा क्षेत्र में राजद को मजबूत विरोध और संभावित पराजय का सामना करना पड़ सकता है। इस विरोध बैठक में लाल यादव, सूर्यदेव यादव, अरुण कुमार, कृष्ण यादव, लाल बिहारी यादव, सुरेंद्र यादव, मंटू यादव, रविंद्र यादव, मिथिलेश मंडल, महेंद्र प्रसाद यादव (पूर्व मुखिया), सुनील सम्राट, सत्या यादव, संतोष अनमोल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। 'रेखा हटाओ, मसौढ़ी बचाओ' अब एक संगठित आंदोलन का रूप ले रहा है, जिससे राजद की चुनावी रणनीति पर गंभीर असर पड़ सकता है।

# दिव्यांगजनों को योजनाओं का संपूर्ण लाभ दिलाने हेतु जहानाबाद में दिव्यांग जन कल्याण समिति की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार विधान परिषद की दिव्यांग जन कल्याण समिति के अध्यक्ष व विधान पार्षद डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में शनिवार को जहानाबाद जिला अतिथि गृह में समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले के सभी दिव्यांगजनों को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था।

बैठक में अपर समाहर्ता बृजेश कुमार द्वारा डॉ. चंद्रवंशी का स्वागत पौधा एवं अंगवस्त्र देकर किया गया। इस दौरान सहायक निदेशक माला कुमारी ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के तहत अब तक 328 लाभुकों को बैटरी चालित



ट्राईसाइकिल और 145 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी जैसे सहायक उपकरण वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 2011 की जनगणना में जहानाबाद जिले में 19,500 दिव्यांगजन दर्ज थे, जबकि वर्तमान में 29,275 लोगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है। इनमें से 9,444 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड भी जारी किए गए हैं। शेष के लिए प्रक्रिया जारी है। दिव्यांगता प्रमाणन की सुविधा को सरल बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तीन स्थानों–मखदुमपुर, सदर अस्पताल और हुलासगंज पीएचसी में सप्ताह में एक-एक दिन मेडिकल बोर्ड की बैठक की जा रही है। इसके प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है।

डॉ. चंद्रवंशी ने निर्देश दिया कि पंचायत और प्रखंड स्तर पर यूडीआईडी कार्ड तथा बैटरी चालित ट्राईसाइकिल के लिए विशेष कैंप लगाएं जाएं, ताकि 60% या उससे अधिक अस्थि दिव्यांग व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ मिल सके। साथ ही मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना का भी व्यापक प्रचार हो। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ने दिव्यांग पेंशन राशि 400 से बढ़ाकर 1100 प्रतिमाह कर दी है, जिसका अधिक से अधिक प्रचार कर लाभार्थियों को जोड़ा जाए। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि सदर अस्पताल में दिव्यांगों व वृद्धों के लिए अलग रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाया जाए और प्रत्येक अस्पताल में दिव्यांगजन के लिए विशेष टॉयलेट की व्यवस्था हो। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र प्रसाद, डीपीओ समग्र शिक्षा सुष्मिता भारद्वाज, जल संसाधन, भवन निर्माण और पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# धनरूआ में हत्या के प्रयास मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार, दो अब भी फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर गांव में हत्या के प्रयास से जुड़े एक मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रंजीत यादव (पिता-मुंद्रिका यादव, निवासी वीर गांव) के रूप में हुई है।

थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला धनरूआ थाना कांड संख्या 99/25 के अंतर्गत दर्ज किया गया था। पीड़िता रीता देवी (पति-सुजीत



यादव) के बयान पर गांव के तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोप है कि आपसी विवाद के दौरान आरोपियों ने रीता देवी और उनके बेटे पर लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मामले में एक अभियुक्त पहले ही जमानत पर बाहर है, जबकि एक अन्य अभी भी फरार है।

पुलिस ने बताया कि फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों में घटना को लेकर भय और नाराज़गी दोनों देखी जा रही है। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# मानसून की पहली बारिश में सड़क बनी झील, जलजमाव से ग्रामीण बेहाल





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** मानसून की पहली ही बारिश ने मसौढ़ी की नगर व्यवस्था की पोल खोल दी है। कराय पथ स्थित घोरहुआं गांव के बिंदटोली इलाके में भारी जलजमाव से सड़कें झील में तब्दील हो गई हैं। इससे न केवल राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि हर साल बारिश के मौसम में यही हाल होता है। सड़कों और गलियों में पानी भर जाने से गांव में घुसना तक मुश्किल हो जाता है। बिंदटोली निवासी मिथिलेश बिंद, सुशील यादव, उदय बिंद और गिरजा बिंद ने बताया कि इलाके में पानी निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि आहर-पइन की उड़ाही अधूरी है, नालियों की सफाई नहीं हुई है और निकासी मार्ग बंद पड़े हैं, जिससे बारिश का पानी गलियों और घरों के आगे जमा हो जाता है। हालत यह है कि तेज बारिश के बाद गांव के लोग 'जल कैदी' बनकर रह जाते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए और स्थायी समाधान के लिए आहर-पइन व नालों की समुचित सफाई कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से राहत मिल सके।

# 'बदलो सरकार, बदलो बिहार' यात्रा का कारवां पहुंचा हुलासगंज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** भाकपा माले की बदलो सरकार, बदलो बिहार यात्रा रविवार को औरंगाबाद रोहतास एवं गया जिला से होते हुए जहानाबाद के हुलासगंज पहुंची। भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। गया- पटना मुख्य मार्ग पर तुलसीपुर चौराहे के पास आयोजित नुक्कड़ सभा में काराकाट के सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार संविधान और जनविरोधी नीतियां लागू कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सांप्रदायिक उन्माद फैलाकर देश पर शासन कर रही




है। पिछले 11 वर्षों में असहिष्णुता बढ़ी है। सांसद ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे बिहार का विकास संभव है। एनडीए के शासन काल में चाहे केंद्र की बात हो या फिर राज्य सरकार की बिहार हर क्षेत्र में पिछड़ रहा है। जिस जंगल राज की दुहाई देकर सत्ता की बागडोर नीतीश बाबू ने अपने हाथों में लिया आज स्थिति जंगल राज से भी बदतर हो चुकी है। हत्या, डकैती, बलात्कार के मामलों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। बिहार में 94 लाख से अधिक परिवार भोजन आवास शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों से भी वंचित हैं। किसानों और मजदूरों की हालत बद से बद्तर बन चुकी है।नीतीश कुमार मानसिक एवं शारीरिक रूप से असमर्थ नजर आ रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि मोदी जी बिहार का ताबड़तोड़ दौरा कर रहे हैं वे 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की घोषणा तो करते हैं लेकिन बर्ष 2025 में बिहार की बदहाली पर एक शब्द नहीं बोलते। सभा को घोषी विधायक रामबली सिंह यादव ने भी संबोधित किया। गौरतलब है कि 18 से 27 जून तक चलने वाले बदलो बिहार यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत इंद्रपुरी बराज से शुरू की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीओ एवं अंचलाधिकारी ने तिरुआह क्षेत्र के जमींदारी तटबंध का किया निरीक्षण

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के तिरुआह क्षेत्र के डुमरी



रामपुरवा महानवा बढ़ईया टोला स्थित जमींदारी तटबंध पर बने ठोकर का जल संसाधन विभाग के एसडीओ शशिकांत कुमार एवं सीओ राजीव रंजन ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियो ने बाढ़ से ग्रामीणों की सुरक्षा की दृष्टि से जमींदारी बांध बारिकी से निरीक्षण करते हुए बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर बाढ़ से पूर्व तैयारियो का जायजा लिया जा रहा है।इसी क्रम में उन्होंने बांध पर जहां ज्यादा पानी का दबाव होने की आशंका की दृष्टि से अबिलम्ब मजबूत ठोकर निर्माण कराने की बात कही।साथ ही उन्होंने बताया कि बरसात आने से पहले जो भी बांध में कमियां है उसे चुस्त दुरुस्त कर लिया जायेगा।ताकि पानी का दबाव होने से कोई खतरा नही हो।

### फाइनेंसकर्मी लूट मामले में तीन गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फ्यूजन फाइनेंस कंपनी पडरौना के आरओ से क्लेशन का रुपया सहित कर्मी से मोबाइल लूट मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ कुमार देवेंद्र ने बताया धनहा थाने की पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर लूट कांड में शामिल थाना क्षेत्र के भसहवा निवासी रमाशंकर चौहान , गिरींद्र गोंड एवं अंगद गोंड को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों से पूछ ताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गौरतलब हो कि फ्यूजन फाइनेंस कंपनी पडरौना के आरओ संदेश मिश्र से 24 जनवरी को धनहा थान क्षेत्र में लूट हुई थी। जिसके बाद फाइनेंस कंपनी के आरओ धनहा थाने में एफआईआर दर्ज कराया था । जिसपर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### फरार आरोपी धराया

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लूट व आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहा एक अभियुक्त को नगर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया। एसडीपीओ बगहा कुमार देवेंद्र के नेतृत्व में गठित छापेमारी की दल की टीम में मिली सूचना के आधार पर छापेमारी पर अभियुक्त मंजेश कुमार को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ कुमार देवेंद्र ने बताया कि गिरफ्तार मंजेश कुमार पर वाल्मिकीनगर में लूट एवं बगहा में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। जिसमें पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी में जुटी थी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार मंजेश पर 20 मार्च को बाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र में लूट के मामले की प्राथमिक दर्ज की गई थी। वही 28 मार्च को नगर थाने की पुलिस ने नगर के एक नंबरा रोड से हथियार के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था। लेकिन एक अपराधी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। जिसे चिन्हित करते हुए नगर थाने मे एफआईआर दर्ज कराया गया था। इसी मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को आरोपी मंजेश कुमार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी सरकार का सही कदमः विनय

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधायक विनय बिहारी ने कहा कि लगातार दो वर्षो से सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाने के लिए सदन में आवाज उठाता रहा है। इस वर्ष बजट सत्र के दौरान सदन में आवाज उठाते हुए कहा कि पेंशन को 400 के बदले 1000 रुपये करने की मांग भी उठाया। जिसको विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा ने गंभीरता से सुना था। जिसका परिणाम 21 जून को सामने आया। सीएम ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1100 प्रति माह कर दिया है। यह निर्णय हमारे गरीब, वृद्ध, दिव्यांग एवं जरूरतमंद भाइयों-बहनों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा। विधायक ने इसके लिए सीएम नीतीश कुमार का हृदय से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है। विधायक ने कहा कि यह जीत बिहार की जनभावनाओं की है। मैं सदैव जनता की हितों के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

# उपेन्द्र कुशवाहा को मिली धमकी: आरोपी सिवान से गिरफ्तार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने कहा- पार्टी से कोई संबंध नहीं

**राष्ट्रीय लोक मोर्चा सिवान के नेताओं ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर दी जानकारी, कहा- पार्टी को बदनाम करने की साजिश**

नव विहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताकर किसी अज्ञात शख्स ने जान से मारने की धमकी दी थी। इस गंभीर मामले को लेकर उनके सचिव द्वारा सचिवालय थाना, पटना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर कार्रवाई करते हुए पटना पुलिस ने सिवान जिले के दोन से आरोपी राकेश कुमार तिवारी उर्फ भारत बाबा को गिरफ्तार कर लिया है।

**सिवान कार्यालय में प्रेस वार्ताः पार्टी नेताओं ने**



**किया स्पष्ट- आरोपी से हमारा कोई नाता नहीं**

रविवार को सिवान शहर के श्रीनगर स्थित टी.वी.एस. एजेंसी परिसर में राष्ट्रीय लोक मोर्चा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस मामले पर स्थिति स्पष्ट की। जिला अध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद एवं सिवान सदर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी अब्दुल रिजवान, पार्टी के प्रदेश महासचिव सह गोपालगंज जिला प्रभारी ओम प्रकाश कुशवाहा और प्रदेश महासचिव हाजी अख्तर अली ने संयुक्त बयान में कहा कि—गिरफ्तार किया गया राकेश तिवारी कभी भी राष्ट्रीय लोक मोर्चा का सदस्य नहीं रहा है। पार्टी को बदनाम करने के लिए जानबूझकर झूठ फैलाया जा रहा है। आरोपी पुलिसिया कार्रवाई से बचने के लिए खुद को पार्टी से जोड़ने की कोशिश कर रहा है, जो सरासर गलत है।

**पार्टी छवि खराब करने की साजिशः सख्त कार्रवाई की मांग**

पार्टी नेताओं ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा एक जिम्मेदार राजनीतिक संगठन है और किसी भी आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति से उसका कोई नाता नहीं रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि इस तरह के अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि किसी राजनीतिक दल की छवि धूमिल न हो।

**बृत्ति टोला में मतदान केंद्र बनाने को लेकर ग्रामीणों ने उठाई मांग**

## वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे कालेज के कैम्पस एम्बेसडर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत नोडल अधिकारी बेबी कुमारी की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यो की बैठक का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी बेबी कुमारी ने स्वीप के बारे में बताते हुए कहा कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में अधिक से अधिक संख्या में जिले के मतदाता अपने मत का प्रयोग करें, इसके लिए स्वीप के माध्यम से लगातार प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। युवा वोटर को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है, ताकि युवा वोटर स्वयं अपने मत का प्रयोग करें और अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए जागरूक करें। इसके लिए प्रत्येक महाविद्यालय में कैम्पस एम्बेसडर का चयन करना है और इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (इएलसी) का गठन करना है। उन्होंने कहा कि कैम्पस एम्बेसडर के माध्यम से कॉलेज के युवा वोटर, फर्स्ट टाइम वोटर को मतदान के लिए जागरूक बनाना है। महाविद्यालय में समय - समय पर मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करना है। जिन छात्र- छात्राओं का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है, या वोटर आई डी कार्ड नहीं बना है, बी एल ओ के माध्यम से उनका नाम जोड़ने आदि की जानकारी देना है। नोडल अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्ययोजना के अनुसार मतदाता जागरूकता गतिविधियों का

**ईएलसी का गठन करने का निर्देश**



आयोजन करना होगा। जिला स्वीप कोषांग की सदस्या सुश्री मेरी आडलीन ने कहा कि महाविद्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की फोटो, वीडियो बनाना और उसका दस्तावेजीकरण करना जरूरी है। महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु रामलखन सिंह यादव कॉलेज, बेतिया के प्रोफेसर प्रकाश राय को नामित किया गया। श्री राय सभी महाविद्यालय के प्राचार्य या सम्बंधित प्रोफेसर, समन्वयक से समन्वय स्थापित करके जिले के सभी महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे, ताकि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़े और अधिक से अधिक मतदाता अपना मत का प्रयोग अवश्य करें।बैठक में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्रभारी सहित स्वीप कोषांग के सदस्य शशिभूषण सहाय, संजय कुमार, रामइकबाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## इलाज के दौरान मरीज की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के एक निजी क्लिनिक में इलाज कराने पहुचे एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान बरगजवा गांव निवासी 32 वर्षीय चंदन साह के रुप मे हुई है। घटना रविवार की दोपहर की है। वही मरीज की मौत के बाद परिजनों ने निजी अस्पताल में जमकर हंगामा किया है। और डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही के साथ कई गंभीर आरोप भी लगाया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि चंदन के पेट मे दर्द था। उसे सरकारी अस्पताल लाया गया। सरकारी अस्पताल में इलाज के बाद उसे डॉ रंजन कुमार देवनाथ के क्लिनिक में दिखाने ले जाया गया। जहां डॉक्टर में इलाज शुरू कर दी। इस दौरान मरीज को लगभग आठ इंजेक्शन दिये गए।इंजेक्शन देने के तुरंत बाद मरीज को बेचौनी होने लगी। और उसके बाद मरीज की मौत हो गई। मौत के बाद डॉक्टर के कम्पाउंडरो ने मरीज को आनन फानन में रेफर कर दिया। एम्बुलेंस आने पर डॉक्टर के कम्पाउंडरो ने अपने हाथ से ही मरीज को एम्बुलेंस में रखा। परिजनों को हाथ तक लगाने नही दिया गया। परिजन उसे लेकर बेतिया के डॉक्टर अंजनी कुमार के पास ले गए। जहां डॉक्टर ने मरीज को मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि हो जाने पर परिजन मरीज को दोबारा रवि रंजन क्लिनिक में ले आए और हंगामा करने लगे। हंगामे की सूचना पर पहुची शिकारपुर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। परिजनों को समझा बुझा कर शांत करवाया। मरीज के परिजनों का आरोप था कि सरकारी अस्पताल से मरीज को सही हालत में लाया गया। लेकिन डॉक्टर द्वारा दिए गए इंजेक्शन से मरीज की बेचौनी बढ़ी और उसकी मौत हुई है। उधर,डॉ रंजन कुमार देवनाथ ने बताया कि सीरियस अवस्था मे मरीज को लाया गया है। उसका इलाज भी किया गया है। वह ठीक भी था।अल्ट्रासाउंड जांच भी की गई है। बेड पर आने के बाद उसकी स्थिति बिगड़ने लगी है और उसकी मौत हो गयी है। इधर मौत की सूचना पर पहुचीं शिकारपुर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। अपर थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि परिजन डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। परिजनों से आवेदन देने को कहा गया है। आवेदन मिलने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

## मतदान केंद्र दूर होने से दिव्यांग व बुजुर्गो को होती है परेशानी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सुगौली पंचायत अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय में विधानसभा चुनाव में बूथ बनाने को लेकर ग्रामीणों ने मांग उठाई है। इसको लेकर जिलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर वृति टोला महादलित बस्ती स्थित प्राथमिक विद्यालय में मतदान केंद्र बनाने की मांग किया है। ग्रामीण चंदन पासवान, मनबोध राम, मिमल राउत,ललन साह, विवेक कुमार, गोविंद कुमार, मनोज राम, अनिल तिवारी समेत दर्जनों वोटरों ने रविवार को बूथ नही होने को लेकर विरोध जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि वृति टोला स्कूल में मतदान केंद्र नहीं होने से मतदान के समय काफी परेशानी होती है। लोकसभा एवं विधान सभा चुनाव के मतदान के लिए उन्हें करीब तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। जिसके चलते दिव्यांग व बुजुर्ग वोटरों के साथ महिला वोटरों को मतदान करने में काफी परेशानी होती है। मतदान केंद्र दूर होने के चलते बहुत से वोटर मतदान केंद्र नही पहुच पाते है। ग्रामीणों ने बताया कि वृति टोला, चौड़वर एवं सेमरा को लेकर वोटरों की संख्या एक हजार से अधिक है।

## नाबालिग छात्रा ने शिक्षक पर धमकी और अनुचित व्यवहार का लगाया आरोप, मामला दर्ज

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के बेउर थाना क्षेत्र की एक नाबालिग छात्रा ने अपने स्कूल के शिक्षक पर धमकाने और अनुचित ढंग से बात मनवाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है. छात्रा द्वारा लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. शिकायत दर्ज होते ही आरोपी शिक्षक फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है. छात्रा का कहना है कि शिक्षक द्वारा उसे बार-बार टोका-टोकी की जा रही थी और दबाव डालकर अपनी बातें मनवाने की कोशिश की जा रही थी. इससे आहत होकर उसने अपने परिजनों को पूरी बात बताई, जिसके बाद थाना में लिखित शिकायत दी गई.

## रेप पीड़िता लड़की की मौत मामले में जनसुराज पार्टी ने स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफा मांगा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के मैनाटांड़ थाना क्षेत्र क एक गांव की लड़की के साथ गैंगरेप के बाद हुयी मौत पर राजनीति गमार्ने लगी है। जनसुराजपार्टी ने सुबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के इस्तिफे की मांग की है। जनसुराज पार्टी की ओर से आयोजित पत्रकार सम्मेलन में जिलाध्यक्ष कमलेश प्रसाद, वरीय नेता राज्यपरिषद सदस्य अनिल कुमार सिंह, युवा जिलाध्यक्ष राजकिशोर चौधरी, जिला पार्षद अखिलेश्वर प्रसाद उर्फ झुन्नु समेत अन्य ने कहा है कि लड़की की मौत मामले में जितना दोषी आरोपी है उससे कम बतिया का जीएमसीएच प्रबंधन भी नही है। वक्ताओं ने दोषियों को फास्ट ट्रेक में सुनवाई करते हुए फांसी देने की मांग की वहीं इसके लिए जख्मी लड़की के इलाज में जीएमसीएच प्रबंधन पर भी कोताही का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि जब आरोपी जख्मी हालत में लड़की को अस्पताल में शाम में पहुंचाये तबसे लेकर अस्पताल प्रबंधन ने उसकी कोई सुधि नही ली।

**जीएमसीएच प्रबंधन की भूमिका की हो जांच**



आखिरकार स्वास्थ्य विभाग वीआईपी संस्कृति से कबतक उपर आयेगा। गरीबो, असहायो, मजलूमो के लिए बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था नाम की कोई चीज नही रह गयी है। मंगल पांडेय के कार्यकाल में स्वास्थ्य विभाग में लूट मची हुयी है। स्वास्थ्य व्यवस्था पुरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। वक्ताओं ने बताया कि घटना की सूचना पाकर जनसुराज पार्टी के वरीय नेता पूर्व डीजीपी राकेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जनसुराज की टीम ने पीड़ित के गांव जाकर शनिवार को उनके परिजन से मुलाकात की। और वस्तुस्थिति की जानकारी ली। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन बता रहा है कि लड़की ने सहमति से शारीरिक संबंध स्थापित किया। पुलिस ने आनन फानन में तीन युवको को गिरफ्तार तो कर लिया है। लेकिन लड़की को बहकावे में लेकर उसे नरकटियागंज ले जानेवाली लड़की से पुछताछ नही कर पुलिस मामले को रफा दफा करना चाहती है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उचित न्याय नही मिला तो जनसुराज पार्टी आंदोलन करेगा। मौके पर सिकंदर चंद्रा, अभिनंदन कुमार, अरविंद कुमार मिश्र,बलराम कुमार आदि भी मौजूद रहे।

### छात्रा हत्याकांड में होटल मैनेजर भी गया जेल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा के गैंग रेप के बाद मौत मामले में नरकटियागंज के महादेव होटल के मैनेजर बंटी जयसवाल को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। डीएसपी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि होटल प्रबंधन की इस मामले में गलती है।होटल प्रबंधन को समय रहते पुलिस को सूचना देना चाहिए कि नाबालिग लड़की को लेकर दो युवक रूम बुक करने आये है।अगर सूचना उसी समय मिल गयी रहती तो शायद यह नौबत नहीं आती। ऐसे में होटल प्रबंधन बंटी जयसवाल को दोषी मानते हुये उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि छात्रा हत्याकांड में दुष्कर्मी चौतरवा के चौरसिया निवासी भोलू कुमार,अहिरौलिया निवासी रूपेश कुमार एवं लौरिया के ठाकुर टोला निवासी सचिन कुमार को शनिवार के दिन ही जेल भेज दिया गया था।

## गायब हुआ अमन कुमार सकुशल, कई घंटे बाद घर लौटा

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौरीचक थाना क्षेत्र के लक्ष्मीचक गांव निवासी 15 वर्षीय अमन कुमार, जो सोमवार की दोपहर रहस्यमय तरीके से लापता हो गया था, देर रात सकुशल घर लौट आया है. अमन के मिलने की खबर से परिजनों ने राहत की सांस ली है, हालांकि उसके लापता होने की वजह को लेकर कई तरह की बातें सामने आ रही हैं. अमन कुमार, पिता हरेंद्र राय, अपने पिता की चाय दुकान पर खाना पहुंचाने गया था. वहां से वह साइकिल से घर लौट रहा था, लेकिन घर नहीं पहुंचा. काफी देर तक जब उसका कोई पता नहीं चला, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की. खोज के दौरान अमन की साइकिल दुकान और घर के बीच सड़क किनारे लावारिस हालत में मिली, जिससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई. परिजनों ने आशंका जताई थी कि अमन के साथ कोई अनहोनी हो सकती है. इसके बाद गौरीचक थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई. पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की. स्थानीय वार्ड पार्षद ममता देवी के पति अनिल कुमार यादव ने कहा कि अमन को साजिश के तहत लापता किया गया था. उनका दावा है कि अमन को नौबतपुर थाना क्षेत्र के एक सुदूर गांव में कुछ अपराधियों ने हाथ-पैर बांधकर छोड़ दिया था. किसी तरह उसने खुद को छुड़ाया और मुख्य सड़क पर पहुंचा, जहां से वह भागते हुए घर लौटा. हालांकि गौरीचक थाना अध्यक्ष अरुण कुमार का कहना है कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि जिस दिन अमन कुमार गायब हुआ था उसी दिन सोहगी मोड़ से एक लड़की भी गायब हुई थी दोनों ही अपने-अपने घर लौट आया है. अब दोनों साथ में लापता हुए थे कि दोनों का अलग-अलग मामला है इसकी भी जांच अभी चल रही है. हालांकि इस बारे में दोनों के परिजनों ने थाना में किसी भी तरह का मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया. वह एक पुलिस ऑफिसर का कहना है कि ड़का अपनी मौसी के घर चला गया था. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की सच्चाई का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है. वहीं अमन के सकुशल लौट आने से उसके घरवालों में खुशी है, लेकिन अब भी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह लापता कैसे हुआ और किस उद्देश्य से गया था.

## खाते से गायब एक लाख रुपये कराए साईबर पुलिस ने वापस

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खाता से गायब हुए एक लाख रुपये को साईबर पुलिस ने संबंधित खाता धारक को वापस दिलवा दिया है। साइबर थाना के डीएसपी गौतम शरण ओमी ने बताया कि साइबर अपराधियों ने यूपीआई फ्रॉड कर मैनाटांड़ थाना के बौद्ध बरवा निवासी कृष्णा कुमार के बैंक खाता से एक लाख रुपये गायब कर दिया था। इस मामले में साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस कांड का सफल उद्भेदन के बाद फ्रॉड की गई सारी राशि कृष्णा कुमार को वापस दिला दिया गया है। विदित हो कि कृष्णा कुमार का भारतीय स्टेट बैंक शाखा मैनाटांड़ में खाता है। साइबर अपराधियों ने 10 अप्रैल 2024 को उनके बैंक खाता से दो बार में 50- 50 हजार रुपये अवैध तरीके से निकासी कर लिया था। दो दिन बाद 12 अप्रैल को उन्हें अवैध निकासी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने 1930 नंबर पर कॉल कर अपने साथ फ्रॉड होने की जानकारी दी थी। शिकायत के बाद आरोपित के खाते को सीज कर दिया गया था। फिर कृष्णा कुमार ने छह मई 2024 को साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसे होल्ड खाता से कृष्णा कुमार के खाते में राशि हस्तांतरित करवा दिया गया। हालाकि मामले में अभी आरोपी की गिरफ्तारी नही हो सकी है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व साइबर थाना की पुलिस ने नरकटियागंज के बर्तन मार्केट निवासी शिक्षिका अनुपमा कुमारी से ठगे गए रुपये में से 66 हजार रुपये शिक्षिका के बैंक खाता में वापस करवाई थी।

## फुटबॉलर दिनेश कुमार को दी गयी श्रद्धांजलि

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टाउन क्लब के फुटबॉल खिलाड़ी दिनेश कुमार मृतयु हो जाने से शहर ने खेल जगत के एक उभरते सितारे को खो दिया है। रविवार को टीपीवर्मा कॉलेज परिसर में कॉलेज के कर्मियो एवं खेल कूद विभाग द्वारा मृतक की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सुमन अर्पित की गई। इस दौरान खेल कूद विभाग समेत सभी शिक्षकों व कर्मचारियो ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक दिनेश की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।त टीपीवर्मा कॉलेज के प्रचार्य सुरेंद्र राय ने मृतक दिनेश की मौत पर संवेदना प्रकट किया है। प्रचार्य ने कहा कि महाविद्यालय ने एक खिलाड़ी को खो दिया। जिसकी भरपाई नही की जा सकती है। वही टीपीवर्मा के खेल निदेशक सुनील वर्मा ने बताया कि फुटबॉलर दिनेश को अभ्यास के दौरान कंधे पर गंभीर चोट लगने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज गोरखपुर में चल रहा था। उसे बचाने का बहुत प्रयास किया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। श्रद्धांजलि सभा मे ड़ॉ. चंद्रभूषण बैठा, डॉ प्रीति कुमारी, विकास मंडल, मनोज दुबे, दशरथ राम, नर्मदा गुप्ता,धनराज तिवारी, डॉ अनन्त झा समेत टाउन क्लब के खिलाड़ी आदि उपस्थित रहे।



## गौरीचक में गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र अंतर्गत हंडेर गांव निवासी एक व्यक्ति की देर रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है. मृतक की पहचान रामानंद सिंह के पुत्र अंजनी सिंह (45 वर्ष) के रूप में की गई है.बताया जा रहा है कि अंजनी सिंह अपने किसी चाचा के साढ़ू के श्राद्ध भोज कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे. बहुआरा और कंडाप पंचायत के बीच रास्ते में बाइक से लौटने के क्रम में अपराधियों ने उन्हें नजदीक से गोली मार दी. गोली उनकी गर्दन में लगी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण वहां पहुंचे और पुलिस को सूचित किया. गौरीचक थानाध्यक्ष अरुण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. घटना के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है. बताया जाता है कि अंजनी सिंह शादीशुदा थे, लेकिन वह अपनी पत्नी से अलग रहते थे. हत्या की इस घटना को लेकर हंडेर और आसपास के गांवों में तनाव का माहौल है. पुलिस ग्रामीणों को समझाने-बुझाने में जुटी हुई है और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है. मामले की गंभीरता को देखते हुए गौरीचक थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.



## गुमशुदा महिलाओं की सकुशल बरामदगी और कई थानों का औचक निरीक्षण कर दिए कई निर्देश

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी सख्त आदेश के बाद राजधानी पटना के दोनों नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी और पश्चिमी ने अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तत्परता दिखानी शुरू कर दी है. वहीं फुलवारी शरीफ एसडीपीओ के नेतृत्व में एम्स के बाहर भूसौला दानापुर गोलंबर के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) पटना भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पटना पश्चिमी क्षेत्र के विभिन्न थानों की पुलिस ने विगत 24 घंटों में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है. पुलिस टीम ने दो अलग-अलग मामलों में गुमशुदा एवं अपहृत महिलाओं को तकनीकी अनुसंधान और मानवीय खुफिया सूचना के आधार पर सकुशल



बरामद किया है.पुलिस का कहना है कि इस तरह के मामलों में अब त्वरित कार्रवाई ही प्राथमिकता है ताकि पीड़ितों को जल्द न्याय मिल सके. इधर, नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पटना परिचय कुमार ने 22 जून को अपने अधीनस्थ थाना क्षेत्रों पुनपुन, पिपरा, परसा बाजार और जक्कनपुर का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव, हाजत, मालखाना, शस्त्रागार और अन्य विभाग से जुड़े रजिस्टरों की बारीकी से जांच की गई.

## परसा बाजार थाना क्षेत्र के इतवारपुर टांड पर मिला था अज्ञात युवक का शव, छपरा निवासी ड्राइवर सूरज कुमार के रूप में हुई पहचान

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना के परसा बाजार थाना क्षेत्र के इतवारपुर टांड़ पर बीते गुरुवार को मिले अज्ञात युवक के शव की गुत्थी अब सुलझती नजर आ रही है. पुलिस ने मृतक की पहचान छपरा जिले के अवतार नगर थाना क्षेत्र निवासी सूरज कुमार (पिता मास्टर राय) के रूप में की है. सूरज एक तेल टैंकर का चालक था और पटना में रहकर काम करता था.मृतक सूरज कुमार अविवाहित था और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी भी उठाता था. उसकी नृशंस हत्या से परिजन सदमे में हैं. सूरज कुमार की लाश खेत में संदिग्ध हालत में मिली थी. उसकी छाती पर चाकू से गोदने के गहरे निशान थे, जिससे प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हुआ. शव की पहचान नहीं होने के कारण पुलिस ने तस्वीर जारी कर आम लोगों से मदद मांगी थी. जांच के क्रम में खुलासा हुआ कि सूरज सोशल मीडिया के जरिए पटना की एक युवती ह्यगुड़ियाह्ण के संपर्क में आया था. दोनों के बीच प्रेम संबंध थे और सूरज अकसर गुड़िया से मिलने आता था. पुलिस के मुताबिक, गुड़िया का एक और प्रेमी विजय कुमार भी था, जो इतवारपुर का रहने वाला है. गुड़िया और विजय के संबंधों से सूरज अनभिज्ञ था. पुलिस जांच में यह भी



सामने आया कि गुड़िया, विजय कुमार और विजय का एक अन्य साथी अश्विनी कुमार (निवासी झ्र गोपालपुर, संपतचक) ने मिलकर सूरज की हत्या की साजिश रची. तीनों ने पहले सूरज को विश्वास में लेकर बुलाया, फिर उसे नशीला पदार्थ खिलाया और इतवारपुर ले जाकर चाकू से उसकी हत्या कर दी. शव को पहचान छुपाने के उद्देश्य से खेत में फेंक दिया गया. एफएसएल टीम ने घटनास्थल से कई अहम सुराग जुटाए और मौके वारदात से डंप डाटा लिए जाने और वैज्ञानिक तरीके से हुए अनुसंधान के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. परसा बाजार थानाध्यक्ष मेनका रानी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है.

# नहाने के दौरान डूबे दो किशोर एक का शव बरामद, एक लापता

## दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे दोनों, सोन नदी में हुआ हादसा


घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिला के दाउदनगर थाना क्षेत्र के काली स्थान घाट की ओर सोन नदी में नहाने के दौरान दो किशोर अचानक गहरे पानी में समा गए। एक किशोर का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। 16 वर्षीय रवि कुमार का शव नदी से निकाल लिया गया है, जबकि 17 वर्षीय पवन कुमार की तलाश की जा रही है। दोनों अपनी चचेरी दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। दोनों नदी में नहा रहे थे। मृतक की पहचान दाउदनगर के वार्ड नंबर-7 स्थित नालबंद टोली मोहल्ला निवासी जीतवहन राम का बेटा रवि कुमार के रूप में हुई है। वहीं, सत्येंद्र राम का बेटा पवन कुमार अभी लापता है। जानकारी के अनुसार, स्थानीय जंगी राम की पत्नी 80 वर्षीया राजकुमारी देवी की मौत रविवार की सुबह हुई थी। दोपहर लगभग 2:30 बजे शव को अंतिम संस्कार के लिए सोन नदी घाट ले जाया गया। शव के अंतिम संस्कार के बाद दोनों किशोर सोन नदी में नहाने के लिए उतरे। थोड़ी ही देर में दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्हें डूबता देख वहां मौजूद जितेंद्र कुमार और शंकर राम ने दोनों को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। गहराई अधिक होने और बहाव तेज होने के कारण दोनों युवक डूबने लगे। चारों को डूबता देख वहां मौजूद विनय पासवान ने साहस का परिचय देते हुए नदी में छलांग लगा दी। जितेंद्र और शंकर को बचा लिया, लेकिन रवि और पवन को नहीं बचाया जा सका। स्थानीय गोताखोरों ने डेढ़ घंटे तक ढूंढने के बाद रवि का शव नदी से ढूंढ निकाला। घटना की सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र कुमार, थाना अध्यक्ष आरती कुमारी, एसआई सुदीश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई में जुट गए। फिलहाल नदी में डूबे दूसरे किशोर के शव की तलाश की जा रही है। एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई है। फिलहाल दूसरे किशोर के शव को ढूंढने के लिए स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोग सोन नदी घाट पर पहुंचे तथा परिजनों को ढाढ़स बंधाया। जानकारी के अनुसार मृतक रवि 5 भाई-बहन है। ये दूसरे नंबर पर था। उसके पिता जितबहन राम पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे हैं। वहीं, पवन अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा है। उसके पिता सत्येंद्र राम ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। परिजनों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पवन के शव को ढूंढने और मृतक के परिजन को सरकारी प्रावधान के अनुरूप मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। घटना एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र रेलवे ट्रैक की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। पुलिस अपने स्तर व्यक्ति की पहचान हेतु आसपास की थानों से संपर्क कर रही है। शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। लिहाजा उसे 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखवाया गया है। थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि रेलवे ट्रैक से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। प्रत्यदर्शियों के मुताबिक ट्रेन से गिरकर व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना थाना क्षेत्र के अंकोरहा के पास सलैया रेलवे ट्रैक के समीप की है। पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। फिलहाल शव को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। 72 घंटे के बाद भी यदि शव का शिनाख्त नहीं होता हैं तो सरकारी प्रक्रिया के तहत शव का अंतिम संस्कार कर दिया जायेगा।

# नीति निर्माण में दीदियों की भागीदारी निर्णायक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस बैठक में औरंगाबाद जिले से जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार, संचार प्रबंधक मो. अनवर हुसैन, सामाजिक विकास प्रबंधक सुरेश चौधरी एवं प्रशिक्षण पदाधिकारी प्रवीण कुमार पाठक सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस ऐतिहासिक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यभर के संकुल स्तरीय संघों की लीडर दीदियों से सीधे संवाद स्थापित किया। औरंगाबाद जिले के सभी 11 प्रखंडों से दीदियां इस संवाद में शामिल हुईं और उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र की महिलाओं की भावनाओं और अपेक्षाओं को आत्मविश्वास के साथ सरकार तक पहुंचाया। महिला संवाद कार्यक्रम के तहत प्रदेश भर में एकत्रित लाखों महिलाओं की जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम हैं। सभी पेंशनधारकों की मासिक राशि 400 से बढ़ाकर 1100 रुपए की गई। जीविका दीदियों को दिए जाने वाले ऋण पर ब्याज दर को 12 प्रतिशत से घटाकर मात्र 7 प्रतिशत किया गया। जीविका कैडर के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की गई, जिससे उनकी सेवा और समर्पण को उचित सम्मान मिल सके। हर पंचायत में कन्या विवाह भवन के निर्माण की घोषणा, जिससे सामाजिक आयोजनों में ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की आकांक्षाओं को नीति में परिवर्तित करने का सशक्त मंच बन चुका है। उन्होंने बिहार की महिलाओं की भागीदारी, नेतृत्व क्षमता और समझ की खुले दिल से सराहना की। औरंगाबाद जिला प्रशासन एवं जीविका टीम ने इस संवाद को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह दिन महिलाओं के लिए नई दिशा, नए विश्वास और नई उम्मीद लेकर आया है। अब गांव की दीदियां केवल सहभागी नहीं, बल्कि नीति-निर्माण की प्रमुख निर्धारक बन रही हैं। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा और 'दीदी-शक्ति' की यह आवाज भविष्य में बिहार की सामाजिक संरचना और शासन व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव का कारण बनेगी।

# एसपी के निर्देश पर चलाये गये विशेष अभियान में 29 आरोपित गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाईयों को अंजाम दिया है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देसी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु विभिन्न कांडों के 29 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पॉक्सो कांड में 1, हत्या के प्रयास में 1, शराब के शीर्ष कांडों में 14 एवं अन्य शीर्ष कांड में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 789 वाहनों की जांच की गई जिसमें 19500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा वारंट निष्पादन की संख्या 1 एवं कुर्की निष्पादन की संख्या भी 1 है। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस अभियान को पुलिस अधीक्षक खुद नेतृत्व करते हैं और पुलिस पदाधिकारी को दिशा- निर्देश के बाद पुलिस छापेमारी कर बदमाशों की गिरफ्तारी करते हैं। पुलिस अधीक्षक कि माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके, उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें। एसपी ने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में पांच पुलिसकर्मी घायल

**पटना/ नबिटा ब्यूरो।** पटना में रविवार की सुबह गायघाट चौक के पास रात्रि गश्ती पर निकली पुलिस जिप्सी को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में जिप्सी में सवार पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना आलमगंज थाना क्षेत्र में की है। घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। चार पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आईं और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। एक पुलिसकर्मी को गंभीर चोटें आईं हैं और उनका इलाज जारी है। आलमगंज थाना प्रभारी राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि दुर्घटना के समय एडिशनल एसएचओ पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक और चालक को हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व मंत्री रामविलास सिंह




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वरिष्ठ समाजवादी एवं पूर्व मंत्री स्व. रामविलास सिंह की जिले में अलग-अलग जगहों पर समारोहपूर्वक पुण्यतिथि मनाई गई। औरंगाबाद शहर से सटे संगम रिसॉर्ट में सर्वप्रथम लोगों ने पूर्व मंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता विरासत बचाओ संघर्ष परिषद अध्यक्ष सत्येन्द्र यादव एवं संचालन राजद प्रवक्ता डॉ रमेश यादव ने किया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों का सम्मान होगा तभी आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान को जान पाएगी। रामबिलास बाबू सामाजिक सद्भाव के प्रतीक थे। वे सात विभागों के मंत्री रहे लेकिन कभी भी उनके दामन पर दाग नहीं लगा। औरंगाबाद जिले के निर्माण में उनका बड़ा योगदान रहा हैं। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आज उन्हीं की देन है कि दाउदनगर अनुमंडल बना। औरंगाबाद जिले के निर्माण में भी उनका अहम योगदान रहा है। वे शिक्षा के क्षेत्र में गुणवतापूर्ण शिक्षा विशेषकर तकनीकी व विधि शिक्षा के विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहे। उन्होंने जाति तोड़ो व समाज जोड़ो के सिद्धांत पर चलने का कार्य किया। वे व्यक्ति विशेष के नहीं हैं बल्कि वे दबे कुचले, शोषित और पिछड़े समाज के धरोहर हैं। उन्होंने जीते जी जात की राजनीति नहीं की, बल्कि जमात की राजनीति की। वे पांच बार विधायक चुने गए। संयुक्त बिहार-झारखंड की सरकार में कई मंत्रालयों के प्रमुख रहे। 1972 में पुलिस राज्य मंत्री बने। 1974 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने जब दूसरी बार आजादी का बिगुल फूंका तो सत्ता के खिलाफ मंत्री रहते हुए उन्होंने त्यागपत्र दे दिया था। मौके पर पूर्व विधायक सुरेश मेहता, राजद जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा, जिला परिषद उपाध्याय प्रतिनिधि ई. सुबोध कुमार सिंह, जिला पार्षद शंकर यादव, अनिल यादव, सुरेंद्र यादव, सुशील कुमार, चंचला देवी, मुखिया बिजेंद्र कुमार यादव, परिषद के महासचिव राधे प्रसाद यादव, प्रवक्ता संजीत कुमार, मुरारी सोनी, छात्र नेता चंदन कुमार सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# सैदपुर नाला बना खतरनाक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना शहर के सबसे पुराने सैदपुर नाले को विकसित करने और इस पर सड़क बनाने की परियोजना दो साल बाद भी अधूरी है। इसके चलते इस मानसूनी बारिश ने इस नाले को खतरनाक बना दिया है। तहां-तहां नाले की रिटेनिंग वॉल टूट गई है, जिससे हादसे की आशंका है। लोगों ने बांस-बल्ली लगाकर सुरक्षा घेरा बनाया है, लेकिन नाले के तेज बहाव में यह नाकाफी साबित होगा। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बुडको द्वारा 11.5 किमी में कैचमेंट नाले और सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सैदपुर से गायघाट तक 3.2 किमी हिस्से को ढंककर रोड का निर्माण कराया जाए या नहीं, इस पर अबतक फैसला नहीं हो पाया है।

# दोहरे हत्याकांड का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिक्रम थाना इलाके में हुई दो लोगों की हत्या में शामिल अपराधी जल्लाद उर्फ राहुल को पुलिस ने दनारा मोड़ दुर्गा मंदिर से गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड में राहुल मुख्य साजिश के साथ-साथ लाइनर की भी भूमिका में था। एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश में हत्या की गई है। इस मामले में सुजीत और रणधीर पासवान को जेल भेजा गया था। अभी अनुसंधान जारी है। इस मामले में और लोगों की भी संलिप्तता सामने आई है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। जमीन से संबंधित विवाद में इनकी ओर से बिक्रम थाना के चौकीदार धर्मेंद्र पासवान की हत्या की गई थी। चौकीदार जो थे, इस मारने वाले गैंग के रिश्तेदार थे। इसी बदले की नियत से इन लोगों के द्वारा दूसरे पक्ष के दो लोगों की हत्या की गई थी। 10 जून को बिक्रम थाना अंतर्गत बाइक सवार दो युवकों सोनू कुमार और रोशन कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शव मझौली सिंघाड़ा मार्ग के पास से बरामद हुआ था। दोनों बाघाकोल फरीदपुर गांव के रहने वाले थे। चौकीदार की हत्या के मामले में जेल भी गए थे। जेल से छुटकर हाल ही में आए थे।

# ट्रेन की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**▪रेलवे ट्रैक पार करते वक्त हुआ हादसा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बाढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर ओखा गुवाहाटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत हो गई। मृतक की पहचान कन्हाईपुर गांव की रहने वाली 20 वर्षीया प्रीति कुमारी के रूप में हुई है। प्रीति रोजाना की तरह सुबह लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए ट्रेन से बाढ़ आई थी। दोपहर 12 बजे प्लेटफॉर्म पर ट्रैक पार करते समय वह ओखा गुवाहाटी एक्सप्रेस की चपेट में आ गई। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रेलवे जीआरपी के जवानों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को ट्रैक से हटाया। फिर रेल यातायात बहाल किया। पुलिस ने मृतक के पास से एक स्कूल बैग और मोबाइल फोन बरामद किया है। शव को रेल थाना के बाहर रखा गया है। रेल थाना के सब इंस्पेक्टर नीतीश कुमार ने बताया कि मृतका के मोबाइल पर आए परिजनों के कॉल से उन्हें घटना की सूचना दी गई है। परिजनों के आने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेजा जाएगा। मृतका के पिता अनिल पासवान किसान हैं।

# पांच दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय, औरंगाबाद में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन हुआ। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, सुरक्षा की ओर' पर आधारित यह शिविर महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस योग शिविर का संचालन योगगुरु हरिओम पांडेय जी द्वारा किया गया। उन्होंने पांच दिनों तक लगातार छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया। योग सत्र में प्राणायाम, ध्यान, सूर्य नमस्कार तथा विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया, जिससे प्रतिभागियों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय राजक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा, योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह जीवनशैली है जो संतुलन, अनुशासन और आत्मचिंतन का मार्ग दिखाती है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा और एकाग्रता का विकास होता है। कार्यक्रम में उपस्थित बरसर डॉ. विवेक कुमार ने कहा, योग हमारे प्राचीन ज्ञान का आधुनिक उत्तर है। इसका नियमित अभ्यास तनाव, अवसाद, और अनेक शारीरिक रोगों से बचाव में सहायक है। उन्होंने कहा आज की दौड़ती-भागती जिंदगी में योग एक आवश्यक अभ्यास बन चुका है। यह युवाओं को न केवल तनावमुक्त रखता है, बल्कि जीवन में अनुशासन भी लाता है। शिविर के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य, विभागाध्यक्षगण, प्राध्यापक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह से शामिल रहे।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सत्यचंडी धाम में आद्रा मेला का किया गया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद से सटे प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं तीर्थ स्थल सत्यचंडी धाम रायपुरा के प्रांगण में सत्यचंडी धाम आद्रा मेला का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्व हिंदू परिषद सह डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच के केंद्रीय अधिकारी जितेंद्र सिंह, पंचदेव धाम चपरा के संस्थापक अशोक कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता कमलेश कुमार सिंह, कल्पवृक्षधाम परता के संस्थापक अशोक कुमार सिंह, दोमुहान सूर्य मंदिर के अध्यक्ष सिंहेश सिंह, अष्टभुजी धाम महोत्सव पिपरा के संरक्षक अजीत मिश्रा, जिला परिवहन संघ के अध्यक्ष राम सकल सिंह, खैराबिन्द पंचायत के मुखिया सुजीत कुमार सिंह, सत्यचंडी धाम न्यास समिति के अध्यक्ष अमरेश सिंह, सचिव राजेंद्र सिंह, महोत्सव के उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने फीता काटकर आर्द्रा मेला का शुभारंभ किया। संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह ने कहा कि आद्रा नक्षत्र के अवसर पर शक्तिपीठ में पूजा पाठ दर्शन करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। सनातन संस्कृति में आद्रा नक्षत्र का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। अशोक कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में सनातन संस्कृति की रक्षा वास्ते ऐसे कार्यक्रमों को संरक्षित करने की आवश्यकता है। उद्घाटन के मौके पर डीके मिश्रा एवं चंदन मिश्रा द्वारा वेद मंत्रोच्चार किया गया। आयोजकों ने बताया कि आज से यह मेला लगातार 6 जुलाई तक चलेगी। पुण्य दायिनी बटाने के संगम तट पर अवस्थित होने के कारण श्रद्धालु भक्त बटाने में आस्था की डुबकी लगाते हैं और माता की विशेष पूजा अर्चना करते हैं। औरंगाबाद जिला ही नहीं जिले के बाहर और बिहार प्रांत के बाहर के लोग भी आकर आद्रा मेला में सत्यचंडी माता की पूजा अर्चना करते हैं। मौके पर संजय कुमार सिंह, बृजा सिंह, सुदामा सिंह, मंटू कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, रणधीर सिंह, अवधेश कुमार सिंह, नन्हकू सिंह, अवध बिहारी सिंह, हरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, शिवरक्ष्या सिंह, लखन प्रसाद सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।